डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार अौर निर्माण

Join Telegram Channel
Search rojgaraurnirman

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 15.03.2021 से 21.03.2021 ... मूल्य 6.00

स्वतंत्रता सेनानियों के शौर्य से परिचित होंगे विद्यार्थी - मुख्यमंत्री

भोपाल, भारत माता की गरिमा, सम्मान, वैभव और जीवन मूल्यों के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपने प्राणों की आहूति दे दी, उन्हें चरितार्थ करने और अवसरों की समानता सुनिश्चित करने के लिए हम हरसंभव परिश्रम करेंगे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष और बलिदान से युवा पीढ़ी को परिचित कराने के लिए प्रतिवर्ष प्रदेश के कुछ चिह्नित विद्यार्थियों को शहीदों के तीर्थ स्थल अंडमान-निकोबार की यात्रा पर भेजा जाएगा, जिससे युवा पीढ़ी में देश प्रेम, समर्पण और बलिदान की भावना बलवती होगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आजादी के अमृत महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर शौर्य स्मारक भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 'आजादी का अमृत महोत्सव' में स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आजादी का अमृत महोत्सव आयोजित करने के लिए आभार मानते हुए कहा कि 12 मार्च को ही महात्मा गांधी द्वारा दांडी यात्रा आरंभ की गई थी। देश को आजादी अंग्रेजों ने तश्तरी में रखकर नहीं दी थी। अपितु हजारों-हजार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपने प्राणों की आहूतियां दीं, तब जाकर देश स्वतंत्र हुआ। इसमें मध्यप्रदेश के रणबांकुरों की शहादत भी सदैव स्मरणीय रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास लेखन में कई सेनानियों के नाम छूटे हैं। भूले-बिसरे इन सेनानियों को सम्मिलित करते हुए उनकी शहादत से भी आगे आने वाली पीढ़ी को परिचित कराना है। मुख्यमंत्री ने चंद्रशेखर आजाद, शहीद भगत सिंह तथा अंडमान-निकोबार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर अंग्रेजों द्वारा की गई जुल्म और ज्यादतियों के बारे में भी विस्तार से बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वाधीनता संग्राम की स्मृतियों को सहेजने और संवारने के लिए उन सभी स्थानों पर जहां विदेशी आक्रान्ताओं से संघर्ष और उन्हें देश से बाहर खदेड़ने के लिए भारतीय जन ने शौर्य प्रदर्शित किया, वहां कार्यक्रम किये जाएंगे।

सैनिकों के शौर्य की पहचान है शौर्य स्मारक

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी देश की रक्षा करने और उसकी एकता को बनाए रखने के लिए हमारी सेनाओं ने अद्‌भुत शौर्य और बलिदान का परिचय दिया है। देश में स्वतंत्रता के बाद लगभग 30 हजार सैनिक विभिन्न युद्धों और संघर्षों में शहीद हुए हैं। इन शहीदों की स्मृति में स्मारक स्थापित करने का विचार 2010 में आया, तभी से शौर्य स्मारक के निर्माण की पहल हुई।

बारिश की बौछारों को बनाया आनंद उत्सव

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शौर्य स्मारक में आजादी के अमृत महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बारिश की बौछार होने पर मंच से नीचे विद्यार्थियों के बीच उतर आए और वहीं से विद्यार्थियों को संबोधित किया। कुछ मिनट बाद बारिश थम गई, तो उन्होंने विद्यार्थियों से कहा देखो बारिश भी तुम से पराजित हो गई। श्री चौहान ने बारिश की बौछारों को आनंद उत्सव बना दिया। उनके संबोधन से विद्यार्थी भी उत्साहित हो गए।

खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि स्वतंत्र भारत की युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से अवगत कराने में आजादी के अमृत महोत्सव की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। श्री वी.डी. शर्मा ने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना।

शिक्षक पद के अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया होगी प्रारंभ

भोपाल, स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने बताया कि उच्च माध्यमिक शिक्षक और माध्यमिक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री परमार के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद के लिए 1, 3, 5, 8, 9 और 10 अप्रैल 2021 तथा माध्यमिक शिक्षक पद के लिए 15, 16, 17, 22, 23 एवं 24 अप्रैल 2021 को दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही संपन्न की जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक पद पर भर्ती के लिए प्राविधिक चयन सूची जारी की गई थी। उक्त पदों के अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही कोरोना महामारी के कारण दिनांक 4 जुलाई 2020 को स्थगित की गई थी।

प्रदेश में शांतिपूर्ण निर्वाचन है प्राथमिकता – राज्य निर्वाचन आयुक्त

भोपाल, राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन में कानून व्यवस्था के संबंध में पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी और अपर मुख्य सचिव श्री राजेश राजौरा से चर्चा की। श्री सिंह ने कहा कि मतदान के दौरान अतिसंवेदनशील और संवेदनशील मतदान केंद्रों में पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाये। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण निर्वाचन सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री सिंह ने बताया कि पंचायत निर्वाचन तीन और नगरीय निकाय निर्वाचन दो फेज़ में करवाये जायेंगे। अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों में वीडियो कैमरे भी लगवाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो जायेगी।

खास खबर

बलात धर्मान्तरण को रोकने धर्म स्वातंत्र्य कानून कारगर होगा

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लोभ, दबाव और भय के कारण होने वाले धर्मान्तरण को रोकने के लिये अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मध्यप्रदेश को धर्म स्वातंत्र्य एक्ट के रूप में सबल कानून मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून के अंतर्गत बहला-फुसलाकर बेटियों से विवाह कर फिर धर्मान्तरण कराने वाले व्यक्तियों के लिये सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। कानून के माध्यम से विशेष रूप से बेटियों के जीवन को नर्क बनने से बचाया जा सकेगा।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

मिशन नगरोदय

स्व-रोज़गार के लिए शुरू होगी मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मिशन नगरोदय के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा है कि रोटी, कपड़ा और मकान, पढ़ाई-लिखाई, दवाई और रोज़गार का इंतजाम नगरीय विकास का विजन है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सबको स्व-रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना आरंभ करने की घोषणा की। उन्होंने 3,112 करोड़ 81 लाख रुपये लागत की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं में हितलाभ वितरित किये और नगरीय अधोसंरचनाओं का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया।

नगरों के विकास के लिए खर्च होंगे 70 हजार करोड़ रुपये

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता है तो स्वास्थ्य है और स्वास्थ्य है तो आनंद है। अतः प्रदेश को स्वच्छता में देश में नंबर वन बनाने के लिए हम सबको मिलकर संकल्प लेना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब मास्क लगाकर और दूरी बनाकर कोरोना को हराने का संकल्प भी लें। श्री चौहान ने वृक्षारोपण के लिए सभी को प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में नगरों के विकास के लिए 70 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। विकास और जन-कल्याण का कार्य लगातार जारी रहेगा। सड़क, बिजली, पानी, अंडरग्राउण्ड सीवेज और हर घर में नल से जल की व्यवस्था होगी।

अधोसंरचना, पेयजल शुद्धिकरण और स्वच्छता पर तीन नए कार्यक्रम आरंभ

मुख्यमंत्री ने मिशन नगरोदय में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत करीब एक लाख 60 हजार से अधिक परिवारों को प्रथम एवं द्वितीय किस्त की राशि करीब 1602 करोड़ रुपये के वितरण की शुरुआत की। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 407 नगरीय निकायों और 5 छावनी क्षेत्रों के एक लाख हितग्राहियों को 100 करोड़ रुपये वितरित किये गये। कार्यक्रम में श्री चौहान ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिये करीब 810 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना फेस-3 के अंतर्गत अमृत योजना, स्मार्ट सिटी और निकाय मद के 500 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

रोज़गार मेलों के माध्यम से युवाओं को उपलब्ध करायें रोज़गार - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुये।

भोपाल, रोज़गार दिलवाने के लिए जिला स्तर पर संचालित अभियान में रस्म अदायगी नहीं चलेगी। युवाओं को रोज़गार दिलाना सरकार का टास्क भी है और जिम्मेदारी भी। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित रोज़गार तथा स्व-रोज़गार योजनाओं और बैंकों को सम्मिलित करते हुए जिला स्तर पर कार्य-योजना विकसित की जाये। स्किल गैप स्टडी करवाकर रोज़गार मेलों के माध्यम से प्रतिमाह प्रदेश में एक लाख युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराया जाये। इसकी व्यवस्था और समन्वय के लिए राज्य स्तर पर एजेंसी गठित करें, जिसकी प्रतिमाह मेरे द्वारा समीक्षा की जाएगी। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के द्वितीय सत्र में दिये।

कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी गई कि जनवरी, फरवरी 2021 में 301 रोज़गार मेलों का आयोजन किया गया। प्रदेश में 33 हजार 948 युवाओं को रोज़गार और 1 लाख 60 हजार 942 आवेदकों को स्व-रोज़गार से जोड़ा गया। रोज़गार और स्व-रोज़गार योजनाओं में इन्दौर, सतना, राजगढ़, विदिशा और धार का प्रदर्शन बेहतर रहा, जबकि बड़वानी, रायसेन, होशंगाबाद, रतलाम और शहडोल जिलों को परफॉर्मेंस सुधारने के निर्देश दिये गये।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

6 मार्च

भारतीय विज्ञान अनुसंधान फेलोशिप आईएसआरएफ 2021 घोषित

●विश्व स्तरीय भारतीय शोध संस्थानों और विश्वविद्यालयों में शोध कार्य करने के लिए 6 देशों के 40 छात्रों को भारतीय विज्ञान एवं अनुसंधान फेलोशिप आईएसआरएफ-2021 के लिए चुना गया है। पड़ोसी देशों के साथ सहयोग और साझेदारी बढ़ाने की भारत की पहल के अंतर्गत भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने एस एंड टी साझेदारी विकसित करने के उद्देश्य से विश्वस्तरीय भारतीय विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में शोध करने के लिए आईएसआरएफ कार्यक्रम का आरंभ अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड के शोधार्थियों के लिए किया है। कार्यक्रम का क्रियान्वयन 2015 से किया जा रहा है।

●केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय; कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया (एपीआई) के 76वें वार्षिक सम्मेलन में बोलते हुए 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान में भारतीय चिकित्सकों के योगदान की सराहना की और कहा कि कोविड महामारी ने प्रतिकूल परिस्थितियों में एक अवसर प्रदान किया और भारतीय चिकित्सा बिरादरी ने दुनिया के सामने यह साबित करने का बीड़ा उठाया कि भारत न केवल आत्मनिर्भर हो सकता है, बल्कि अन्य राष्ट्रों को भी निर्भरता प्रदान कर सकता है।

●रमन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने लाल रक्त कोशिकाओं के आकार की हाई रेजोल्यूशन माप के जरिए उन पर अल्कोहल की लंबी अवधि के असर का पता लगाने के लिए विशेष निर्देशों के अनुरूप प्लेटफॉर्म बनाया है। हाई रेजोल्यूशन प्लेटफॉर्म जो कि अल्कोहल के प्रभाव से आरबीसी के आकार में कमी दिखाता है, को विभिन्न परिस्थितियों जो रक्त में आरबीसी की संख्या और आकार में बदलाव करती हैं, के लिए प्वाइंट ऑफ केयर जांच के लिए अनुकूल बनाया जा सकता है।

7 मार्च

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने केंद्रीय रेशम बोर्ड के साथ किया एमओयू

●कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कृषि वानिकी योजना पर चल रहे उप-मिशन के तहत रेशम क्षेत्र में कृषि वानिकी के कार्यान्वयन के लिए एक अभिसरण मॉडल पर वस्त्र मंत्रालय के तहत केंद्रीय रेशम बोर्ड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का उद्देश्य किसानों को रेशम पालन आधारित कृषि वानिकी मॉडल अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया एवं मेक फॉर द वर्ल्ड दृष्टिकोण में योगदान हो।

●दिल्ली चिकित्सा संघ (डीएमए) ने चिकित्सा बिरादरी के प्रति योगदान और कोविड-19 महामारी के दौरान उत्कृष्ट सेवा व अनुकरणीय कार्यों में योगदान के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को सम्मानित किया। गौरतलब है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने न केवल भारत में पोलियो उन्मूलन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, बल्कि अतीत में डेंगू, इबोला और प्लेग जैसी महामारी के प्रकोपों को भी नियंत्रित किया है।

●उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू ने ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, फरीदाबाद के पहले स्नातक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 'लचीलेपन, अनुसंधान और पुनर्निर्माण' से भारत को कोविड-19 महामारी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई का नेतृत्व करने में सहायता मिली है। उन्होंने महामारी के चलते पैदा हुई चुनौतियों का तकनीकी समाधान खोजने के लिए भारतीय शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के अथक प्रयास और उनकी प्रतिभा की सराहना भी की।

8 मार्च

सीआईएससीई ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा तारीखों में किया बदलाव

●काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने

आईसीएसई (10वीं) तथा आईएससी (12वीं) कक्षा के कुछ विषयों की परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया है। सीआईएससीई ने परीक्षा का संशोधित टाइम टेबल आधिकारिक वेबसाइट cisce.org पर जारी किया है। सीआईएससीई के मुख्य कार्यपालक और सचिव गेरी अराथून ने बताया कि कक्षा दसवीं की परीक्षाएं चार मई से सात जून के बीच होंगी, जबकि बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं 8 अप्रैल से 18 जून तक आयोजित की जायेंगी। इन परीक्षाओं के परिणाम जुलाई माह में जारी किये जायेंगे।

●सोशल मैसेंजिंग एप वॉट्सएप अपने यूजर्स के डाटा को सुरक्षा प्रदान करने जा रहा है। वॉट्सएप यूजर्स के चैट बैकअप को सुरक्षित बनाने के लिये नया फीचर लाने जा रहा है। इस फीचर के जरिये चैट बैकअप को पासवर्ड से सुरक्षित किया जा सकेगा। यह पासवर्ड यूजर्स को ही तैयार करना होगा। यह फीचर एंड्रायड और आईओएस यूजर्स को ही मिलेगा। पासवर्ड को भूलने पर वॉट्सएप रिकवरी में कोई मदद नहीं देगा। उल्लेखनीय है कि वॉट्सएप की चैट का बैकअप क्लाउड पर सेव होता है और इनक्रिप्टेड मोड में होता है।

●अमेरिकी सरकार अफगानिस्तान में अफगान सरकार तथा तालिबान के बीच चल रही शांति वार्ता में भारत की अहमियत बढ़ाने के पक्ष में है। अमेरिकी विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी को लिखे पत्र में शांति स्थापना के लिये भारत, पाकिस्तान, ईरान, चीन और रूस सहित छह देशों के विदेश मंत्रियों की अलग से बैठक बुलाने का प्रस्ताव दिया है। उल्लेखनीय है कि भारत अभी अफगान सरकार तालिबान के बीच शांति वार्ता में शामिल नहीं है।

9 मार्च

केंद्र सरकार ने ओसीआई कार्डधारकों के अधिकार किये सीमित

●केंद्र सरकार ने ओवरसीज सिटीजंस ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों को लेकर अधिकार सीमित कर दिये हैं। अब ओवरसीज सिटीजंस को भारत में धर्म, वित्त, अध्ययन और शोध जैसे कार्य की छूट नहीं होगी। ओसीआई कार्डधारक को देश में आर्थिक, वित्तीय और शिक्षा के क्षेत्र में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) में अधिकार विदेशी नागरिकों जैसे मिलेंगे। अभी तक ओवरसीज सिटीजंस को एनआरआई के समान अधिकार प्राप्त थे। ये बदलाव नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत किये गये हैं। अब ओवरसीज सिटीजंस को कई कार्यों के लिये गृह मंत्रालय से अनुमति लेनी होगी। उल्लेखनीय है भारत में वर्ष 2020 तक लगभग 60 लाख लोगों को ओसीआई कार्ड जारी हो चुके हैं।

●विश्व के सबसे व्यस्ततम और आधुनिक हवाईअड्डों में से एक दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अब यात्रियों को पासपोर्ट, पहचान पत्र और बोर्डिंग पास दिखाना जरूरी नहीं होगा। दुबई एयरपोर्ट पर यात्रियों की पहचान के लिये आइरिस स्कैनर लगाए गये हैं। इस स्कैनर के जरिये यात्री की बायोमैट्रिक पहचान होती है, साथ ही यात्री कुछ ही सेकेंड में पासपोर्ट कंट्रोल के काम से मुक्त हो जाता है। इस स्कैनर का उपयोग कोरोनाकाल में लोगों के संपर्क को कम करने तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल को बढ़ाने के लिये होता है। इस प्रक्रिया के तहत चेक इन से लेकर बोर्डिंग तक का काम एक साथ हो जाता है।

●केंद्र सरकार ने 50 करोड़ रुपये से अधिक कारोबार वाली कंपनियों के लिये एक अप्रैल 2021 से बीटूबी (बिजनेस टू बिजनेस) लेनदेन के लिये ई-इनवॉइस अनिवार्य कर दिया है। इससे पहले सरकार ने जीएसटी कानून के तहत 500 करोड़ रुपये से अधिक कारोबार वाली कंपनियों के लिये एक अक्टूबर 2020 तथा 100 करोड़ रुपये से अधिक कारोबार वाली कंपनियों के लिये एक जनवरी 2021 से ई-इनवॉइस अनिवार्य किया था।

10 मार्च

अमेरिका से 30 सशस्त्र ड्रोन खरीदेगा भारत

●भारत अपनी सैन्य क्षमताओं में वृद्धि करने के लिये अमेरिका से 30 सशस्त्र ड्रोन की खरीदी का बड़ा समझौता करने की योजना बना रहा है। इस योजना के तहत सेना के तीनों अंगों के लिये 10-10 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की खरीदी की जायेगी। यह समझौता लगभग 22 हजार करोड़ रुपये लागत का होगा। इन सशस्त्र ड्रोनों की खरीद पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) की बैठक में मुहर लगाई जा सकती है। इस सौदे को अंतिम रूप देने के लिये अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भारत का दौरा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि एमक्यू-9 ड्रोन लगातार 48 घंटे उड़ान भरने में सक्षम होते हैं। इस ड्रोन की रेंज छह हजार नॉटिकल मील से ज्यादा है।

●अमेरिका की बड़ी तकनीकी कंपनी एपल ने भारत में अपने लेटेस्ट स्मार्ट फोन आईफोन-12 का निर्माण शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि यह विश्व के दूसरे सबसे बड़े स्मार्ट फोन बाजार में मैन्युफैक्चरिंग बेस बढ़ाने की उसकी रणनीति का हिस्सा है। ताइवान की कांट्रेक्ट मैन्युफेक्चरिंग कंपनी फॉक्सकॉन की भारतीय यूनिट ने तमिलनाडु स्थित प्लांट में आईफोन-12 का निर्माण शुरू किया है।

11 मार्च

चीन सीमा पर तैनात होंगे रफाल लड़ाकू विमान

●फ्रांस से खरीदे जा रहे रफाल लड़ाकू विमान के दूसरे स्क्वॉड्रन की तैनाती पश्चिम बंगाल के हाशिमारा एयरबेस पर की जायेगी। यह स्क्वाड्रन अप्रैल 2021 के मध्य तक तैयार हो जायेगा। हाशिमारा एयर बेस भारत, चीन और भूटान सीमा पर ट्राइजंक्शन के पास है। हाशिमारा एयर बेस डोकलाम के बेहद नजदीक है। हाशिमारा में रफाल विमान की स्क्वॉड्रन (101 स्क्वॉड्रन) को 'फालकन्स' नाम दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि रफाल लड़ाकू विमान की पहली स्क्वॉड्रन अंबाला एयरबेस पर तैनात की गई है। इस स्क्वॉड्रन में अभी 11 विमान तैनात हैं। जल्द ही भारत को 17 और रफाल विमानों की आपूर्ति होने वाली है। हाशिमारा एयर बेस पर रफाल की तैनाती चीन की ओर से होने वाले किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिये की गई है।

●यूरोपीय संघ (ईयू) के दवा नियामक ने जॉनसन एंड जॉनसन की सिंगल डोज कोरोना वैक्सीन को मंजूरी प्रदान की है। यह वैक्सीन 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को दी जायेगी। यह विश्व की पहली सिंगल डोज वैक्सीन है, जिसकी एक ही खुराक से कोरना संक्रमण से बचा जा सकेगा। फाइजर-बायोएनटेक, एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और मॉडर्ना के बाद जॉनसन एंड जॉनसन चौथी कंपनी है, जिसकी वैक्सीन को यूरोपीय देशों में इस्तेमाल की मंजूरी मिली है।

●केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने राष्ट्रीय अभिलेखागार में विभिन्न अभिलेखों के 4.5 करोड़ पन्नों के डिजिटलीकरण और महात्मा गांधी एवं उनके असहयोग आंदोलन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय अभिलेखागार ने विभिन्न प्रकार के अभिलेखों को डिजिटल बनाने का काम किया है। राष्ट्रीय अभिलेखागार के पास वर्तमान में 18 करोड़ से अधिक पन्नों के अभिलेखों का संग्रह है।

12 मार्च

एक अगस्त को आयोजित की जायेगी नीट परीक्षा

●एमबीबीएस सहित मेडिकल के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिये होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का आयोजन एक अगस्त, 2021 को किया जायेगा। यह परीक्षा अंग्रेजी और हिन्दी सहित कुल 11 भाषाओं में आयोजित होगी। नीट परीक्षा के संबंध में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नोटिफिकेशन जारी किया है। एनटीए ने कहा कि नीट परीक्षा एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएसएमएस, बीयूएमएस और बीएचएमएस पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिये आयोजित की जायेगी। परीक्षा तिथि जारी होने के कुछ दिन बाद ही ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।

●भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव को कम करने के लिये दोनों देशों के बीच वार्ता का दौर जारी है। वार्ता की कड़ी में दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के बीच वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कॉर्डिनेशन ऑन इंडो-चाइना बॉर्डर अफेयर्स के तहत बैठक हुई। बैठक में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया की समीक्षा की गई।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

Renuka Institute of Management
(Approved by Higher Education MP and Affiliated by DAVV Indore)
Infront of Agrawal Colony, Niwali Road,Sendhwa, Distt-Barwani (MP)
Email-rimssendhwa@gmail.com
Contact-9575607935,9424002202, 9826708772

URGENT REQUIRED

We are looking for the Teaching and Non-Teaching staff in our institute for the following disciplines and Subjects. Eligible Candidates can apply (By Email Only) within **10 days** along with their relevant documents.

Administrative Staff:- Principal -01, Administrative Officer-01, Counselling In-charge-03, Office Supdt.-01

Teaching Staff:-

Discipline	Subject	Post	Minimum Eligibility
Management	Marketing	01	MBA (Marketing)
	HR	01	MBA (HR)
	Finance	01	MBA (Finance)
Arts	Hindi Literature	01	M.A. in their respective subject with Minimum 55% marks + UGC Norms
	Sociology	01	
	Economics	01	
	Political Science	01	
	English	01	
Commerce	Commerce	03	M.Com. with Minimum 55% marks + UGC Norms
Science	Botany	01	M.Sc. in their respective subject with Minimum 55% marks + UGC Norms
	Zoology	01	
	Chemistry	01	
Computer	Computer Application	03	M.Sc./ MCA in their respective subject with Minimum 55% marks + UGC Norms
Home Science	Home Science	02	Master Degree in their respective subject with Minimum 55% marks + UGC Norms
Librarian	Librarian	01	Master Degree in their respective subject with Minimum 55% marks + UGC Norms
Sports	Sports Officer	02	Master Degree in their respective subject with Minimum 55% marks + UGC Norms

Note:- PG/M.Phil. Qualified Students also may apply.

Office Staff:- Computer Operators-02, Office Assistants-02, Accountant-01 (Candidate with Tally Software knowledge will be prefer)

Salary :- As per UGC Norms/ Experience/ Additional Qualification.

Courses Offered :-
B.Com (Computer/Plain) -60+60=120 # B.A.(Computer/Plain)-60+60=120 # B.Sc.(Bio)-60 # B.Sc. (CS)-60 # B.Sc.Seed Tech-60 # B.H.Sc.-60 # BBA-60 # PGDCA -60

Send Your Resumes/CV Only on Institute Email ID
rimssendhwa@gmail.com

Secretary

Note :-Interviews will be held online by Zoom/Google meet App.

R-45364/2021

वर्ष 38, अंक 11 15.03.2021 से 21.03.2021

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स -4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिये अनेक उपहार

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यह रस्म अदायगी नहीं है, नारी उत्थान मेरी जिन्दगी का मिशन है। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भोपाल स्थित लाल परेड ग्राउंड पर महिला सशक्तिकरण पर आयोजित कार्यक्रम 'नारी तू नारायणी' में कही। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई काम ऐसा नहीं है, जो नारी न कर सके। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर महिलाओं, विशेष रूप से महिला स्व-सहायता समूह के लिये सौगातों की झड़ी लगा दी। मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर सभी महिलाओं का अभिवादन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्व-सहायता समूहों के खातों में 200 करोड़ रुपये डाले गये हैं। अब हर माह इनके खाते में 150 करोड़ रुपये डाले जाते रहेंगे। उन्होंने स्व-सहायता समूहों की प्रशंसा करते हुये कहा कि समूह ऋण का एक-एक रुपया बैंकों को वापस चुकाते हैं। अब स्व-सहायता समूहों को 4 प्रतिशत ब्याज की जगह 2 प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया जायेगा। बाकी ब्याज सरकार वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के मान-सम्मान बढ़ाने के प्रयास होंगे। कक्षा 9वीं, 10वीं और 11वीं के बच्चों के लिये उमंग कार्यक्रम लागू होगा। इसमें लड़कों को लड़कियों के प्रति इज्ज़त देने के संस्कार दिये जायेंगे। पुरुष प्रधान मानसिकता को बदलने के लिये प्रेरित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में 38 लाख लाड़ली लक्ष्मी हैं। आईआईटी, आईआईएम, डॉक्टरी, इंजीनियरिंग सहित देश-विदेश में इनकी उच्च शिक्षा की फीस सरकार वहन करेगी। 100 करोड़ रुपये की लागत से नारी सम्मान कोष स्थापित होगा। छात्रों की कॅरियर काउंसलिंग होगी। मध्यप्रदेश में घर की महिला सदस्यों के नाम रजिस्ट्रेशन कराने पर 2 प्रतिशत की छूट मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन में पति के साथ पत्नी का नाम जोड़ना जरूरी होगा। आवास योजनाओं में पति-पत्नी दोनों का नाम होगा, चाबी संयुक्त रूप से दी जायेगी। प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों और मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में बूमेन हेल्प डेस्क अलग से खोली जायेगी। संविदाकर्मी महिलाओं को अब 180 दिन का प्रसूति अवकाश मिलेगा। संबल योजना की लाभार्थी महिलाओं को 2 बच्चों के जन्म पर प्रसव से पहले 4 हजार रुपये और जन्म के बाद 12 हजार रुपये दिये जायेंगे ताकि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। श्री चौहान ने कहा कि ऐसे गांवों के विकास के लिये दो लाख रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी, जहां बेटे और बेटी की संख्या 3 वर्ष बराबर रहती है। सभी जिलों में महिला थाना सुनिश्चित किये जायेंगे। प्रदेश के 1600 स्वास्थ्य केंद्र आधुनिक केंद्र बनेंगे। प्रसूति सुविधाओं का विस्तार होगा। नगरीय निकायों में कार्यरत अस्थायी महिला सफाईकर्मियों को भी सप्ताह में 1 दिन का अवकाश मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले 3 सालों में हर गांव के हर घर में नल-जल मिलेगा। इस साल बजट में 6 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया जाकर 26 लाख घरों में नल-जल देने का लक्ष्य है। केंद्र सरकार से भी इस कार्य के लिये राशि मिलेगी। 3 वर्ष में 1 करोड़ 3 लाख घरों में नल-जल सुविधा पहुंचाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गेहूं और अन्य फसलों की खरीदी भी अब महिला स्व-सहायता समूह करेंगे, जिसमें उनको कमीशन मिलेगा। उन्होंने कहा कि मध्याह्न भोजन में प्रयुक्त तेल, मसाले आदि की खरीदी भी महिला स्व-सहायता समूह से की जायेगी। अभियान चलाकर प्रदेश को नशा मुक्त बनाया जायेगा। इसमें महिला स्व-सहायता समूहों की सशक्त भागीदारी होगी। पूर्ण रूप से नशामुक्त पंचायतों को पुरस्कृत करने के साथ अलग से विकास के लिये राशि भी दी जायेगी। मध्यप्रदेश सरकार महिला कल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। महिलाओं की बेहतरी के लिये उठाये जा रहे ये कदम आने वाले दिनों में महिलाओं के लिये कारगर साबित होंगे।

जंक फूड से बढ़ सकता है तनाव

यह देखने में आया है कि लोग जब परेशान होते हैं या तनाव में होते हैं, तब उनकी भूख गायब हो जाती है। लेकिन यह भी एक तथ्य है कि जरूरी नहीं कि सबके साथ ऐसा ही हो। अभी हाल ही में हुये एक अध्ययन में यह देखा गया कि चिंता की स्थिति में लोगों को और ज्यादा भूख महसूस होती है। इस अवधि में देखा गया कि लोगों में खासकर जंक फूड खाने की तलब और बढ़ जाती है। हाल ही में हुये अध्ययन में यह पाया गया है कि जिंदगी में तनाव महसूस करने की स्थिति में लोगों की स्नैक्स और फूड खाने की क्रेविंग भी बढ़ी। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने 137 वयस्कों पर अध्ययन किया। इस दौरान एक सप्ताह तक उन्होंने प्रतिभागियों की खान-पान संबंधी आदतों, तनाव की भावनाओं और खाने की तलब का सर्वे किया। इसमें पाया गया कि जिस दिन उन्हें अधिक तनाव दिया गया उस दिन प्रतिभागियों को अधिक खाने की तलब हुई। इन प्रतिभागियों को सिर्फ तलब ही नहीं हुई, बल्कि उन्होंने खाना और जंक फूड दोनों का ही अधिक सेवन भी किया। उल्लेखनीय है यह अध्ययन पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय के खेल अभ्यास और स्वास्थ्य शोधकर्ता शाईना लियो और उनके सहयोगियों ने मिलकर आयोजित किया। टीम ने लिखा कि तनाव चिंता और तनाव की भावना आहार संबंधी व्यवहार को बदल सकती हैं। अध्ययन के दौरान पाया गया कि तनाव खाने के प्रकार को भी प्रभावित करता है, जिसका कोई व्यक्ति सेवन करता है। तनावग्रस्त और इमोशनल ईटर दोनों ही तनाव की स्थिति में ऐसे खाने और पेय पदार्थों की मांग करते हैं, जिसमें चीनी और ट्रांस वसा की मात्रा उच्चतम स्तर की होती है। दरअसल इमोशनल ईटर वो होते हैं, जो चिंता और अवसाद की स्थिति में नकारात्मक भावनाओं को दूर करने के लिये अत्यधिक आहार का सेवन करते हैं और आहार पर निर्भर होने लगते हैं।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व वानिकी दिवस 21 मार्च

वनों के संरक्षण में ही सुरक्षित है हमारा जीवन

हम सभी बचपन से यह अपने स्कूल की किताबों में पढ़कर आए हैं कि पेड़ों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है और उसी ऑक्सीजन से हम जीवित रहते हैं, पेड़ों का हमारे जीवन में आर्थिक महत्व है, वे हमें कई तरह के वनोपज और औषधियां प्रदान करते हैं। पेड़-पौधों की हरियाली और फूलों को देखकर हमें मानसिक शांति मिलती है और मन प्रसन्न रहता है। इन सब बातों को जानने के बावजूद अपने निजी स्वार्थों के लिए जिस तरह से मानव जाति ने वनों का दोहन किया है और दूरदर्शिता को न सोचते हुए सिर्फ ज़मीन और लकड़ी के लिए वनों का विनाश किया है। उसे रोकने और एक बार फिर मनुष्य को यह याद दिलाने की उसके जीवन में वनों का क्या महत्व है यह बताने के लिए और जन-जागरूकता फैलाने के लिए प्रति वर्ष 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'विश्व वानिकी दिवस' अर्थात् World Forestry Day मनाया जाता है। जंगलों को बचाए रखने के लिए वर्ष 1971 में यूरोपीय कृषि संगठन की 23वीं आम बैठक में 21 मार्च को प्रति वर्ष 'विश्व वानिकी दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। विश्व वानिकी दिवस पहली बार वर्ष 1971 ई. में इस उद्देश्य से मनाया गया था कि दुनिया के तमाम देश अपनी मातृभूमि की मिट्टी और वन-सम्पदा का महत्व समझे तथा अपने-अपने देश के वनों और जंगलों का संरक्षण करें। संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन ने भी पेड़ों के महत्व के विषय में जन-जागरूकता फैलाने के लिए 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'विश्व वानिकी दिवस' मनाने पर अपनी सहमति दी, तभी से 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'विश्व वानिकी दिवस' मनाने की शुरुआत हुई। विशेषज्ञ मानते हैं कि जंगल यानी वृक्षों के विशाल समूह में जान होती है, इसमें विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु, पेड़-पौधे, कीट-पतंगे एक-दूसरे पर निर्भर रहकर अपना जीवन-यापन करते हैं।

जंगलों का कटाव यानी हमारा अस्तित्व खतरे में

पिछले कुछ दशकों में जिस तरह से मनुष्य ने अपने लालच की पूर्ति के लिए जंगलों को क्षति पहुंचाई है, उससे जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वॉर्मिंग, ग्लेशियर का पिघलना जैसी गंभीर समस्याएं शुरू हुई हैं। अगर इन्हें यहीं नहीं रोका गया तो मनुष्य को इसके गंभीर परिणामों को भुगतना पड़ेगा। वर्तमान समय में वायुमंडल से कार्बन डाईऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, सीएफसी जैसी जहरीली गैसों को सोखकर धरती पर रह रहे प्राणियों को जीवित रहने के लिए आवश्यक प्राणवायु 'ऑक्सीजन' देने वाले जंगल आज खुद अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन मनुष्य इस बात को नहीं समझ पा रहा है कि अगर वृक्षों का अस्तित्व संकट में होगा तो मनुष्य अपना स्वयं का अस्तित्व कैसे बचाएगा।

विश्व वन्य दिवस 2021 की थीम 'Forest restoration : a path to recovery and well-being'

प्रति वर्ष विश्व वानिकी दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष इसकी थीम Forest restoration: a path to recovery and well-being है अर्थात् वनों की पुनर्स्थापना : हित और स्थिति में सुधार की राह को अपनाना है। इसलिए इस वर्ष पूरी दुनिया में पेड़ों को लगाना, आर्ट एग्जीबिशन, फोटो कॉम्प्टीशन, भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। सोशल मीडिया पर #IntlForestDay

हैश टैग के साथ इस वर्ष के लिए कोई मैसेज या जंगलों की फेवरेट फोटो अपने फ्रेंड्स के साथ शेयर करें। वनों से मनुष्य को स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण और मौसम की स्थिति, वनों से मिलने वाले रोज़गार आदि का फायदा होता है। इस वर्ष की थीम इन प्रमुख विंदुओं से समझ सकते हैं :

1. स्वस्थ वनों का अर्थ है स्वस्थ लोग।
2. वनों से मिलने वाला खाद्य स्वस्थ आहार देता है।
3. वनों की पुनर्स्थापना से पर्यावरण में सुधार आता है।
4. वनों के सतत् विकास से वनों पर आधारित लाखों हरित रोज़गार पैदा हो सकते हैं।
5. बड़े पैमाने पर बंजर हो चुकी भूमि को दोबारा हरित करना है।
6. हर हरे पेड़ को गिनना आवश्यक है।
7. वनों का निरंतर उपयोग करने के लिए लोगों को संलग्न करना और उन्हें सशक्त बनाना सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
8. हम अपने ग्रह, स्वास्थ्य और आर्थिक संकट से उबर सकते हैं। आइए इस दशक में फिर से वसुंधरा को फिर से बेहतर बनाने के लिए प्रयास करें।

वैदिक संस्कृति में वृक्षों का महत्व

भारतीय संस्कृति में वनों को पूजनीय माना गया है पीपल, नीम, बरगद, आम, अशोक , आंवला जैसे विशाल हवादार वृक्षों का जिक्र वैदिककाल में भी मिलता है। भारतीय संस्कृति में वृक्ष मानव के लिए स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रमुख घटक के रूप में माने जाते हैं। आयुर्वेद में इनकी विशेषता का उल्लेख मिलता है और इन पौधों के गुण-धर्म के आधार पर इनका औषधि रूप में एवं पर्यावरण के लिए उपयोग किया जाता है। वनस्पतियों का यही गुण-धर्म एवं उनका सदुपयोगिता उन्हें देवत्व का स्थान प्रदान करती है। वृक्षों को देवता के समान मानकर उनकी उपासना, अभ्यर्थना की परम्पराएं हमारी धरोहर रही हैं। वेदों में वृक्षों को पृथ्वी की संतति कहकर इन्हें अत्यधिक महत्व एवं सम्मान प्रदान किया गया है - सबसे प्राचीन ग्रन्थ ऋग्वेद की एक ऋचा में कहा गया है -

हमारी पृथ्वी वृक्ष से उत्पन्न हुई है। यह भी माना गया है कि ब्रह्मा ने जल में बीज बोया और वनस्पति उपजी ये मान्यताएं सृष्टि में वृक्षों के प्रथम आगमन की सूचनाएं ही नहीं देती, बल्कि इन्हें आदि शक्ति से भी जोड़ती हैं।

गीता में श्रीकृष्ण स्वयं कहते हैं कि 'अहं क्रतुरहं यज्ञः स्वाधाहमहमौषधम् (9/16) अर्थात् मैं ही औषधि हूं तथा वृक्षों में अश्वत्थ (पीपल) हूँ - अश्वत्थः सर्ववृक्षाणां (10/26)। वृहदारण्यक उपनिषद् (3/9/28) में वृक्ष का दृष्टांत देकर पुरुष का वर्णन किया गया है, क्योंकि पुरुष का स्वरूप वृक्ष के समान है। दोनों में पर्याप्त समानताएं हैं।

आयुर्वेदाचार्यों की दृष्टि में देखें तो विश्व में ऐसी कोई वनस्पति नहीं, जो औषधि के गुणों से युक्त न हो। यहां पर वृक्षों को देवतुल्य मानकर इन्हें व्यर्थ रूप से काटने पर नैतिक प्रतिबन्ध लगाया गया है। वाराह पुराण में उल्लेख किया गया है कि जो पीपल, नीम या वरगद का एक, अनार या नारंगी के दो, आम के पांच एवं लताओं के दस वृक्ष लगाता है वह कभी भी नारकीय पीड़ा को नहीं भोगता है और न ही नरक-यात्रा करता है।

अश्वत्थमेकं पिचुमन्दमेकं न्यग्रोधमेकं दशपुष्पजातीः। द्वे द्वे तथा दाऽममातुलंगे पंचाम्ररोपी नरकं न याति।

महाभारत में वृक्षों को देवताओं के समान माना गया है और इसका पूजन सामग्री के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। महाभारत के एक पर्व में कहा गया है कि पर्ण और फलों से समन्वित कोई भी सुन्दर वृक्ष इतना सजीव एवं जीवंत हो उठता है कि वह पूजनीय हो जाता है -

एको वृक्षो हि यो ग्रामे भवेत् पर्णफलान्वितः। चैत्यो भवति निर्ज्ञातिरर्चनीयः सुपूजितः।। (आ. 151/33)

समुद्र मंथन से वृक्ष जाति के प्रतिनिधि के रूप में कल्पवृक्ष का उद्भव होना एवं देवताओं द्वारा उसे अपने संरक्षण में लेना वृक्षों की महत्ता को अवगत कराते हैं।

पृथ्वी सुक्त में लिखा है कि वन तथा वृक्ष वर्षा लाते हैं, मिट्टी को बहाने से बचाते हैं साथ ही बाढ़ तथा सूखे को रोकते हैं तथा दूषित गैसों को स्वयं पी जाते हैं।

भारत में वन महोत्सव की शुरुआत

भारत में वन महोत्सव जुलाई 1950 से ही मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत तत्कालीन गृहमंत्री, स्वाधीनता सैनानी और साहित्यकार कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने की थी।

कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने कहा था कि, वृक्ष ही जल हैं, जल रोटी हैं और रोटी ही जीवन है। वनों के प्रति अपनी संवेदनशीलता को प्रकट करने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से वन महोत्सव की शुरुआत की गई। जुलाई महीने के प्रथम सप्ताह यानी 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव पूरे देश में मनाया जाता है। इस समय इसे मनाने का उद्देश्य यह है कि इस समय बारिश का आरंभ हो जाता है और इसलिए इस समय थोड़े प्रयास से लगाए गए वृक्ष पूर्ण आकार ले लेते हैं। भारत में वनों की रक्षा के लिए लोगों में शुरुआत से ही जागरूकता देखने को मिली है। इसका उदाहरण चिपको आंदोलन है। 1970 में पेड़ों को काटे जाने के विरोध लोगों ने बड़ी संख्या में इस आंदोलन में भाग लिया था। आंदोलन के दौरान लोग पेड़ों से चिपक जाते थे ताकि लोग उन्हें काट न सकें। इसकी गूंज न केवल भारत बल्कि संपूर्ण विश्व में फैली।

जन्म से लेकर मृत्यु तक है वनों का हमसे नाता

वनों से प्राप्त लकड़ी हमारे शैशव के पालने (झूले) से लेकर महाप्रयाण की यात्रा यानी मत्यु तक की साथी है। अन्य वनोपज भी हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वन पर्यावरण, लोगों और जंतुओं को कई प्रकार के लाभ पहुंचाते हैं। वन कई प्रकार के उत्पाद प्रदान करते हैं जैसे प्लाईवुड, ईंधन या फिर चारकोल एवं कागज के लिए लकड़ी, रबर, फल, सुपारी और मसाले भी वनों से एकत्र किए जाते हैं। कर्पूर, सिनचोना जैसे कई औषधीय पौधे भी वनों में ही पाये जाते हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती हैं और इस प्रकार वह भारी बारिश के दिनों में मृदा का अपरदन और बाढ़ भी रोकती हैं। वनस्पति स्थानीय और वैश्विक जलवायु को प्रभावित करती है। पेड़ पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं और जंगली जंतुओं को आश्रय प्रदान करते हैं।

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

रोज़गार अधिसूचना सं. 03/2020 दिनांक: 24.02.2021

एनएमडीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

"खनिज भवन", 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद–500 028

CIN : L13100TG1958GOI001674

गेट – 2021 के माध्यम से एग्जीक्यूटिव ट्रेनी की भर्ती

एनएमडीसी लि., इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और बहु–स्थानिक, बहु–उत्पाद एवं बड़े कारोबार के साथ निरंतर लाभ अर्जित करने वाला खनन एवं खनिज अन्वेषण संगठन है। एनएमडीसी भारत और विदेश दोनों में व्यापक विस्तार एवं विविधीकरण क्रियाकलापों की प्रक्रिया में है। एनएमडीसी छत्तीसगढ़ राज्य में जगदलपुर के नजदीक नगरनार में 3.0 एमटीपीए एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित कर रहा है। एनएमडीसी अब गेट–2021 के माध्यम से निम्नलिखित शाखाओं में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पद को भरने के लिए योग्य एवं इच्छुक, होनहार, समर्पित ऊर्जावान युवा ग्रेजुएट इंजीनियरों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

क्र.सं.	शाखा	पदों की सं.
1.	इलेक्ट्रिकल	10
2.	सामग्री प्रबंधन	25
3.	मैकेनिकल	14
4.	माइनिंग	18

2.0 योग्यता:

i) इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री। समूह चर्चा (जीडी) एवं साक्षात्कार के समय योग्यता को पूरा करने के रूप में अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के अधीन अंतिम वर्ष/सेमेस्टर के छात्र भी आवेदन करने के योग्य हैं और ऐसा नहीं करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। नीचे दिये गये अनुसार शाखाओं के लिए निर्धारित डिग्री धारण करने वाले उम्मीदवार ही संबंधित शाखा में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

विज्ञापित शाखा	इंजीनियरिंग में निर्धारित पूर्णकालिक डिग्री
इलेक्ट्रिकल	1. इलेक्ट्रिकल 2. इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स 3. पावर सिस्टम्स एंड हाई वोल्टेज इंजीनियरिंग 4. पावर इलेक्ट्रॉनिक्स
मैकेनिकल	1. मैकेनिकल 2. मैकेनिकल एंड ऑटोमेशन 3. इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग 4. मैकेनिकल प्रोडक्शन 5. प्रोडक्शन इंजीनियरिंग 6. माइनिंग मशीनरी
माइनिंग	1. माइनिंग इंजीनियरिंग
मैटेरियल मैनेजमेंट	1. इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल/माइनिंग

ii) सभी योग्यताएं यूजीसी मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/यूजीसी मान्यताप्राप्त भारतीय मानद विश्वविद्यालय या स्वायत्त भारतीय संस्थानों/संबंधित सांविधिक परिषद (जहां भी लागू हो) से एआईसीटीई अनुमोदित कोर्स के रूप में होनी चाहिए।

iii) संबंधित विषय में इंजीनियरिंग में 05 वर्ष बी.ई./बी.टेक. + एमई/एम टेक इंटीग्रेटेड दोहरी डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों पर भी विचार किया जाएगा।

iv) उपरोक्त डिग्री में न्यूनतम अंकों का प्रतिशत अनारक्षित (यूआर) तथा ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के लिए औसत 60 प्रतिशत अंक होगा।

v) एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी श्रेणी से संबंध रखने वाले उम्मीदवारों के लिए अपनी संबंधित डिग्री में न्यूनतम अंकों का प्रतिशत 50 प्रतिशत होगा।

vi) एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी श्रेणी से संबंध रखने वाले विभागीय उम्मीदवारों के लिए अपनी संबंधित डिग्री में न्यूनतम अंकों का प्रतिशत 45 प्रतिशत होगा।

vii) अनारक्षित श्रेणी एवं ओबीसी से संबंध रखने वाले विभागीय उम्मीदवारों के लिए अपनी संबंधित डिग्री में न्यूनतम अंकों का प्रतिशत 55 प्रतिशत होगा।

viii) ऐसे उम्मीदवार जो वर्तमान में अपनी इंजीनियरिंग डिग्री (या दोहरी डिग्री) के अंतिम वर्ष (2020–21) में हैं और यूआर/ओबीसी (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित हैं, को न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक हासिल करना अनिवार्य हैं और एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी से संबंधित उम्मीदवारों को आवेदन के समय अंतिम सेमेस्टर/वर्ष तक औसत न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

3.0 आयु सीमा:

प्वाइंट नं. 6(ख) में वर्णित अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को ऊपरी आयु सीमा 27 वर्ष है। 27 वर्ष की अधिकतम आयु पर ऊपरी आयु सीमा में एसटी/एससी के लिए 5 वर्ष तक और ओबीसी (नॉन–क्रीमी लेयर) के लिए 3 वर्ष तक की छूट है तथा पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिकों के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार है। विभागीय उम्मीदवारों (एनएमडीसी) के लिए आयु सीमा में 10 वर्षों तक की छूट होगी।

4.0 उम्मीदवारों को नीचे दिये गये विवरण के अनुसार गेट–2021 पेपर में शामिल होना होगा:

एनएमडीसी द्वारा विज्ञापित अनुसार इंजीनियरिंग विषय	एनएमडीसी विषय के अंतर्गत समकक्ष माने जाने वाले इंजीनियरिंग विषय/शाखा	संगत गेट–2021 पेपर	संगत गेट–2021 पेपर कोड
इलेक्ट्रिकल	1. इलेक्ट्रिकल 2. इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स 3. पावर सिस्टम्स एंड हाई वोल्टेज इंजीनियरिंग 4. पावर इलेक्ट्रॉनिक्स	इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग	ईई
मैकेनिकल	1. मैकेनिकल 2. मैकेनिकल एंड ऑटोमेशन 3. इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग 4. मैकेनिकल प्रोडक्शन 5. प्रोडक्शन इंजीनियरिंग 6. माइनिंग मशीनरी	मैकेनिकल इंजीनियरिंग	एमई
माइनिंग	1. माइनिंग इंजीनियरिंग	माइनिंग इंजीनियरिंग	एमएन
मैटेरियल मैनेजमेंट	इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल/माइनिंग	इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग मैकेनिकल इंजीनियरिंग माइनिंग इंजीनियरिंग	ईई/एमई/एमएन

* सामग्री प्रबंधन विभाग के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को उपरोक्त तालिका (4.0) में निर्धारित अनुसार किसी भी विषय में गेट–2021 पेपर में शामिल होना होगा।

5.0 पदों की संख्या एवं आरक्षण:

प्रत्येक शाखा में श्रेणी–वार अनुमानित रिक्तियां निम्नानुसार हैं:

शाखा	रिक्तियां						पीडब्ल्यूबीडी के लिए चिन्हित दिव्यांगता का प्रकार
	कुल	अना	ओबीसी (एनसीएल)	एससी	एसटी	ई डब्ल्यू एस	
इलेक्ट्रिकल	10	06	02	01	.	01	1. गूंगे एवं बहरे 2. चलन दिव्यांगता (*ओए, ओएल) साध्य कुष्ठ रोग, बौनापन एवं एसिड अटैक पीड़ित सहित 3. 1 एवं 2 का संयोजन
सामग्री प्रबंधन	25	10	07	04	02	02	
मैकेनिकल	14	06	04	02	01	01	
माइनिंग	18	08	05	02	01	02	——
कुल	67	30	18	9	4	6	

* ओए–एक भुजा, ओएल–एक पैर

** इलेक्ट्रिकल, सामग्री प्रबंधन एवं मैकेनिकल शाखाओं में होरिजोन्टल आधार पर तीन पद बैंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित हैं।

6.0 आवेदन कैसे करें:

आवेदन केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से स्वीकार किये जाएंगे। उम्मीदवार को केवल ऑनलाइन आवेदन करना है।

क्र.सं.	ऑनलाइन प्रक्रिया
क	गेट–2021 पर विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार http://gate.iitb.ac.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ख	उम्मीदवार जिन्होंने ऑनलाइन गेट–2021 के लिए आवेदन किया है, वे अपने प्रवेश पत्र पर मुद्रित अपनी गेट–2021 पंजीकरण संख्या प्राप्त करेंगे। गेट पंजीकरण संख्या प्राप्त होने के बाद उम्मीदवार को वेबसाइट www.nmdc.co.in (लिंक वेबसाइट के "करियर्स" पेज पर उपलब्ध) पर गेट–2021 के माध्यम से एग्जीक्यूटिव ट्रेनी–2021 की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करना है। साइट दिनांक 01.03.2021 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 21.03.2021को 12.00 बजे तक उपलब्ध/सक्रिय रहेगी।
ग	कृपया सुनिश्चित करें कि गेट पंजीकरण संख्या जो कि आपके गेट प्रवेश पत्र पर वर्णित है, को सही भरना है। नाम जैसा गेट प्रवेश पत्र में है, वैसा ही भरना होगा। एक बार आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने के बाद उम्मीदवार द्वारा बाद में किसी भी दर्ज डाटा को सही करने की अनुमति के संबंध में मिले अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
घ	एक उम्मीदवार केवल एक पद/विषय के लिए आवेदन कर सकता है। एक से अधिक पद/विषय के लिए आवेदन करने पर उम्मीदवार पर विचार नहीं किया जाएगा।
ङ	ऑनलाइन प्रक्रिया में तकनीकी पहलू पर सहायता के लिए हेल्पलाइन ई–मेल: nmdc@jobapply.in सभी कार्यदिवसों में प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक उपलब्ध होगी।
च	उम्मीदवारों को सभी विवरण ऑनलाइन भरना आवश्यक है और अधिसूचना की आवश्यकता के अनुसार सभी संगत दस्तावेज/प्रमाणपत्रों को अपलोड करना है।
छ	अधिसूचना के संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण, टंकण त्रुटि या भूलचूक, शुद्धिपत्र आदि को केवल उपरोक्त एनएमडीसी वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।
ज	ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे एनएमडीसी वेबसाइट पर उपलब्ध अधिसूचना के सभी निर्देशों को भली भांति पढ़ लें और गेट–2021 पंजीकरण संख्या आदि सहित ऑनलाइन आवेदन पत्र में सभी जानकारी सही भरें।
झ	सभी उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के रूप में रु. 500/– (पांच सौ रुपए मात्र) का भुगतान करना है जो कि अ–प्रतिदेय है।
ञ	पद के लिए आवेदन करने वाले अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिकों तथा एनएमडीसी लि. के विभागीय उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट होगी। बिन्दु सं. 15.11(क) में वर्णित अनुसार शुल्क में छूट का दावा करने का प्रमाण संलग्न करना होगा। उपरोक्त प्रमाणपत्र या शुल्क भुगतान विवरण न होने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।
ट	ऑनलाइन आवेदन के साथ एकीकृत इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करके एसबीआई–क्लेक्ट के माध्यम से यूपीआई/क्रेडिट कार्ड/ऑनलाइन नेट बैंकिंग का उपयोग करके भुगतान किया जा सकता है। लेनदेन प्रभार, यदि कोई हो, का वहन उम्मीदवार द्वारा करना होगा। लेनदेन सफलतापूर्वक समाप्त होने के बाद, विशिष्ट लेनदेन संख्या के साथ आवेदन फार्म और आवेदन नम्बर जेनरेट होगा जिसका रिकार्ड के लिए प्रिंट लेना है। यदि उम्मीदवार को विशिष्ट लेनदेन संख्या के साथ आवेदन फार्म प्राप्त नहीं होता है तो उसका ऑनलाइन आवेदन पूर्ण नहीं माना जाएगा और उसे दोबारा भुगतान करना होगा। लेनदेन असफल होने पर यह 10 दिनों के भीतर उस खाते में स्वतः ही वापिस हो जाएगा जिस खाते से भुगतान किया गया था।
ठ	एक बार आवेदन शुल्क भुगतान करने के बाद इसे वापिस या किसी आगे की अधिसूचना के लिए समायोजित नहीं किया जाएगा, इसके साथ ही आवेदन शुल्क का भुगतान किये जाने वाले अधिसूचना के निरस्तीकरण के मामले में भी यह लागू होगा।
ड	उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि निम्नलिखित दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी तैयार रखें (i) हाल का पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (ii) 10वीं प्रमाणपत्र (iii) योग्यता के समर्थन में प्रमाणपत्र (iv) लागू अनुसार जाति/श्रेणी प्रमाणपत्र अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.(एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांगता प्रमाणपत्र आदि (अ) गेट–2021 प्रवेश पत्र (अप) स्कैन किये गये हस्ताक्षर आदि।
ढ	ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उम्मीदवार को भरे हुए आवेदन की हार्ड कॉपी डाउनलोड करनी है और इस पर ऑनलाइन आवेदन में प्रदर्शित विशिष्ट पंजीकरण संख्या, रोज़गार अधिसूचना सं., लिफाफे के ऊपर पद का नाम एवं शाखा वर्णित करते हुए सभी प्रमाणपत्रों एंव प्रत्ययपत्रों की प्रतियां (स्व–प्रमाणित) के साथ हाल का फोटो चिपकाकर अपने आवेदन के समर्थन में गेट–2021 प्रवेश पत्र की प्रति के साथ इसे डाक द्वारा "पोस्ट बॉक्स नं. 1382, डाकघर, हुमायू नगर, हैदराबाद, तेलंगाना राज्य, पिन–500028" के पास भेजें जो कि 05.04.2021 तक या उससे पूर्व पहुंच जाना चाहिए। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले डाउनलोड किये गये आवेदनों या सहायक दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदनों को तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।
ण	कॉल लैटर/प्रवेश पत्र डाक/ई–मेल के माध्यम से भेजे जाएंगे। कॉल लैटर/प्रवेश पत्र एनएमडीसी वेबसाइट पर कॅरियर्स पेज से भी जेनरेट किये जा सकते हैं। एनएमडीसी उम्मीदवार द्वारा दिये गये अवैध/गलत ई–मेल आईडी के कारण भेजा गया ई–मेल न मिलने या डाक में देरी/डाक द्वारा सूचना नहीं मिलने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। केवल वैध कॉल लैटर/प्रवेश पत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को ही समूह चर्चा एवं साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।
त	उम्मीदवार को मान्यताप्राप्त बोर्ड द्वारा जारी 10वीं कक्षा प्रमाणपत्र के अनुसार अपनी जन्म तिथि एवं नाम वर्णित करना होगा।
थ	कृपया सुनिश्चित करें कि गेट पंजीकरण संख्या, जो कि आपके गेट प्रवेश पत्र पर वर्णित है, को सही भरा गया है। एक बार आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने के बाद उम्मीदवार को बाद में किसी भी दर्ज डाटा में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।
द	उम्मीदवारों को पंजीकरण फार्म का प्रिंटआउट अपने पास रखना है जो कि सफलतापूर्वक पंजीकरण के बाद सिस्टम द्वारा जेनरेट होगा।

7.0 चयन की प्रक्रिया:

योग्य उम्मीदवारों को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट–2021) में शामिल होना होगा। गेट–2021 अंकों तथा आवश्यकता के आधार पर उम्मीदवारों को विषय–वार, श्रेणी वार आगे की चयन प्रक्रिया (जीडी एवं साक्षात्कार) के लिए संक्षिप्त सूचीबद्ध किया जाएगा। अंकों की निम्नलिखित भारिता के आधार पर अंतिम मैरिट सूची तैयार की जाएगी। कृपया नोट करें कि एनएमडीसी लिमिटेड में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी–2021 भर्ती के लिए केवल गेट–2021 अंक ही वैध होंगे और 2020 या उससे पूर्व का गेट स्कोर मान्य नहीं होगा।

क्र.सं.	घटक	100 में से भारित (अंक)
1.	संबंधित विषय में गेट–2021 स्कोर	70
2.	समूह चर्चा (जीडी)	15
3.	साक्षात्कार	15

8.0 समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों का अनुपात:

उम्मीदवारों को गेट–2021 विषय–वार, श्रेणी वार प्राप्त अंकों के आधार पर 1:10 के अनुपात पर समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा जो कि गेट–2021 में प्राप्त अंकों पर आधारित है। यदि गेट–2021 में दो या उससे अधिक उम्मीदवार समान विषय एवं श्रेणी में समान अंक प्राप्त करते हैं तथा अनुपात 1:10 से बढ़ जाता है तो उपरोक्त अनुपात के निरपेक्ष समान अंक प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों को समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

9.0 समूह चर्चा एवं साक्षात्कार:

i) गेट–2021 परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को विषय–वार एवं श्रेणी–वार समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए 1:10 के अनुपात पर बुलाया जाएगा।

ii) समूह चर्चा समिति उम्मीदवारों के लिए समूह चर्चा आयोजित करेगी। समूह चर्चा का विषय समूह चर्चा समिति द्वारा निर्धारित किया जाएगा। जीडी का विषय या ता विषय से संबंधित या सामान्य हो सकता है।

iii) समूह चर्चा विषय–वार एवं श्रेणी–वार बैच में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक बैच में उम्मीदवारों की संख्या समूह चर्चा के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

iv) उम्मीदवारों को विषय–वार उपरोक्त निर्धारित अनुपात पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

10.0 प्रशिक्षण एवं परिवीक्षा:

एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में चयनित उम्मीदवारों को एक वर्ष के लिए प्रशिक्षण पर रखा जाएगा। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीदवारों को एक वर्ष की परिवीक्षा के अंतर्गत रखा जाएगा।

11.0 प्लेसमेंट:

चयनित उम्मीदवारों को किसी भी चरण में आवश्यकता के अनुसार एनएमडीसी लि. की किसी भी खान/यूनिट/कार्यालय में नियुक्त किया जाएगा और उन्हें कम्पनी की व्यवसाय आवश्यकता के अनुसार जॉब/कार्य/एसाइनमेंट्स दिया जा सकता है।

12.0 स्वास्थ्य:

नियुक्ति से पूर्व उम्मीदवारों की एनएमडीसी मान्यताप्राप्त अस्पताल द्वारा रोजगार–पूर्व चिकित्सा जांच की जाएगी और एनएमडीसी प्रबंधन का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

13.0 पारिश्रमिक:

कार्यपालक प्रशिक्षुओं को कम्पनी के नियमों के अनुसार मूल वेतन रु. 50,000/– प्लस महंगाई भत्ता (आईडीए) दिया जाएगा। एक वर्ष का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद कार्यपालक प्रशिक्षुओं को रु. 60,000–1,80,000 के वेतनमान में सहायक प्रबंधक के रूप में पदनामित किया जाएगा और प्रारंभिक मूल वेतन रु. 60,000/– होगा।

प्रशिक्षण को सफलापूर्वक पूरा करने के बाद वे कम्पनी/इसकी सहायक कंपनियों के नियमों के अनुसार लागू मूल वेतन, महंगाई भत्ता, कैफेटेरिया एप्रोच के अंतर्गत परिलब्धियां, पीएफ, ग्रेच्युटी, पीआरपी तथा अन्य भत्ते एवं लाभ प्राप्त करने के हकदार होंगे।

प्रारंभिक मूल वेतन पर सीधी भर्ती के रूप में कम्पनी पूर्व रोजगार, यदि कोई हो का वेतन/छुट्टी वेतन/पेंशन अंशदान आदि पर किसी भी दायित्व का वहन नहीं करेगी।

14.0 मूल दस्तावेजों के साथ दस्तावेजों का सत्यापन:

जीडी एवं साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने वाले उम्मीदवारों को जीडी एवं साक्षात्कार के समय अधिसूचना के अनुसार अपनी योग्यता के सत्यापन के लिए आयु, योग्यता, गेट–2021 स्कोर कार्ड, जाति (एसटी/एसटी/ओबीसी–एनसीएल/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक) प्रमाणपत्र, गेट प्रवेश पत्र, एनएमडीसी आंवेदन पत्र आदि के समर्थन में स्व–सत्यापित फोटोप्रतियों के साथ मूल दस्तावेज/प्रत्ययपत्र प्रस्तुत करने होंगे। यदि उम्मीदवार समूह चर्चा एवं साक्षात्कार में उपस्थित होने से पूर्व अपेक्षित दस्तावेजों को प्रस्तुत/जमा नहीं करता है तो उम्मीदवार को जीडी एवं साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा परिवहन भत्ते का भुगतान नही किया जाएगा। इस संबंध में एनएमडीसी प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा।

15.0 सामान्य शर्तें:

15.1 जन्म तिथि के साथ ही आवेदन में नाम मान्यताप्राप्त बोर्ड द्वारा जारी 10वीं कक्षा प्रमाणपत्र के समान होना चाहिए और नाम एवं जन्म तिथि का अन्य कोई प्रमाण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

15.2 आयु के लिए योग्यता की गणना के लिए कट–ऑफ तिथि इस अधिसूचना के बिन्दु सं. 6(ख) में वर्णित अनुसार ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होगी। यदि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाती है तो भी योग्यता की गणना के लिए मूल कट–ऑफ तिथि यथावत रहेगी।

15.3 निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य है और ऐसा नहीं होने पर उम्मीदवार द्वारा कोई अन्य उच्च योग्यता धारण किये जाने पर भी उम्मीदवार समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने हेतु योग्य नहीं है।

15.4 एनएमडीसी प्रबंधन गेट स्कोर एवं शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि के आधार पर जीडी एवं साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने हेतु योग्यता को संशोधित/निर्धारित करने का अधिकार रखता है।

15.5 भर्ती प्रक्रिया के दौरान, यदि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई जानकारी झूठी/अपूर्ण पाई जाती है या उपरोक्त पद के लिए अधिसूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार योग्यता मापदंड के अनुरूप नहीं है या यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने किसी भौतिक जानकारी को छुपाया/विकृत किया है, तो ऐसे मामले में भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या चयन के बाद भी उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

15.6 केवल न्यूनतम योग्यता मापदंड पूरा करने मात्र से ही उम्मीदवार भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के लिए बुलाये जाने का अधिकार नहीं रखता है। प्रतियोगिता एवं भर्ती के आधार पर प्रबंधन पूरी भर्ती प्रक्रिया/चयन प्रक्रिया को, यदि आवश्यक हुआ, तो बिना कोई कारण बताएं या आगे सूचना दिये बिना बढ़ाने/छूट देने/निरस्त करने/संशोधित/परिवर्तित करने का अधिकार रखता है। साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने हेतु प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। भर्ती प्रक्रिया के दौरान इस संबंध में कोई भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

15.7 किसी भी टंकण त्रुटि या भूलचूक के मामले में अधिसूचना के लिए स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र केवल एनएमडीसी वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। ऐसे मामले में, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि भी बढ़ाई जाएगी। सामान्यतः रोजगार अधिसूचना जारी होने के बाद रिक्तियों की संख्या, अधिसूचित विनिर्देशनों/मापदंडों में कोई संशोधन नहीं किया जाएगा।

15.8 उपरोक्त पद के लिए आवेदन करते समय उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे कट–ऑफ तिथि को उपरोक्त वर्णित सभी योग्यता एवं अन्य मापदंडों को पूरा करते है और भरे गये विवरण सभी दृष्टियों से सही हैं।

15.9 जीडी एवं साक्षात्कार में बुलाये जाने एवं उपस्थित होने वाले सभी आउटस्टेशन उम्मीदवारों को संक्षिप्त मार्ग का रेलवे/बस टिकट प्रस्तुत करने पर द्वितीय ए/सी दो टियर रेल/बस किराये के परिवहन भत्ते का पुनर्भुगतान किया जाएगा। (टीए फार्म संलग्नक–1 के रूप में उपलब्ध है)।

15.10 जीडी एवं साक्षात्कार में उपस्थित होते समय उम्मीदवार की योग्यता के अनुसार उम्मीदवार को पुनर्भुगतान के लिए अपने मूल परिवहन टिकट के साथ विधिवत् भरा गया परिवहन भत्ता फार्म जमा करना होगा। यद्यपि, कथित परिवहन भत्ता उचित समय में एनएमडीसी द्वारा ई–भुगतान के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

15.11 (क) अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (नॉन–क्रीमी लेयर)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित विनिर्दिष्ट प्रारूप में लागू अनुसार जाति/स्थायी प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करनी होगी। उम्मीदवार द्वारा जमा किया गया अ.पि.व. प्रमाणपत्र साक्षात्कार की तिथि से 06 माह के भीतर जारी एवं कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, नई दिल्ली कार्यालय ज्ञापन सं. 36012/22/93–स्था.(एससीटी) दिनांक 08.09.93 में शामिल आदेश के अनुसार होना चाहिए और इसमें इस बात का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार उपरोक्त वर्णित कार्यालय ज्ञापन दिनांक 08.09.93 की अनुसूची के कॉलम–3 में वर्णित अनुसार व्यक्ति/वर्ग (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं है और भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा अ.पि.व. के रूप में सूचीबद्ध समुदाय से संबंधित है।

15.11 (ख) ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत आरक्षण पाने के इच्छुक उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाणपत्र जमा करना होगा। निर्धारित प्रारूप एवं कथित प्रमाणपत्र के लिए सक्षम प्राधिकारी डीओपीटी कार्यालय ज्ञापन सं. 36039/1/2019 दिनांक 31.1.19 में वर्णित किया गया है । (ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र प्रारूप अनुलग्नक–4 में संलग्न है)

15.11 (ग) ऑनलाइन आवेदन में श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी–एनसीएल/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी) को भरने के बाद परिवर्तित करने की अनुमति नहीं होगी और अन्य श्रेणी का कोई भी लाभ बाद में लागू नहीं होगा।

15.12 यदि अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (नॉन–क्रीमी लेय)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिन्दी भाषा के अलावा अलग भाषा में है तो उम्मीदवारों को इसकी अंग्रेजी या हिन्दी में अनुवाद की गई स्व–प्रमाणित प्रति जमा करनी होगी।

15.13 भूतपूर्व सैनिकों को जीडी एवं साक्षात्कार के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये उसके द्वारा अर्जित योग्यता के समकक्ष प्रमाणपत्र को प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त की अनुपस्थिति में उम्मीदवारों को समूह चर्चा एवं साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

15.14 निर्धारित परिवहन भत्ता दावा प्रपत्र (संलग्नक–1), अ.जा./अ.ज.जा. के लिए जाति प्रमाणपत्र (संलग्नक–2), अ.पि.व. (एनसीएल) प्रमाणपत्र (संलग्नक–3) तथा ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र (संलग्नक–4) केवल एनएमडीसी वेबसाइट **www.nmdc.co.in** पर कॅरियर्स पेज पर अधिसूचना में उपलब्ध हैं।

15.15 विभागीय उम्मीदवारों का मतलब केवल ऐसे उम्मीदवारों से है जो स्थायी कर्मचारी के रूप में वर्तमान में एनएमडीसी के साथ कार्यरत है और एनएमडीसी कर्मचारी के आश्रित या अनुबंध आधार पर नियुक्त कर्मचारी नहीं हैं।

15.16 केवल ऑनलाइन आवेदन करने मात्र से ही उम्मीदवार को अपने आवेदन के संबंध में दावा करने का अधिकार नहीं होगा। उन्हें निर्धारित तिथि से पूर्व अपने आवेदन के दावें के रूप में आयु, योग्यता, अनुभव, गेट–2021 प्रवेश पत्र, एनएमडीसी आवेदन पत्र आदि के लिए सहायक दस्तावेजों (स्व–सत्यापित) के साथ डाउनलोड/भरे गये आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जमा करनी होगी और ऐसा नहीं करने पर उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

15.17 उम्मीदवार, यदि समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए संक्षिप्त सूचीबद्ध किया जाता है, तो उसे समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के समय गेट–2021 आयोजन करने वाले प्राधिकरण से प्राप्त मूल गेट–2021 स्कोर कार्ड प्रस्तुत करना होगा।

15.18 भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह के अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता करार दिया जाएगा।

15.19 उम्मीदवार आवेदन पत्र और गेट–2021 प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट अपने पास रख लें क्योंकि उन्हें भविष्य में संदर्भ के लिए किसी भी समय प्रस्तुत करने के लिए कहा जा सकता है।

15.20 ऐसे पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी उम्मीदवार लागू आरक्षण/छूट का लाभ पाने के लिए योग्य होंगे जिनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 40 प्रतिशत या उससे अधिक होगी।

15.21 विज्ञापन के अंग्रेजी एवं हिन्दी अंक में असमानता होने की स्थिति में अंग्रेजी अंक ही मान्य होगा।

15.22 केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के लिए योग्य हैं।

15.23 जहां डिग्री में सीजीपीए/लैटर ग्रेड दिया जाता है, वहां पर ऑनलाइन आवेदन पत्र में विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाये गये मानकों के अनुसार अंकों का समकक्ष प्रतिशत दर्शाया जाना चाहिए। उम्मीदवार को समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के समय विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाये जाने वाले ऐसे मानकों की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जहां कोई मानक विनिर्देषित नहीं हैं, सीजीपीए/ग्रेड को 10 प्वाइंट स्केल पर प्रदान किया गया माना जाएगा।

15.24 यह नोट करें कि बिना वैध गेट–2021 पंजीकरण संख्या के आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा।

15.25 किसी भी विवाद के मामले में न्यायिक क्षेत्राधिकार हैदराबाद होगा।

15.26 उम्मीदवारों को अपने आवेदन आदि के समर्थन में सभी प्रमाणपत्रों एवं प्रत्ययपत्रों (स्व–सत्यापित) की प्रतियों के साथ आवेदन की हार्ड कॉपी भेजने से पहले लिफाफे के ऊपर रोज़गार अधिसूचना सं., पद का नाम, विभाग एवं ऑनलाइन आवेदन करते समय जेनरेट हुआ एनएमडीसी पंजीकरण नं., गेट–2021 पंजीकरण नं. वर्णित करके इसे "पोस्ट बॉक्स नं. 1382, पोस्ट ऑफिस हुमायूं नगर, हैदराबाद, तेलंगाना राज्य, पिन–500028" के पास भेजना होगा जो दिनांक 05.04.2021 तक या उससे पूर्व पहुंच जाना चाहिए।

	महत्वपूर्ण तिथियां	
क	एनएमडीसी लि. में ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए **www.nmdc.co.in** पर लिंक का एक्टिवेशन	01.03.2021
ख	एनएमडीसी लि. में ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	21.03.2021
ग	6.0 (ङ) में वर्णित अनुसार हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि	05.04.2021

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि नवीनतम जानकारी के लिए एनएमडीसी लि. वेबसाइट **www.nmdc.co.in** नियमित रूप से देखते रहें।

महाप्रबंधक
(कार्मिक)

अभियांत्रिकी विभाग
चण्डीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़
भर्ती सूचना

अभियांत्रिकी विभाग, संघ राज्य क्षेत्र, चंडीगढ़ के बी एवं आर विंग में कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 42 पदों को भरना.

अभियांत्रिकी विभाग, संघ राज्य क्षेत्र, चंडीगढ़ के बी एवं आर विंग में **कनिष्ठ अभियंताओं (सिविल)** के **42 पदों** को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, किन्तु, पंजाब सरकार द्वारा अधिसूचित किये जाने वाले और चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा अपनाए जाने वाले सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के सदृश पदों हेतु देय वेतनमान में दिनांक 01.07.2009 के अधिसूचना में संशोधित अनुसार दिनांक 25.06.2004 में अधिसूचित भर्ती नियमों के अनुसार जारी रखी जा सकती है. रिक्तियों के श्रेणीवार विवरण नीचे दिए गये हैं:

(क) बी एवं आर विंग, सं.रा.क्षे., चंडीगढ़ में कनिष्ठ अभियंता (सिविल):

क्रम सं.	पद का नाम	सामान्य	सामा (ईडब्ल्यूएस)	अपिव	अजा	अजजा	कुल	शावि*	भू.पू.सै*
1.	कनिष्ठ अभियंता (सिविल)	22	04	10	06	--	42	02	05

(*) विकलांग व्यक्तियों और भूतपूर्व सैनिकों के पद किसी भी श्रेणी के आरक्षण को ले सकते हैं, जिससे वे संबंधित होंगे.

संक्षिप्ताक्षर:

श्रेणी: अपिव-अन्य पिछड़ा वर्ग, **अजा**- अनुसूचित जाति, **ईडब्ल्यूएस**- आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, **भू.पू.सै.**- भूतपूर्व सैनिक, **शावि**- विशेष रूप से चिन्हित विकलांग व्यक्ति.

अनिवार्य अर्हताएं:

बी एवं आर विंग, सं.रा.क्षे., चंडीगढ़ में कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के पद हेतु अनिवार्य अर्हता:

(i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय से सिविल अभियांत्रिकी में 3 वर्षीय डिप्लोमा (पत्राचार/दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से नहीं).

(ii) किसी सरकारी मान्यताप्राप्त संस्थान या किसी बड़े संस्थान से आईसीटी कौशल पाठ्यक्रम अर्थात कंप्यूटर के विचारों पर आधारित पाठ्यक्रम (सीसीसी)-80 घंटे, जो नियुक्ति के समय किसी आईएसओ 9001 द्वारा प्रमाणित या इलेक्ट्रॉनिकी प्रत्यायित कंप्यूटर पाठ्यक्रम विभाग (डीओईएसीसी), भारत सरकार या एनआईईएलआईटी और इसके प्राधिकृत संस्थान का हो.

टिप्पणी: 1. मान्यताप्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से सिविल अभियांत्रिकी के विषयों में डिग्री प्राप्त और एआईसीटीई/ यूजीसी/ डीईसी के संयुक्त सचिव द्वारा स्वीकृत उम्मीदवारों पर सिविल अभियांत्रिकी में डिप्लोमा के मूलभूत अर्हता के समतुल्य विचार किया जाएगा.

2. किसी मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस में प्रमाण-पत्र/ डिप्लोमा/ बैचलर या मास्टर डिग्री उत्तीर्ण उम्मीदवार को आईसीटी का कौशल पाठ्यक्रम प्रमाण-पत्र नहीं रखना होगा.

01.01.2021 के अनुसार आयु:

(i) सामान्य/ ईडब्ल्यूएस श्रेणी हेतु 18 से 37 वर्ष.

(ii) अपिव श्रेणी हेतु 18 से 40 वर्ष (सं.रा.क्षे., चंडीगढ़ के अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव) की राज्य सूची में अधिसूचित अपिव जाति के उम्मीदवार उक्त पद हेतु पात्र होंगे. जाति सं.रा.क्षे., चंडीगढ़ के अपिव की राज्य सूची में अधिसूचित नहीं होने पर उनकी उम्मीदवारी अनारक्षित के रूप में मानी जाएगी.)

(iii) अजा श्रेणियों हेतु 18 से 42 वर्ष.

(iv) विशेष रूप से चिन्हित विकलांग व्यक्तियों (शावि श्रेणी) हेतु 18 से 47 वर्ष.

(v) भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के उम्मीदवारों को अपने वास्तविक आयु से संघ के सशस्त्र बलों में अपनी सेवा की अवधि घटाने की अनुमति होगी और परिणामित आयु संबंधित सेवा नियमों में उस रिक्ति की सीधी नियुक्ति हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 3 वर्ष से अधिक नहीं होने पर उन्हें आयु सीमा-संबंधी शर्त को पूरा करते हुए माना जाएगा.

(vi) सरकारी/ अर्ध-सरकारी/ निगम/ बोर्ड की सेवा में पहले से सेवारत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करने होंगे और सरकारी सेवा में पहले से सेवारत उम्मीदवारों हेतु आयु में छूट को चंडीगढ़ प्रशासन के हाल के निर्देशों के अनुसार निर्धारित किये जाएंगे. ऐसे उम्मीदवारों को **12.04.2021 के शाम 5:00 बजे तक या उससे पहले अधीक्षण अभियंता, निर्माण सर्किल-II, सं.रा.क्षे. सचिवालय (डीलक्स बिल्डिंग), दूसरा तल, सेक्टर-9 डी, चंडीगढ़ के पास उचित माध्यम से प्रति भेजने के अतिरिक्त ऑनलाइन पोर्टल पर भी आवेदन करने होंगे, अन्यथा उम्मीदवारों के आवेदन वैध नहीं माने जाएंगे.**

टिप्पणी:

(1) पंजाब सरकार के अधिसूचना सं. जीएसआर. 11/कांस्ट./आर्ट. 309, 234 और 318/82 दिनांक 02.02.1982 और चंडीगढ़ प्रशासन के अधिसूचना दिनांक 9673-आईएच (7)-2000/4585 दिनांक 10.03.2000 द्वारा पालन किये गये अनुसार कोई भी भूतपूर्व सैनिक भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षित रिक्ति की भर्ती के लिए तब तक पात्र नहीं होंगे जब तक वे नियमों में निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता उत्तीर्ण नहीं कर लेंगे.

(2) किसी भी उम्मीदवार को आयु में छूट और आरक्षण के लाभ तब तक नहीं दिए जाएंगे जब तक वे प्रलेख सत्यापन के समय आवश्यकतानुसार सक्षम प्राधिकारी जैसे उपायुक्त/ अपर उपायुक्त/ एसडीएम/ जिला सैनिक कल्याण बोर्ड/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी अपेक्षित प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं कर देंगे.

(3) आरक्षित रिक्ति के संदर्भ में भर्ती हेतु भूतपूर्व सैनिक के उपलब्ध नहीं होने पर उस रिक्ति को निम्नांकित की भर्ती द्वारा भरे जाने हेतु आरक्षित किया जाएगा:

(i) किसी भूतपूर्व सैनिक की पत्नी या एक आश्रित बच्चा, जिसकी भर्ती नियमों के अनुसार किसी आरक्षित रिक्ति के संदर्भ में नहीं की गई हो.

(ii) किसी भी बच्चे या पुरस्कार विजेता के आश्रित या स्वयं पुरस्कार विजेता द्वारा लाभ या आरक्षण नहीं लिया गया होने पर वीरता पुरस्कार विजेता के एक पौत्र. वीरता पुरस्कार विजेता में परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, सेना या नौ-सेना या वायु सेना के पदक और डिस्पैच में शामिल पदक के विजेता इस शर्त पर होंगे कि :

(क) वे निर्धारित अर्हता रखते हों और निर्धारित आयु सीमा के भीतर हों.

(ख) वे पहले से सेवा में नहीं हों.

(ग) वे जीवन में केवल एक बार लाभ लेने के पात्र होंगे.

(i) भूतपूर्व सैनिकों के पात्र आश्रितों को प्रलेख सत्यापन के समय संबंधित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में लीनिअल आश्रित प्रमाण-पत्र जमा करने होंगे.

(4) कनिष्ठ अभियंता (सिविल) का पद केवल निम्नांकित से ग्रसित अस्थि विकलांगता (अवि) श्रेणी के अंतर्गत शावि का चिन्हित पद है:

(i) ओएल- एक पैर प्रभावित (दायां या बायां)

(ii) ओए- एक बाजू प्रभावित (दायां या बायां)

चयन की पद्धति:

-लिखित परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिसे निम्नवत संचालित किये जाएंगे:

1. एक वस्तुनिष्ठ लिखित परीक्षा (पार्ट-I एवं पार्ट-II), जिसमे बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) होंगे. उम्मीदवारों के चयन परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर किये जाएंगे. प्रत्येक पार्ट-I एवं पार्ट-II के अर्हक अंक अजा श्रेणी हेतु 40% और अन्य सभी उम्मीदवारों हेतु 45% होंगे. कोई साक्षात्कार नहीं लिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 के अंक काटे जाएंगे.
2. पात्र अर्हता के अंतिम परीक्षा में शामिल हो चुके उम्मीदवार भी पद के लिए आवेदन कर सकते हैं, किन्तु, ऐसे उम्मीदवारों को प्रलेख सत्यापन की तिथि को पात्रता शर्त के प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी कोई सूचना दिए बिना सीधे निरस्त कर दी जाएगी.
3. संचालित की जाने वाली लिखित परीक्षा पार्ट-I एवं पार्ट-II के विवरण नीचे दिए गये हैं-

पार्ट-I			कुल प्रश्न	कुल अंक
बहुविकल्पीय प्रश्नों के पार्ट में निम्नांकित होंगे:				
(क)	**निम्नांकित प्रत्येक हेतु 10 प्रश्न:**			
(i)	संरचनात्मक यांत्रिकी			
(ii)	कंक्रीट प्रौद्योगिकी		100	100
(iii)	रेनफोर्स कंक्रीट एवं इस्पात संरचना डिजाइन			
(iv)	सामग्री निर्माण एवं भवन निर्माण			
(v)	जलापूर्ति एवं गंदा पानी अभियांत्रिकी			
(vi)	मिट्टी और नींव अभियांत्रिकी			
(vii)	राजमार्ग अभियांत्रिकी			
	70 अंक			
(ख)	**निम्नांकित प्रत्येक के लिए 5 प्रश्न :**			
(i)	अनुप्रयुक्त यांत्रिकी			
(ii)	निर्माण प्रबंधन एवं लेखा			
(iii)	मात्रा सर्वेक्षण और मूल्यांकन			
(iv)	तरल यांत्रिकी			
(v)	सिंचाई अभियांत्रिकी			
(vi)	सर्वेक्षण			
	30 प्रश्न			
प्रश्नों के स्तर पद हेतु निर्धारित अर्हता के अनुसार डिप्लोमा मानदंड के होंगे.				
पार्ट-II				
बहुविकल्पीय प्रश्न के पार्ट में निम्नांकित होंगे:				
(i)	अंग्रेजी	**20 प्रश्न**		
(ii)	मानसिक योग्यता	**20 प्रश्न**		
(iii)	कंप्यूटर अभिरुचि	**10 प्रश्न**	50	50

4. लिखित परीक्षा की अवधि 180 मिनट (3 घंटे) की होगी.
5. ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट के माध्यम से लिए जाएंगे और लिखित परीक्षा की पाठ्य-सूची वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी.

चयन प्रक्रिया:

1. लिखित परीक्षा के संचालन के बाद लिखित परीक्षा की उत्तर-कुंजिका उम्मीदवारों के किसी आपत्ति को जानने के लिए परीक्षा के अगले दिन वेबसाइट पर अपलोड किये जाएंगे. उम्मीदवार अपनी आपत्तियों को प्रमाण सहित वेबसाइट के माध्यम से **3 दिन के भीतर** जमा कर सकते हैं. उसके बाद आपत्तियों को विशेषज्ञ समिति के पास भेज दी जाएगी और उत्तर-कुंजिका को परिणाम तैयार करने के लिए अंतिम रूप दिया जाएगा, जिसे वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा.
2. लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंक वेबसाइट पर अपलोड किये जाएंगे.
3. लिखित परीक्षा में अंकों के आधार पर तैयार की गयी मेधा सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी और उक्त मेधा के आधार पर उम्मीदवारों को प्रलेख सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा. किसी प्रकार के साक्षात्कार नहीं लिए जाएंगे.
4. चयनित उम्मीदवारों की सूची पात्रता शर्तों की जांच/सत्यापन/सभी प्रलेखों के सत्यापन करने के बाद जारी की जाएगी.
5. भरे हुए और विधिवत सत्यापित आवेदन-पत्र तथा विभाग द्वारा दी जाने वाली स्वघोषणा-प्रपत्र प्राप्त करने के बाद चयनित उम्मीदवारों हेतु अनंतिम नियुक्ति-पत्र जारी किये जाएंगे, जिसमें लिखा हो कि 'उम्मीदवार के चरित्र और प्रत्यय-पत्रों के सही/ सत्यापित नहीं पाए जाने या उम्मीदवार द्वारा उनके स्वघोषणा में दी गयी किसी जानकारी के असत्य होने पर अनंतिम नियुक्ति-पत्र उसी समय रद्द कर दिए जाएंगे और अन्य आपराधिक तथा क़ानूनी कारवाई उसी समय की जाएगी.
6. उनकी अनंतिम नियुक्ति होने पर उम्मीदवारों की ज्वाइनिंग सरकारी सेवा में पहली बार आने पर चिकित्सा स्वस्थता प्रमाण-पत्र जमा करने पर स्वीकार की जाएगी.

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया:

1. आवेदन वेबसाइट: **chandigarh.gov.in/info_pnotice.htm** पर **8 मार्च 2021 (सुबह 11:00 बजे) से 30 मार्च 2021 (शाम 5:00 बजे)** तक केवल **'ऑनलाइन'** जमा किये जा सकते हैं.

2. रु. 1000/- (अजा/ शावि/ भूतपूर्व सैनिक होने पर रु. 500/-) की राशि के आवेदन-शुल्क (अप्रतिदेय) के भुगतान ऑनलाइन पद्धति से करने होंगे. शुल्क जमा करने के विस्तृत निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध हैं.

आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके पास उनके नाम से सक्षम प्राधिकारी की वैध प्रमाणित प्रति है. प्रलेखों के सत्यापन के समय यदि यह पाया जाता है कि अजा/ शावि/ भूतपूर्व सैनिक प्रमाण-पत्र वैध नहीं है तो उनकी उम्मीदवारी पर सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों हेतु देय शुल्क के अंतर की प्राप्ति के बाद सामान्य श्रेणी के अंतर्गत विचार किये जाएंगे.

3. आवेदन जमा करने हेतु उम्मीदवार को वेबसाइट: **chandigarh.gov.in/info_pnotice.htm** पर लॉग इन और लिंक **'एप्लीकेशन फॉर दी पोस्ट ऑफ़ जूनियर इंजीनियर (सिविल)'** पर क्लिक करने होंगे. आवेदन पंजीकृत होने पर उम्मीदवारों को पंजीकरण सं. और पासवर्ड देने होंगे.

4. ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद पंजीकरण-प्रपत्र प्रदर्शित होंगे. उम्मीदवारों को पंजीकरण-प्रपत्र के दो प्रिंटआउट लेने चाहिए और उसे सभी मूल प्रलेखों और फोटोकॉपी के साथ प्रलेखों के सत्यापन की तिथि को (नाम मेधा सूची में होने पर) लाने चाहिए. ऑनलाइन आवेदन के प्रिंटआउट व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा जमा नहीं करना चाहिए.

5. विवरणों में कोई भी सुधार **31 मार्च 2021 से शाम 5:00 बजे तक** वेबसाइट पर स्वयं उम्मीदवार द्वारा किये जाएंगे. इस कार्य हेतु उम्मीदवार को पंजीकरण संख्या और पासवर्ड लॉग इन करने होंगे. अंतिम तिथि के बाद उम्मीदवार द्वारा कोई सुधार नहीं किये जा सकते हैं.

(शेष अगले पृष्ठ पर)

कोरोना संक्रमण रोकने सतर्कता बरतें - मुख्यमंत्री

भोपाल, कोरोना संक्रमण प्रदेश में बढ़ रहा है, जो चिंता की बात है। कोरोना संक्रमण को हर हाल में नियंत्रित कर रोकना है। इसके लिए सभी उपाय किए जाएं। जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। कोरोना संक्रमण दर बढ़ती है तो सख्त कदम भी उठाए जाएंगे। भोपाल और इंदौर जिले में रविवार या सोमवार से नाइट कर्फ्यू लगाया जा सकता है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने इन दोनों जिलों में सभा कक्ष में होने वाले आयोजनों में क्षमता से आधे लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

जागरूकता अभियान चलायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों को कोरोना से सुरक्षा के सभी उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। मास्क लगाने, बार-बार साबुन से हाथ धोने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, भीड़-भाड़ से बचने और कोरोना की वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया जाए। इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, खरगोन, रतलाम, उज्जैन, बेतूल, सागर, रीवा और खंडवा में विशेष रूप से पुलिस और नगर निगम, नगर पालिकाओं के वाहनों से लोगों को मास्क लगाने आदि सुरक्षात्मक उपाय करने तथा सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया जाए। कलाकारों के माध्यम से जगह-जगह पर प्रस्तुतियां दी जाकर जागरूकता अभियान संचालित किए जाएं। लोगों को बताया जाए कि यदि कोरोना संक्रमण बढ़ता है तो सख्त कदम उठाए जाएंगे। प्रदेश के अन्य जिलों में जरूरत होने पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक बुलाकर जिले की परिस्थिति के मुताबिक सुरक्षा उपाय अपनाने के निर्देश दिए।

महाराष्ट्र की सीमा से लगे जिलों में विशेष सावधानी बरतें

श्री चौहान ने कहा कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर सहित महाराष्ट्र की सीमा से लगे जिलों में कोरोना संक्रमण को रोकने विशेष सतर्कता बरती जाए। महाराष्ट्र से आने वाले वायुयान, ट्रेनों और बसों में आने वाले यात्रियों की थर्मल जाँच की जाए और रोको-टोको अभियान के अंतर्गत मास्क और अन्य उपायों के लिए प्रेरित किया जाए। महाराष्ट्र से होने वाले आवागमन को सीमित करने के संबंध में भी बैठक में विचार किया गया।

दुकानों पर बरतनी होंगी सावधानियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर सहित महाराष्ट्र की सीमा से लगे जिलों और 10 से अधिक कोरोना संक्रमण के प्रकरणों वाले जिलों में दुकानदारों को अपनी दुकान में कोरोना से बचाव के सभी सुरक्षात्मक उपाय करने होंगे। दुकान के सामने रस्सी लगाई जाए। दुकान पर आने वाले ग्राहकों के मध्य पर्याप्त दूरी रखी जाए। ग्राहकों को सैनिटाइजर का उपयोग करने और मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। जो दुकानदार इन सुरक्षा उपायों का पालन नहीं करेंगे उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अधिक कोरोना संक्रमण वाले जिलों में कोविड कमांड सेंटरों को सक्रिय रखा जाए और पर्याप्त चिकित्सकों की सेवाएं दी जाएं।

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि राज्य स्तर पर कोरोना संक्रमण एवं रोकथाम के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी अपने प्रभार के जिलों में सतत संपर्क बनाकर रखें। और उचित मार्गदर्शन देते रहें।

चिकित्सा इंतजामों की ली गई जानकारी

मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण से पीड़ित मरीजों के इलाज की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों, वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखे गए मरीजों के संबंध में जानकारी ली।

आईपीएल–2021 का कार्यक्रम हुआ घोषित

मुंबई, विश्व क्रिकेट की लोकप्रिय लीग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस वर्ष के सत्र का कार्यक्रम जारी हो गया है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने लीग का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 9 अप्रैल को मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई में खेला जायेगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 30 मई को अहमदाबाद में आयोजित होगा। आईपीएल के मुकाबले 6 शहरों- अहमदाबाद, चेन्नई, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु में खेले जायेंगे।

मेयो ग्रुप ऑफ कॉलेज

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त, म.प्र. मेडिकल साईंस विश्वविद्यालय, जबलपुर से मान्यता प्राप्त, इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश का अंतिम अवसर सत्र 2020-21

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग (एम.एस.सी नर्सिंग)– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	बैचलर इन फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) 6 माह इंटर्नशिप	4 वर्ष

क्रमांक 2 के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडे वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। आवेदन पत्र कॉलेज के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है। R-45363/2021 संचालक LAKECITY

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रं.-02, डी-16
कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
ई-मेल : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 27/2020-21 निर्माण कार्य ट्राफिक पार्क, जिला-शहडोल का कार्य (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_134238) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 06.04.2021 तक** खरीद कर सायं 18:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/100271/2021 R-45369 **परियोजना यंत्री**

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
REGIONAL OFFICE, INDORE
101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452001 (M.P.)
Phone: (O) 0731-2970611, 2974363, 2971311, Fax No. : 0731-2972629
Website : invest.mp.gov.in, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in (CIN : U51102MP1977SGC001392)
No. MPIDC/RO/IND/TECH/20/4612 Date : 12.03.2021

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited on behalf of the Executive Director, MPIDC RO Indore, from registered Contractors in any State/Central Government/any Government undertaking or reputed firms for the work of **'Survey & Demarcation (DGPS & total station survey) work in various Industrial area of MPIDC RO Indore'.**
The last date of submission of tender **19.03.2021** & PAC- Rs. 2 Lakh, EMD - Rs. 4000/-, Cost of tender form - 1180/-. Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portal.
M.P. Madhyam/100283/45368/2021 **EXECUTIVE ENGINEER**

(पिछले पृष्ठ का शेष)

6. उम्मीदवारों को पासवर्ड किसी व्यक्ति को बताना नहीं चाहिए.
7. ऑनलाइन आवेदन जमा करने में सहायता हेतु उम्मीदवार केवल कार्य दिवसों को **सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक फोन सं. 7036370366 पर** संपर्क कर सकते हैं या ई-मेलः **ehelpdesk4@gmail.com** पर अपना पूछताछ भेज सकते हैं.
8. सभी सूचनाएं और ताजा जानकारियां वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी, जैसे उम्मीदवारों को नियमित साइट देखनी चाहिए. डाक द्वारा अलग से कोई व्यक्तिगत सूचना नहीं भेजी जाएगी.
9. **कनिष्ठ अभियंता (सिविल)** के पद हेतु आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे विज्ञापन में दिए गये पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं. अर्हता संबंधी पात्रता की जांच आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के संदर्भ में कर लेनी चाहिए. ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु विस्तृत निर्देश वेबसाइट पर लिंक 'एप्लीकेशन फॉर दी पोस्ट ऑफ़ जूनियर इंजीनियर (सिविल)' पर उपलब्ध हैं.

सूची प्रदर्शन और लिखित परीक्षा के संचालन हेतु कार्यक्रमः

गतिविधि	तिथि और समय
आवेदन ऑनलाइन भरने और जमा करना शुरू करने की तिथि	**8 मार्च 2021– सुबह 11:00 बजे से**
शुल्क सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	**30 मार्च 2021– शाम 5:00 बजे तक**
निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन और शुल्क जमा करने वाले उम्मीदवारों की 'शुल्क सुनिश्चितता सूची' का प्रदर्शन	**5 अप्रैल 2021**
शुल्क सुनिश्चितता सूची' में नाम नहीं होने पर शुल्क जमा करने के प्रमाण जमा करने की तिथि	**12 अप्रैल 2021**
लिखित परीक्षा के संचालन हेतु कार्यक्रम का प्रदर्शन	विज्ञापन की अंतिम तिथि के बाद वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे.

1. लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्र की सूचना प्रवेश-पत्रक-सह-अनुक्रमांक पर्ची डाउनलोड करते समय दी जाएगी. उम्मीदवार **ई-प्रवेश-पत्रक-सह-अनुक्रमांक पर्ची** और हाल के फोटो के साथ निर्धारित समय से कम-से-कम 2 घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करेंगे. उम्मीदवारों हेतु विस्तृत निर्देश वेबसाइट और ई-प्रवेश-पत्रक में दिए जाएंगे.
2. परीक्षा केंद्र में परिवर्तन के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किये जाएंगे.
3. चयन पूर्णतया पात्रता शर्तों के पूरा करने के अधीन लिखित परीक्षा में मेधा के आधार किये जाएंगे और लिखित परीक्षा में शामिल होने मात्र से उम्मीदवार को नियुक्ति के कोई अधिकार प्राप्त नहीं होंगे. इसीलिए, उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे आवेदित पद की पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं.

सामान्य निर्देशः

1. नियुक्त उम्मीदवारों को निर्धारित परिलब्धियां दी जाएंगी, जो पद के न्यूनतम पे बैंड या डी.सी. दर में होंगे, जो 3 वर्ष की परिवीक्षा की अवधि और बढ़ाई गयी किसी परिवीक्षा की अवधि के दौरान ज्वाइन करने की तिथि से उच्चतर होगी और यात्रा भत्ते को छोड़कर किसी प्रकार के ग्रेड पे, वार्षिक वेतन-वृद्धि और अन्य भत्ते नहीं दिए जाएंगे. परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरा करने पर उन्हें पंजाब सरकार द्वारा अधिसूचित और चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा पालन किये जाने हेतु सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार **कनिष्ठ अभियंता (सिविल)** के सदृश पदों हेतु देय न्यूनतम वेतनमान तथा परिवीक्षा की अवधि पूरा करने की तिथि से अन्य भत्ते दिए जाएंगे. 3 वर्ष और किसी बढ़ाई गयी परिवीक्षा की अवधि की गणना पद के टाइम स्केल में समर्पित अवधि के रूप में नहीं की जाएगी.
2. भरे हुए और विधिवत सत्यापित आवेदन-पत्र तथा स्वघोषणा प्रपत्र प्राप्ति के बाद चयनित उम्मीदवार हेतु अनंतिम नियुक्ति-पत्र जारी किये जाएंगे. उम्मीदवारों के चरित्र और प्रत्यय-पत्रों के गलत होने या उम्मीदवारों द्वारा दी गयी किसी असत्य जानकारी के गलत पाए जाने या उम्मीदवार द्वारा कोई असत्य जानकारी अपने स्वघोषणा में दी गयी होने पर अनंतिम नियुक्ति-पत्र उसी समय रद्द कर दिए जाएंगे और उसके बदले कोई अन्य आपराधिक तथा कानूनी कारवाई की जाएगी.
3. प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत मेधा के आधार पर उम्मीदवारों को नियुक्ति दी जाएगी और लिखित परीक्षा में भी उत्तीर्ण अन्य सभी उम्मीदवारों को प्रतीक्षा सूची में रखा जाएगा, जो रिक्तियों के प्रकाशन की तिथि से एक वर्ष की अवधि तक लागू होंगे.
4. रिक्तियों की संख्या अनंतिम हैं, जिसमें अपेक्षा के अनुसार परिवर्तन किये जा सकते हैं.
5. शैक्षिक अर्हता में अंकों के मूल्यांकन जहां कहीं भी ग्रेड (सीजीपीए) के अनुसार हो, वहां उम्मीदवार को रूपांतरण स्केल संलग्न करना चाहिए.
6. आरक्षित श्रेणी के लाभ के दावे करने हेतु प्रलेख न्यूनतम उपायुक्त/ अपर उपायुक्त/ एसडीएम/ जिला सैनिक कल्याण बोर्ड/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रैंक के सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त होना चाहिए.
7. उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन-पत्र पर उनके द्वारा चिपकाए गये फोटो हाल के हैं.
8. पद पर चयन की पद्धति और आवेदक की पात्रता शर्तों के बारे में विभाग के निर्णय अंतिम और बाध्य होंगे. इस संदर्भ में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किये जाएंगे.
9. एक या एक से अधिक उम्मीदवारों के कुल अंक समान होने पर अधिक आयु के उम्मीदवार को मेधा के क्रम में उच्चतर रैंक दिया जाएगा. फिर भी, उनकी जन्मतिथि समान होने पर तकनीकी प्रपत्र अर्थात लिखित परीक्षा के पार्ट-I में उच्चतर अंक वाले उम्मीदवार को अंतिम चयन के समय मेधा सूची के क्रम में उच्चतर रैंक दिया जाएगा.
10. उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उनके द्वारा की गई किसी गलती के लिए उत्तरदायी होंगे और विभाग तथा एनआईटीटीटीआर किसी भी रूप में उत्तरदायी या जिम्मेवार नहीं होगा.
11. किसी भी पद पर लियन सहित चंडीगढ़ प्रशासन के अंतर्गत पहले से कार्यरत कर्मचारी नये पद पर परिवीक्षा की अवधि के दौरान लियन पद के वेतन के हकदार होंगे.
12. न्यायालय के अधिकार-क्षेत्र, यदि कोई हो तो केवल चंडीगढ़ में होंगे.
13. सभी पद अस्थायी हैं, किन्तु, जारी रखे जा सकते हैं.

अधीक्षण अभियंता
निर्माण सर्किल-II
सं.रा.क्षे. सचिवालय, दूसरा तल
डीलक्स बिल्डिंग, सेक्टर-9-डी

कदाचार/ गलत माध्यमों के उपयोग के दोषी उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई

उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि उन्हें ऐसा कोई विवरण प्रस्तुत नहीं करना चाहिए, जो असत्य, क्षतिग्रस्त या मनगढ़ंत हो और ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय किसी तथ्यगत जानकारी को दबाना नहीं चाहिए. परीक्षा या बाद के चयन प्रक्रिया के समय यदि कोई उम्मीदवार निम्नांकित का दोषी पाया (या रह चुके हों) जाता है, तोः **(i)** गलत माध्यमों का उपयोग करते हुए **या (ii)** छद्मरूपधारण या किसी व्यक्ति द्वारा छद्मरुपन करने **या (iii)** परीक्षा में दुर्व्यवहार या परीक्षा सामग्रियों के खुलासा, प्रकाशन, पुनर्प्रस्तुत करने पर, प्रसारण, भंडारण या प्रसारण भंडारण को या किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम, मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिकी या यांत्रिक रूप से किसी कार्य के लिए सम्पूर्ण जानकारियां उसके किसी भाग को सुविधाजनक बनाया हो **या (iv)** अपनी उम्मीदवारी के संदर्भ में किसी अनियमित या अनुचित माध्यमों का चुनाव किया हो **या (v)** मोबाइल फोन (स्विच ऑफ मोड में भी), पेजर या कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या प्रोग्राम वाले डिवाइस या भंडारण के माध्यम जैसे पेन ड्राइव, स्मार्ट वॉच आदि या कैमरा या ब्लूटूथ डिवाइस या अन्य कोई उपकरण या परीक्षा हॉल में किसी संचार डिवाइस के रूप में उपयोग किये जाने में सक्षम कार्यरत या स्विच ऑफ मोड में संबंधित उपकरण लाया हो, ऐसे उम्मीदवार को आपराधिक अभियोजन का जिम्मेवार माने जाने के अतिरिक्त निम्नांकित का भी जिम्मेदार माना जाएगाः **(क)** उस परीक्षा से अयोग्य किया जाना, जिसके लिए वह एक उम्मीदवार है, **(ख)** चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा संचालित किसी परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी विशिष्ट अवधि के लिए रोका जाना, **(ग)** सेवा से निष्कासन हेतु, यदि उन्होंने नियमों के अनुसार चंडीगढ़ प्रशासन को पहले से ज्वाइन किया है.

राष्ट्रीय प्रवेश जांच परीक्षा (रा.प्र.जां.प.) 2021

रा.वि.शि.अ.सं., भुवनेश्वर और मु.वि.-प.ऊ.वि. मौ.वि.प्र.कें., मुंबई
परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संस्थान
में 5-वर्षीय एकीकृत एम.एससी. कार्यक्रमों में प्रवेश

रा.प्र.जां.प. के बारे में :

राष्ट्रीय प्रवेश जांच परीक्षा या रा.प्र.जां.प., राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा और अनुसन्धान संस्थान (रा.वि.शि.अ.सं.), भुवनेश्वर और मुंबई विश्वविद्यालय- परमाणु ऊर्जा विभाग, मौलिक विज्ञान प्रकर्ष केंद्र (मु.वि.-प.ऊ.वि. मौ.वि.प्र.कें.), मुंबई में मौलिक विज्ञानों में 5-वर्षीय एकीकृत एम.एससी. कार्यक्रम में प्रवेश के लिए एक अनिवार्य परीक्षा है. रा.वि.शि.अ.सं. एवं मौ.वि.प्र.कें. दोनों परमाणु ऊर्जा विभाग (प.ऊ.वि.), भारत सरकार द्वारा 2007 मे स्थापित स्वायत्त संस्थान हैं. रा.प्र.जां.प. 2021 समस्त भारत के लगभग 90 शहरों और नगरों में सोमवार, **14 जून, 2021** को संचालित किये जाएंगे. परीक्षा केन्द्रों की सूची रा.प्र.जां.प. 2021 के ऑनलाइन एप्लीकेशन पोर्टल (**वेबसाइट : www.nestexam.in**) पर और विवरण-पुस्तिका में प्रकाशित की जाएगी. उम्मीदवारों के चयन रा.प्र.जां.प. 2021 परीक्षा के आधार पर किये जाएंगे. रा.प्र.जां.प. और मु.वि.- प.ऊ.वि. मौ.वि.प्र.कें. में सत्र 2021-26 के लिए क्रमशः **200+2* और 57+2*** छात्रों को लिया जाएगा. सीटों के आरक्षण भारत सरकार के नियमों के अनुसार होंगे (* जम्मू एवं कश्मीर की अधिवासिता प्रमाण-पत्र धारकों हेतु अतिरिक्त कोटा).

कार्यक्रम में प्रवेश पा चुके उम्मीदवार परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के दिशा कार्यक्रम के माध्यम से रु. 60000/- की वार्षिक छात्रवृत्ति लेने के पात्र होंगे. इसके अतिरिक्त, छात्रवृत्ति स्पर्धी ग्रीष्मकालीन अन्तः शिक्षुता के लिए रु. 20000/- प्रति वर्ष के अनुदान प्राप्त करेंगे. इंस्पायर-शी कार्यक्रम हेतु डीएसटी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को रा.वि.शि.अ.सं.और मौ.वि.प्र.कें. द्वारा इंस्पायर छात्रवृत्ति के लिए चुना जाएगा. रा.वि.शि.अ.सं.और मौ.वि.प्र.कें. के शीर्ष उम्मीदवार बीएआरसी प्रशिक्षण विद्यालय के चयन साक्षात्कार में सीधे भाग ले सकते हैं. कार्यक्रम के छात्र वर्तमान में भारत और विदेशों में ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों और संस्थानों में पीएच.डी. कर रहे हैं.

आवेदन कौन कर सकते हैं	आवेदन कैसे करें	शुल्क एवं भुगतान की पद्धति
अर्हता : रा.वि.शि.अ.सं. और मु.वि.-प.ऊ.वि. मौ.वि.प्र.कें. में सत्र 2021-26 में प्रवेश चाहने वाले उम्मीदवारों को कक्षा XII में विज्ञान संकाय (जीव-विज्ञान/रसायन विज्ञान/गणित/भौतिकी में से किसी भी समूह वाले) से होना चाहिए. भारत के किसी भी मान्यताप्राप्त बोर्ड से 2019 या 2020 में XII वीं परीक्षा उत्तीर्ण या 2021 में शामिल होने वाले उम्मीदवार रा.प्र.जां.प. 2021 में भाग ले सकते हैं. प्रवेश केवल रा.प्र.जां.प. 2021 की मेधा सूची के आधार पर दिए जाएंगे. कक्षा XII की परीक्षा में कुल कम-से-कम 60% अंक या समतुल्य ग्रेड प्राप्त उम्मीदवार रा.प्र.जां.प. और मौ.वि.प्र.कें. में प्रवेश के लिए पात्र होंगे. अनुसूचित जाति (अजा), अनुसूचित जनजाति (अजजा) और दिव्यांगजन श्रेणियों के उम्मीदवारों हेतु न्यूनतम अपेक्षित अंक कुल 55% होंगे. जहाँ केवल लेटर ग्रेड दिए गये हैं, वहां अंकों की समतुल्य प्रतिशतता निर्दिष्ट बोर्ड से प्राप्त एक प्रमाण-पत्र अपेक्षित होगा. **आयु सीमा :** 01 अगस्त 2021 को या उसके बाद जन्म लेने वाले सामान्य और अपिव उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र होंगे. अजा/अजजा/दिव्यांगजन उम्मीदवारों को आयु में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी. रा.प्र.जां.प. 2021 हेतु आवेदन करने के लिए उम्मीदवार केवल ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग करते हुए आवेदन-पत्र भर सकते हैं.	रा.प्र.जां.प. 2021 के आवेदन के लिए, उम्मीदवार आवेदन पत्र भरने के लिए **केवल ऑनलाइन पोर्टल** का उपयोग करें. आवेदन हेतु उम्मीदवारों को **www.nestexam.in** देखना चाहिए. उम्मीदवारों को वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत ऑनलाइन आवेदन-प्रक्रिया को दृढ़तापूर्वक पढ़ लेना चाहिए.	**आवेदन-शुल्क :** सामान्य/अपिव श्रेणी के पुरुष उम्मीदवारों हेतु आवेदन-शुल्क रु.1200/- होंगे. अजा/अजजा/दिव्यांगजन श्रेणियों और सभी महिला उम्मीदवारों हेतु आवेदन-शुल्क रु. 600/- **भुगतान की पद्धति : केवल ऑनलाइन** उम्मीदवार ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं, जहाँ शुल्क का भुगतान क्रेडिट/डेबिट कार्ड और नेट-बैंकिंग की सुविधा का उपयोग करते हुए कर सकते हैं.

रा.प्र.जां.प. 2021 परीक्षा : यह एक "ऑनलाइन/ कंप्यूटर आधारित" परीक्षा है, जिसमें चार सेक्शन होंगे. सभी सेक्शन में क्रमशः जीव-विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और भौतिकी के प्रश्न होंगे. मेधा सूची तैयार करने के लिए केवल तीन सबसे अच्छे विषय-अंक लिए जाएंगे. रा.प्र.जां.प. 2021 के प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे, जो उम्मीदवारों के विषय की समझ और विश्लेषण की योग्यता की जांच करने के लिए तैयार किये जाएंगे. परीक्षा की अवधि साढ़े तीन घंटे की होगी. रा.प्र.जां.प. 2021 की विस्तृत जानकारी, आवेदन-प्रक्रिया, चयन की शर्तों और पिछले वर्षों के प्रश्न-प्रपत्र हेतु रा.प्र.जां.प. 2021 की वेबसाइट : www.nestexam.in देखें.

पत्राचार का पता :

मुख्य समन्वयक, रा.प्र.जां.प. 2021 रा.वि.शि.अ.सं. भुवनेश्वर,
डाक- जटनी, जटनी, खुर्दा- 752050, ओडिशा, भारत
ई-मेल : nest-exam@niser.ac.in
वेबसाइट : www.nestexam.in

महत्वपूर्ण तिथियां :

- पंजीकरण/ऑनलाइन आवेदन शुरू करने की तिथि : **24 फरवरी 2021**
- ऑनलाइन आवेदन बंद होने की तिथि : **30 अप्रैल 2021**
- प्रवेश-पत्रक डाउनलोड करने की तिथि : **20 मई 2021**
- परीक्षा की तिथि और समय : **14 जून 2021 (सोमवार)**
  सुबह 9:00 बजे -दोपहर 12:30 बजे तक (प्रथम सत्र)
  अपराह्न 2:30 बजे - शाम 6:00 बजे तक (द्वितीय सत्र)
- रा.प्र.जां.प. की वेबसाइट पर परिणाम उद्घोषणा की तिथि : **30 जून 2021**

मुख्य समन्वयक, रा.प्र.जां.प. 2021

सीएसआईआर- जीनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान

(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)

माल रोड, दिल्ली विश्वविद्यालय (नार्थ) कैंपस, दिल्ली-110007

विज्ञापन सं. 1-1/2021

महत्वपूर्ण तिथियां

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय 22.03.2021 को 23:59 बजे होगी.
ऑनलाइन आवेदन के मुद्रण की अंतिम तिथि 23.03.2021 को 23:59 बजे होगी.
सीएसआईआर-आईजीआईबी में ऑनलाइन आवेदन के प्रिंटआउट प्राप्ति की अंतिम तिथि 07.04.2021 को शाम 5:00 बजे तक होगी.

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अनुसंधान में कैरियर हेतु एक विशिष्ट अवसर

सीएसआईआर- जीनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान (आईजीआईबी), दिल्ली वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के अंतर्गत एक अग्रणी संस्थान है, जो जीनोमिकी, आणविक औषधि, श्वसन और चर्म रोग, स्नायु जीव-विज्ञान, जैविक सूचना विज्ञान और रासायनिक एवं प्रणाली जीव-विज्ञान के क्षेत्रों में राष्ट्रीय महत्व के अनुसंधान कार्य करता है.

उत्कृष्ट शैक्षिक रिकॉर्ड और अति प्रेरित प्रेरणा रखने वाले तथा दिए गये क्षेत्रों में रूपांतरणात्मक अनुसंधान कार्य करने के उत्साहित, इच्छुक युवा भारतीय अनुसंधानकर्ताओं से वैज्ञानिक के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

पदों के विवरण और संबंधित परिलब्धियां तथा आयु सीमा नीचे दिए गये हैं:

पदों के नाम	रिक्तियों की सं. एवं आरक्षण	पे लेवल (पीएल) एवं पे मैट्रिक्स	*कुल परिलब्धियां (लगभग)	आयु सीमा **
वैज्ञानिक	4 अना-2, अपिव-1, ईडब्ल्यूएस-1	पीएल-11, रु. 67700-208700/-	रु. 83948/-	32 वर्ष
वरिष्ठ वैज्ञानिक	1 अना	पीएल-12, रु. 78800-209200/-	रु. 97712/-	37 वर्ष
प्रधान वैज्ञानिक	2 अना	पीएल-13, रु. 123100-215900/-	रु. 152644/-	45 वर्ष

*कुल परिलब्धियों का अर्थ मकान किराया भत्ता (म.कि.भ.) सहित न्यूनतम वेतनमान में लगभग कुल परिलब्धियों से है.

** आयु में छूट को छूट के कॉलम में देखें.

पदों के विवरण :

पद कोड	पदों की सं./ आरक्षण	नाम, क्षेत्र और अधिकतम आयु सीमा एवं पे लेवल (पीएल)	अनिवार्य शैक्षिक अर्हता एवं अनुभव	वांछनीय अनुभव
ए	पदों की सं.: 1 (प्रधान वैज्ञानिक), अना	प्रधान वैज्ञानिक कार्डियो श्वसन रोग; पीएल-13 आयु सीमा: 45 वर्ष.	जीवन विज्ञान या संबद्ध विषयों में पीएच.डी. और फेफड़ा रोगों के प्रयोगात्मक प्रतिरक्षा विज्ञान में 3 वर्ष का अनुभव	माइटोकॉड्रियल जीव-विज्ञान में अनुभव वांछनीय होगा.
बी	पदों की सं.: 1 (प्रधान वैज्ञानिक), अना	प्रधान वैज्ञानिक जीनोमिकी, पीएल-13 आयु सीमा: 45 वर्ष.	जीवन विज्ञान या संबद्ध विषयों में पीएच.डी. और मानवीय प्लूरीपोटेंट स्टेम सेल की एपिजेनेटिक प्रोग्रामिंग सहित स्टेम सेल जीव-विज्ञान में 3 वर्ष का अनुभव.	प्लूरीपोटेंट स्टेम सेल की रिपॉजिटरी की रचना और प्रबंधन में अनुभव वांछनीय होगा.
सी	पदों की सं.: 1 (वरिष्ठ वैज्ञानिक), अना	वरिष्ठ वैज्ञानिक एकीकृत जीव- विज्ञान, पीएल-12 आयु सीमा: 37 वर्ष.	जीवन विज्ञान या संबद्ध विषयों में पीएच.डी. और उच्च स्तर के कार्य कौशल सहित आणविक स्नायु जीव-विज्ञान में 2 वर्ष का अनुभव.	संजीन विज्ञान में अनुभव.
डी	पदों की सं.: 1 (वैज्ञानिक), अना	वैज्ञानिक एकीकृत जीव- विज्ञान, पीएल-11 आयु सीमा: 32 वर्ष.	जीवन विज्ञान या संबद्ध विषयों में पीएच.डी. जमा किये गये हों और वायरल या कैंसर जीव-विज्ञान/ प्रतिरक्षा विज्ञान में उच्च स्तर के कार्य कौशल हों.	एकल कोशिका के संजीन विज्ञान या प्रोटियोमिक्स.
ई	पदों की सं.: तीन (3) (वैज्ञानिक), अना-1, अपिव-1, ईडब्ल्यूएस-1	वैज्ञानिक, वृहद डाटा और सूचना विज्ञान, पीएल-11 आयु सीमा: 32 वर्ष.	कंप्यूटर साइंस/इलेक्ट्रॉनिकी/ संगणनात्मक जीव-विज्ञान/ जैव-चिकित्सा अभियांत्रिकी में एम.टेक. या विज्ञान में पीएच.डी. जमा किये गये हों और बड़े पैमाने पर मानवीय जैव-चिकित्सा डाटा के कार्य करने और मशीन शिक्षण के अनुप्रयोगों में उच्च स्तर के कार्य कौशल सहित डाटा मॉडलिंग की भाषाओं जैसे आर, पाइथन, पाई टॉर्च, टेंसर फ्लो आदि में निपुणता.	चिकित्सा डाटा के विश्लेषण में अनुभव.

अना: अनारक्षित, अजा: अनुसूचित जाति, अजजा: अनुसूचित जनजाति, अपिव: अन्य पिछड़ा वर्ग, शावि: शारीरिक रूप से विकलांग, ईडब्ल्यूएस: आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति.

सामान्य सूचना और शर्तें :

1. परिषद की सेवा के अंतर्गत लाभ:

क. उपरोक्त पदों हेतु सभी सामान्य भत्ते अर्थात मंहगाई भत्ता (म.भ.), मकान किराया भत्ता (म.कि.भ.), परिवहन भत्ता (प.भ.) आदि केंद्र सरकार के कर्मचारियों हेतु देय और वै.औ.अ.प. हेतु मान्य होंगे. परिषद के कर्मचारी उपलब्धता के आधार पर सीएसआईआर के आबंटित नियमों के अनुसार अपने अधिकृत टाइप के आवास-सुविधा के लिए भी पात्र होंगे, इस मामले में म.कि.भ. देय नहीं होंगे.

ख. प्रत्येक श्रेणी के पदों के सन्दर्भ में दी गयी परिलब्धियों के अतिरिक्त नई पेंशन योजना, 2004, चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति, छुट्टी यात्रा रियायत, वाहन अग्रिम और मकान निर्माण अग्रिम जैसे लाभ वै.औ.अ.प. के नियमों के अनुसार देय होंगे.

ग. सीएसआईआर के वैज्ञानिक को परामर्शदान और अ. एवं. वि. की परियोजना की गतिविधि करने की भी अनुमति होगी. ऐसी गतिविधियां उन्हें परामर्श-शुल्क और मानदेय वै.औ.अ.प. के दिशा-निर्देशों के अनुसार लेने के अवसर देती हैं. प्रशिक्षण/ प्रपत्रों के प्रस्तुतिकरण/ विशिष्ट नियत कार्य आदि हेतु विदेश प्रतिनियुक्ति के भी अवसर प्राप्त होंगे.

घ. सीएसआईआर वैज्ञानिकों के लिए मूल्यांकन पदोन्नति योजना के अंतर्गत कैरियर लाभ हेतु सुयोग्य उम्मीदवारों को उत्कृष्ट अवसर देती है.

2. अन्य शर्तें :

क. आवेदक को भारत का एक नागरिक होना चाहिए.

ख. सभी आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को विज्ञापन में निर्धारित पद की अनिवार्य अपेक्षाओं और अन्य शर्तों को पूरा करना चाहिए. उन्हें आवेदन करने से पहले स्वयं में संतुष्ट हो लेना चाहिए कि वे ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को विभिन्न पदों हेतु निर्धारित अनिवार्य अर्हताएं रखते हैं. पात्रता संबंधी किसी पूछताछ पर विचार नहीं किये जाएंगे.

निर्धारित अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम हैं और केवल उनके रखने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने के हकदार नहीं होंगे. विधिवत एकीकृत जांच समिति उम्मीदवारों के चयन के लिए अपनी शर्त लगा सकती है. इसलिए, उम्मीदवारों को आवेदन में न्यूनतम निर्धारित अर्हता से अधिक तथा उससे ऊपर की सभी अर्हताओं और सम्बंधित क्षेत्र में अनुभव को स्वसत्यापित प्रलेख देते हुए लिखना चाहिए. पीएच.डी. डिग्री पूरा करने पर उसकी गणना अनंतिम प्रमाण-पत्र/ अधिसूचना के जारी करने की तिथि से की जाएगी.

ग. आवेदन के साथ संबंधित शैक्षिक अर्हताओं, अनुभव की स्वसत्यापित प्रतियां होनी चाहिएं. निर्धारित अर्हताएं मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों/ संस्थानों आदि से प्राप्त की होनी चाहिए. अपूर्ण प्राप्त/अपेक्षित प्रमाण-पत्रों/ प्रलेखों के साथ नहीं होने वाले आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे.

घ. अनिवार्य अर्हताओं में समतुल्य क्लॉज़ के संदर्भ में यदि कोई उम्मीदवार विज्ञापन की अपेक्षा के अनुसार समतुल्य अर्हता के रूप में किसी खास अर्हता का दावा करता है, तो उम्मीदवार को इस संदर्भ में उस प्राधिकार (संख्या और तिथि सहित) का उल्लेख करते हुए आदेश/ पत्र प्रस्तुत करना चाहिए, जिसमें इसे मंजूरी दी गयी है, अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिये जाएंगे.

च. साक्षात्कार हेतु उम्मीदवार के चयन के लिए वैध अनुभव की गणना करते समय अंशकालिक, दैनिक मजदूरी, आमंत्रित/ अतिथि संकाय आधार पर किसी उम्मीदवार के अनुभव की अवधि की गिनती नहीं की जाएगी.

छ. कोई प्रलेख/ प्रमाण-पत्र हिंदी या अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में जमा करने पर किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित एक लिप्यंतरण संलग्न किया जाना चाहिए.

ज. अधिकतम आयु सीमा, अर्हताओं तथा/अथवा अनुभव निर्धारण की तिथि ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि होगी.

झ. निर्धारित किसी विषय/ कार्य-क्षेत्र में अनुभव की अवधि की गिनती उस ग्रेड के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हताएं प्राप्त करने की तिथि के बाद की जाएगी.

ट. भारत सरकार के निर्देशों के अंतर्गत निर्धारित पात्रता शर्तें पूरा करने वाले विकलांग व्यक्ति (शावि) को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है.

ठ. किसी उम्मीदवार के विदेश में रहने पर उनकी उम्मीदवारी पर लिखित रूप से अनुरोध करने पर चयन समिति द्वारा उनकी अनुपस्थिति में विचार किया जा सकता है.

ड. केवल साक्षात्कार हेतु बुलाए और पात्र पाए गये बाहरी उम्मीदवारों को ही यात्रा शुरू करने के वास्तविक स्थान या उनके निवास के स्थान, जो भी दिल्ली रेलवे स्टेशन के निकट होगा, से रेल टिकट/ रेल टिकट संख्या या यात्रा के अन्य कोई प्रमाण प्रस्तुत करने पर आने तथा जाने हेतु एकल द्वितीय श्रेणी के रेल भाड़े दिए जाएंगे.

ढ. आवेदन में दी गयी या मूल प्रलेखों में प्रमाणित जानकारी के बीच पायी गयी कोई विसंगति उम्मीदवार को साक्षात्कार में शामिल होने के लिए अपात्र कर देगा. ऐसे उम्मीदवार को किसी प्रकार के भाड़े नहीं दिए जाएंगे.

ण. पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या निरस्ती, चयन की पद्धति और परीक्षा/ साक्षात्कार के संचालन से संबंधित सभी मामलों में सीएसआईआर-आईजीआईबी के निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के ऊपर बाध्य होंगे.

त. किसी भी रूप में सिफारिश करने तथा/ अथवा राजनीतिक या अन्य कोई सूत्र लाने पर पद हेतु अपात्रता मानी जाएगी.

थ. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किए जाएंगे. अपूर्ण आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे.

द. केवल अनिवार्य शैक्षिक अर्हताओं तथा/ अथवा अनुभव के पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने के हकदार नहीं होंगे. संस्थान आवेदनों की छंटनी करने के अपनी शर्त को निर्धारित करेगा.

ध. किसी विषय/ कार्य क्षेत्र में अनुभव की अवधि की गणना न्यूनतम निर्धारित शैक्षिक अर्हता की प्राप्ति की तिथि से की जाएगी.

न. दी गयी रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और चयन के समय परिवर्तन की जा सकती है.

प. चयन से संबंधित सभी मामलों में निदेशक, आईजीआईबी के निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के ऊपर बाध्य होंगे. अंतरिम पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा.

3. छूट:

क. यद्यपि, अधिकतम आयु सीमा लागू सरकारी आदेशों के अनुसार अजा/ अजजा हेतु 05 वर्ष और अपिव हेतु 03 वर्ष तक साक्षात्कार के समय निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित निर्धारित प्रारूप में संबंधित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर केवल उन मामलों में शिथिलनीय होगी, जहां पद को संबंधित श्रेणियों के लिए आरक्षित किया गया है.

ख. अधिकतम आयु सीमा सीएसआईआर के प्रयोगशालाओं/ संस्थानों, सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों के लिए भी 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

ग. भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार विधवा, तलाकशुदा महिला और अपने पति से न्यायायिक रूप से अलग महिला हेतु छूट की आयु, अधिकतम आयु सीमा विधवा, तलाकशुदा महिला और अपने पति से न्यायायिक रूप से अलग महिला, जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, हेतु 35 वर्ष (आरक्षित पदों के संदर्भ में अनुसूचित जातियों/ अनुसूचित जनजातियों हेतु 40 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 38 वर्ष तक) की आयु तक शिथिलनीय होगी. इस उप-पैरा के अंतर्गत आयु में छूट के दावे करने वाले व्यक्ति को निम्नांकित प्रलेख प्रस्तुत करने होंगे:

i. विधवा होने पर अपने पति के मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र कि उन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है.

ii. तलाकशुदा महिला और अपने पति से न्यायायिक रूप से अलग महिला होने पर तलाकशुदा महिला होने और पुनर्विवाह नहीं करने के संदर्भ में एक शपथ-पत्र सहित आवश्यकतानुसार तलाक या न्यायायिक रूप से अलग होने की सच्चाई के प्रमाण हेतु उपयुक्त न्यायालय के निर्णय/डिक्री की प्रमाणित प्रति.

घ. **शारीरिक रूप से विकलांग (शावि) व्यक्तियों हेतु आयु में छूट:** ग्रुप 'ए' पदों/ सेवाओं में नियुक्ति के लिए नेत्रहीन, बधिर-मूक और अस्थि विकलांग व्यक्तियों को आयु में 5 वर्ष (आरक्षित पदों के संदर्भ में अजा/ अजजा हेतु कुल 10 वर्ष और अपिव हेतु 8 वर्ष) की छूट की अनुमति होगी. इस उप-पैरा के अंतर्गत आयु में छूट के दावे करने वाले व्यक्तियों को अपने दावे के समर्थन में निर्धारित प्रारूप में एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे, जिसमें स्पष्ट लिखा हो कि शारीरिक विकलांगता की डिग्री 40% या उससे अधिक है. किसी भी मामले में इन उम्मीदवारों की नियुक्ति सीधी भर्ती के चयन द्वारा भरी जाने वाली प्रत्येक ग्रुप 'ए' पदों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित चिकित्सा स्वस्थता के मानदंडों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ पाए जाने पर की जाएगी.

च. 5 वर्ष की छूट 01.01.1980 से 31.12.1989 तक की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर डिवीजन में सामान्यतया अधिवासित उम्मीदवारों को भी संबंधित प्राधिकारी से प्राप्त प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर दी जाएगी.

4. आवेदन कैसे करें:

क. पात्र उम्मीदवारों को हमारी वेबसाइट: **http://www.igib.res.in** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना चाहिए.

ख. किसी उम्मीदवार के पास वैध ई-मेल आईडी नहीं होने पर उन्हें ऑनलाइन आवेदन करने से पहले एक नई वैध ईमेल आईडी बनानी चाहिए.

ग. **ऑनलाइन आवेदन हमारी वेबसाइट पर 22.03.2021 को 23:59 बजे तक उपलब्ध रहेंगे.**

घ. **आवेदन-शुल्क:** रु. 100/- के आवेदन-शुल्क का भुगतान निम्नांकित में से एक ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से किया जाना चाहिए: 'क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड/ नेट बैंकिंग'. सभी लागू सेवा खर्चे अर्थात बैंक खर्चे का वहन केवल आवेदक को करने होंगे. आवेदन पूरा नहीं करने वाले या जिनके आवेदन निरस्त कर दिए गये हैं, ऐसे आवेदक द्वारा भुगतान किये गये आवेदन-शुल्क वापस नहीं किये जाएंगे. एक बार भुगतान किये जा चुके आवेदन-शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किये जाएंगे, न ही उसे अन्य किसी परीक्षा के संदर्भ में समायोजित नहीं किये जाएंगे.

उम्मीदवारों को यूटीआर संख्या/ लेन-देन संख्या और तिथि सहित ऑनलाइन भुगतान प्रणाली से जमा किये गये आवेदन-शुल्क की प्राप्ति-रसीद लेनी चाहिए और उसे ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करना चाहिए. जमा किये गये आवेदन-शुल्क की प्राप्ति-रसीद की मुद्रित प्रति के पीठ पर निम्नांकित विवरण लिखने चाहिए: 1. उम्मीदवार का नाम, 2. आवेदन सं., 3. आवेदित पद कोड, 4. उम्मीदवार की श्रेणी.

अजा/ अजजा/ शावि/ महिला/ सीएसआईआर के कर्मचारी/ विदेशों में रहने वाले उम्मीदवारों की श्रेणी के उम्मीदवार आवेदन-शुल्क जमा करने से मुक्त होंगे.

च. विश्वविद्यालयों/ संस्थान द्वारा सीजीपीए/ एसजीपीए/ ओजीपीए ग्रेड आदि दिए जाने पर उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय/संस्थान के अनुसार फार्मूला पर आधारित प्रतिशतता में उसे परिवर्तित करना चाहिए.

छ. सफलतापूर्ण ऑनलाइन आवेदन जनित **'आवेदन संख्या'** निर्दिष्ट करते हुए **सब्मिट बटन** क्लिक करने के बाद प्रदर्शित पृष्ठ के साथ देनी चाहिए. उसे सावधानीपूर्वक लिख लें और सुरक्षित रख लें. यदि आप उसे सुरक्षित नहीं रखते हैं, तो आप आवेदन पुनर्मुद्रित नहीं कर सकेंगे.

ज. यदि उम्मीदवार आवेदन को रूपांतरित करना/ वापस लेना चाहते हैं, तो ऑनलाइन आवेदन को रद्द करने हेतु 'कैंसिल' का विकल्प है. ध्यान दें कि एक बार रद्द किये जा चुके आवेदन किसी भी चरण में वापस नहीं लिए जा सकेंगे. यदि आपने आवेदन रद्द कर दिया है तो विज्ञापन के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि से पहले पुनः आवेदन करें. किसी विवरण को रूपांतरित करने के बाद पुनः नया प्रिंट आउट लेना याद रखें.

झ. स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार के हाल के एक फोटो सहित प्रमाण-पत्रों, अंकपत्रों, आयु, शैक्षिक अर्हताओं, अनुभव के समर्थन में शंसापत्रों, प्रकाशित रचनाओं के पुनर्मुद्रण और लागू हो तो जाति प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रतियों के साथ कंप्यूटर द्वारा जनित आवेदन (प्रिंटआउट)

'---------- पद (पद कोड ----------) हेतु आवेदन' लिखित एक लिफाफे में डाक द्वारा प्रशासनिक अधिकारी, सीएसआईआर- जीनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान, विश्वविद्यालय परिसर, माल रोड, दिल्ली-110007 के पते पर भेजना चाहिए. आवेदन 07.04.2021 के शाम 5:00 बजे तक या उससे पहले पहुंच जाना चाहिए. एक से अधिक पद हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को पद की कोड सं. लिखकर प्रत्येक पद हेतु अलग-अलग आवेदन-पत्र जमा करना चाहिए.

ट. एक बार भेजे जा चुके आवेदन को वापस लेने की अनुमति नहीं होगी और एक बार भुगतान किये जा चुके शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किये जाएंगे, न ही उसे अन्य किसी भर्ती या चयन प्रक्रिया के लिए सुरक्षित ही रखा जाएगा.

ठ. सरकारी विभागों के कर्मचारियों के आवेदन पर उचित माध्यम से अग्रेषित, नियोक्ता द्वारा प्रमाणित होने पर ही विचार किये जाएंगे कि चयन होने पर आवेदक को नियुक्ति आदेश की प्राप्ति से एक माह के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा. सतर्कता अनापत्ति रिकॉर्ड भी की जानी चाहिए. यद्यपि, आवेदन की अग्रिम प्रति अंतिम तिथि से पहले जमा की जा सकती है. उचित माध्यम से भेजे गये आवेदन सीएसआईआर-आईजीआईबी में यथाशीघ्र पहुंच जाने चाहिए.

ड. उम्मीदवारों को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए कि किसी भी कारणवश (जैसे लिफाफे पर गलत पता लिखा होने, कहीं और डिलीवर किये जाने, डाक की देरी आदि होने पर) अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किये जाएंगे.

ढ. अपूर्ण आवेदनों (अर्थात फोटो के बिना, अहस्ताक्षरित और आवेदन-शुल्क, देय शंसापत्रों आदि के बिना) पर विचार नहीं किये जाएंगे और निरस्त कर दिए जाएंगे.

डाक द्वारा भेजे गये आवेदन-पत्र के साथ निम्नांकित प्रलेख संलग्न किये जाने चाहिएं:

क. आवेदन-पत्र पर चिपके और आर-पार पूर्ण हस्ताक्षरित रंगीन फोटो.

ख. जन्मतिथि प्रमाण-पत्र की स्वसत्यापित फोटोकॉपी.

ग. शैक्षिक अर्हता प्रमाण-पत्रों की स्वसत्यापित फोटो कॉपियां.

घ. जाति प्रमाण-पत्र की स्वसत्यापित फोटोकॉपी, यदि लागू हो तो.

च. अनुभव प्रमाण-पत्रों की स्वसत्यापित फोटोकॉपियां, यदि कोई हो तो.

छ. उक्त प्रकाशित 5 प्रपत्रों की हार्ड कॉपी.

परीक्षा नियंत्रक
सीएसआईआर-आईजीआईबी

टिप्पणी: इस विज्ञापन के अंग्रेजी और हिंदी रूपांतरण के बीच कोई विसंगति होने पर अंग्रेजी भाषा के रूपांतरण मान्य होंगे.

विकास योजनाओं के लिये की जाएगी शत-प्रतिशत वित्तीय व्यवस्था

भोपाल, विकास गतिविधियों और जन-कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन राजस्व संग्रहण पर निर्भर है। हम पैसे की कमी की बात कभी नहीं करेंगे, अपितु परिश्रम और अथक प्रयास कर लक्ष्य से अधिक राजस्व संग्रहण पर ध्यान देंगे। विकास और जन-कल्याणकारी योजनाओं के लिये शत-प्रतिशत वित्तीय व्यवस्था की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित राजस्व संग्रहण से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना काल की कठिन परिस्थितियों में भी राजस्व संग्रहण संबंधी सभी विभागों ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए पर्याप्त संग्रहण सुनिश्चित किया है। इसके लिये वे बधाई के पात्र हैं। आगामी वर्ष में भी सभी विकास गतिविधियों और जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिये वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में वैट-सीएसटी, जीएसटी, आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीयन, खनिज, परिवहन, ऊर्जा, वन, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन के निर्धारित लक्ष्यों तथा प्राप्तियों की समीक्षा की गई।

नर्सिंग स्टाफ ने कोरोना काल में दी अमूल्य सेवाएं - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार हर आवश्यक फैसला लेगी। सम्मान और सुरक्षा के साथ ही महिलाओं की शिक्षा, उनके प्रति समानता का व्यवहार और उन्हें स्वावलंबन का अवसर उपलब्ध करवाना राज्य सरकार अपना प्राथमिक दायित्व मानती है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने हमीदिया अस्पताल पहुंचकर कोविड-19 के समय में सेवाएं देने वाले नर्सिंग स्टाफ से बातचीत के दौरान कहीं। मुख्यमंत्री ने नर्सिंग स्टाफ का हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने नर्सिंग स्टाफ से कहा कि आपके द्वारा कोरोना काल में दी गई सेवाएं महत्वपूर्ण और अमूल्य हैं। मैं आपकी उन अद्भुत सेवाओं के लिए प्रणाम करने आया हूं। इस कठिन दौर में आप सभी ने बहुत समर्पित भाव से कार्य किया। यह साहस का प्रतीक और मानवता के पक्ष में किया गया कार्य भी है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कोरोना काल में कार्य करने वाली सिस्टर्स के अनुभव भी सुने। सुश्री रीता, सुश्री रेवती पटेल, सुश्री आरती यादव ने बताया कि उन्होंने अपने परिजनों का ध्यान रखते हुए अस्पताल में कोरोना रोगियों की सेवा की। काफी भय का वातावरण भी था। कई बार परिजन इस ड्यूटी को न करने का परामर्श देते थे। पीपीई किट धारण करने के बाद गर्मी के दिनों में बहुत तकलीफ होती थी, लेकिन यह विश्वास था कि हम एक दिन जीतेंगे। सिस्टर्स ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन, भोपाल के प्रशासन और राज्य सरकार द्वारा उन्हें सभी आवश्यक सामग्री, औषधियां आदि बिना समस्या के उपलब्ध करवाई गईं। इस वजह से वे कोरोना जैसी संकट की घड़ी में निरंतर कार्य करती रहीं। मुख्यमंत्री ने नर्सिंग स्टाफ को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व में नर्सिंग स्टाफ के लिए अस्पताल परिसर में शिशु केंद्र के संचालन की व्यवस्था रही है। इसे अब पुनः शुरू करवाया जा सकता है। भोपाल शहर के विस्तार के कारण स्टाफ को काफी दूरी कर आना पड़ता है। इससे छोटी आयु के बच्चों की देखभाल में समस्या आती है। मुख्यमंत्री ने कमिश्नर भोपाल श्री कवीन्द्र कियावत को नवीन परिसर में शिशु केंद्र प्रारंभ किए जाने के संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

दतिया जल्द ही बनेगा एजुकेशन हब

दतिया, दतिया जल्द ही एजुकेशन हब के रूप में क्षेत्र में जाना जायेगा। यह बात गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दतिया में 3 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से निर्मित 8 कक्षों के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुये कही। उन्होंने कहा कि जिले के तीर्थ-स्थलों और धार्मिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए दतिया में संस्कृत महाविद्यालय भी शीघ्र ही प्रारंभ किया जायेगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि एक वर्ष में पत्रकारिता महाविद्यालय भी पुनः प्रारंभ किया जायेगा।

देश के हर व्यक्ति को मिले सस्ता और त्वरित न्याय - राष्ट्रपति

राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जबलपुर में ऑल इंडिया ज्यूडीशियल एकेडमीज डॉयरेक्टर्स रिट्रीट का शुभारंभ करते हुये।

जबलपुर, हमें देश के लोगों को शीघ्र, सुलभ और किफायती न्याय उपलब्ध कराने के प्रयास करना होगा। इसके लिये लोगों को उनकी अपनी बोली और भाषा में न्याय दिलाने की दिशा में कार्य करना होगा। ये बातें राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने जबलपुर के मानस भवन में आयोजित ऑल इंडिया ज्यूडीशियल एकेडमीज डॉयरेक्टर्स रिट्रीट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री रामनाथ कोविंद ने कहा कि निचली अदालतें देश की न्यायिक व्यवस्था का आधारभूत अंग हैं। इनमें प्रवेश से पहले, सैद्धांतिक ज्ञान रखने वाले विधि छात्रों को कुशल एवं उत्कृष्ट न्यायाधीश के रूप में प्रशिक्षित करने का महत्वपूर्ण कार्य हमारी न्यायिक अकादमियां कर रही हैं। अब जरूरत है कि देश की अदालतों, विशेष रूप से जिला अदालतों, में लंबित मुकदमों को शीघ्रता से निपटाने के लिए न्यायाधीशों के साथ ही अन्य न्यायिक अधिकारियों के प्रशिक्षण का दायरा बढ़ाया जाए।

राष्ट्रपति ने कहा कि मैं चाहता हूं कि सभी उच्च न्यायालय, अपने-अपने प्रदेश की अधिकृत भाषा में, जन-जीवन के महत्वपूर्ण पक्षों से जुड़े निर्णयों का प्रमाणित अनुवाद, सुप्रीम कोर्ट की भांति उपलब्ध और प्रकाशित कराएं, जिससे भाषायी सीमाओं के कारण वादी-प्रतिवादियों को निर्णय समझने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान की उद्देशिका को हमारे संविधान की आत्मा समझा जाता है। इसमें चार आदर्शों - न्याय, स्वतंत्रता, अवसर की समानता और बंधुता की प्राप्ति कराने का संकल्प व्यक्त किया गया है। इनमें भी 'न्याय' का उल्लेख सबसे पहले है।

श्री कोविंद ने कहा कि देश में 18 हजार से ज्यादा न्यायालयों का कप्यूटरीकरण हो चुका है। लॉकडाउन की अवधि में जनवरी 2021 तक पूरे देश में लगभग 76 लाख मामलों की सुनवाई वर्चुअल कोर्ट्स में की गई। साथ ही नेशनल ज्यूडीशियल डेटा ग्रिड, यूनिक आइडेंटि-फिकेशन कोड तथा क्यू.आर. कोड जैसे प्रयासों की सराहना विश्व-स्तर पर की जा रही है। अब ई-अदालत, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ई-प्रोसीडिंग्स, ई-फाइलिंग और ई-सेवा केन्द्रों की सहायता से जहां न्याय-प्रशासन की सुगमता बढ़ी है, वहीं कागज के प्रयोग में कमी आने से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण संभव हुआ है।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि न्यायपालिका देश की सबसे मूल्यवान संस्था है। प्रत्येक भारतीय को न्यायपालिका पर गर्व है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की वैश्विक महामारी के संकट की घड़ी में भी न्यायपालिका ने न्यायदान को बाधित नहीं होने दिया। न्यायपालिका का यह कार्य प्रशंसनीय है। श्रीमती पटेल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता और कौशल विकास के लिये प्रशिक्षण का महत्व सर्वज्ञात है। उन्होंने कहा कि शीघ्र न्याय की चुनौतियों से निपटने के लिये अकादमियों के प्रशिक्षुओं को तकनीक के बेहतरीन उपयोग के लिये प्रेरित करना चाहिए।

समारोह में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्री शरद अरविंद बोबडे ने कहा कि कार्यक्रम एक नई प्रक्रिया का आरंभ है। संवाद, नए आयाम स्थापित करता है एवं हम इसी प्रकार के संवाद का प्रारंभ कर रहे हैं। न्याय एक अनोखी प्रक्रिया है, न्यायदान के लिये मानव स्वभाव, सामाजिक परिवेश, राजनीतिक व्यवस्था को समझना जरूरी है। साथ ही समय के साथ विकसित होते कानून को भी समझना जरूरी है।

समारोह में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश की 8 करोड़ जनता की ओर से संस्कारधानी में पधारे राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा आयोजित ऑल इंडिया ज्यूडीशियल एकेडमीज डायरेक्टर्स रिट्रीट में विचारों का ऐसा आदान-प्रदान हो, जिसके मंथन से निकले अमृत रूपी निष्कर्षों को मध्यप्रदेश सरकार हाईकोर्ट के साथ मिलकर जमीन पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

हुनर हाट

महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पाद किसी भी दृष्टि से कमतर नहीं-मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भोपाल हाट में 'हुनर हाट' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश के स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री गुणवत्ता के साथ हर दृष्टि से बहुत अच्छी है। इसकी मार्केटिंग और ब्रांडिंग के प्रयास किये जायेंगे। राज्य शासन इनके उत्पादों को 'लोकल टू वोकल' बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, बेटियां किसी से कम नहीं हैं, वे स्वयं समाज की सुरक्षा करते हुए न्याय की लड़ाई लड़ सकती हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 'हुनर हाट' में विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन करते हुये।

'अपराजिता' 23 हजार बालिकाओं को मिलेगी मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग

श्री शिवराज सिंह चौहान ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिये 'अपराजिता' कार्यक्रम का शुभारंभ भी भोपाल हाट में किया। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से 23 हजार बालिकाओं को 15 से 21 दिन का मार्शल आर्ट प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्टतम प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं का भोपाल में पुनः उच्च स्तरीय प्रशिक्षण होगा। इस अवसर पर भोपाल के मार्शल आर्ट प्रतिभागियों ने कला का प्रदर्शन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे आ रही हैं।

कोदो व्यंजन का 'अनदाई' पोर्टल शुरू

मुख्यमंत्री ने मोटे और पौष्टिक अनाज कोदो पर आधारित व्यंजनों के 'अनदाई' पोर्टल, 'अनदाई' पुस्तक और वन स्टॉप सेंटर पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान और संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने 'अनदाई' (डिंडौरी) की महिलाओं द्वारा कोदो से तैयार डोसा, इडली, मूज, खिचड़ी, रोल और बिस्किट आदि व्यंजनों का आस्वादन कर प्रशंसा की।

हितग्राहियों को ऋण चेक सौंपे

मुख्यमंत्री ने सेंट्रल बैंक, स्टेट बैंक, एचडीएफसी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक सहित अन्य बैंकों के स्टॉल पर विभिन्न हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप चेक भी भेंट किये। इनमें से किसी ने स्व-रोज़गार स्थापना, किसी ने पढ़ाई और किसी ने सब्जी ठेला लगाने के लिये ऋण लिया।

पुलिस मुख्यालय एवं सुशासन संस्थान के मध्य हुआ एमओयू

अपहरण के प्रकरणों का अध्ययन कर दी जायेगी रिपोर्ट

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में प्रदेश में बालिकाओं के अपहरण एवं व्यपहरण के प्रकरणों की रोकथाम के अध्ययन एवं सुझाव के लिये पुलिस मुख्यालय की महिला अपराध शाखा और स्कूल ऑफ अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के मध्य गत दिनों एमओयू हस्ताक्षरित हुआ। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (महिला अपराध), पुलिस मुख्यालय श्रीमती प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव और निदेशक अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान श्री गिरीश शर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये।

एमओयू के अनुसार अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान द्वारा महिलाओं एवं बच्चियों के गुम, अपहरण एवं व्यपहरण के कारणों तथा बालिकाओं के सामाजिक एवं आर्थिक परिवेश का अध्ययन किया जायेगा। इस अध्ययन के आधार पर इन अपराधों की रोकथाम के लिये सुझाव, मौजूदा कानून व्यवस्था में संशोधन, संबंधित विभागों की सहभागिता से जुड़े पहलुओं और पुलिस प्रक्रिया में सकारात्मक सुझाव प्रस्तावित किये जायेंगे। संस्थान द्वारा अपनी प्रथम रिपोर्ट 4 माह में प्रस्तुत की जायेगी।

मुख्यमंत्री द्वारा गुम तथा अपहृत बालिकाओं के प्रकरणों में चिंता व्यक्त करते हुए इन प्रकरणों में बच्चियों के गुम होने के कारणों, पुलिस की कार्यवाही एवं बच्चियों के पुनर्वास के लिये विस्तृत अध्ययन कर इनकी रोकथाम के लिये सुझाव और नीतिगत अनुशंसाएं प्रस्तावित करने के निर्देश दिये गये थे। इन्हीं निर्देशों के पालन में गृह विभाग द्वारा इस अध्ययन के लिये अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान को चिन्हित किया गया है।

श्री चौहान ने बताया कि गुम बालिकाओं की पतारसी एवं दस्तयाबी राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रदेश में माह जनवरी में ऑपरेशन मुस्कान के तहत 2,444 बालिकाएं एवं माह फरवरी में 885 बालिकाएं प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर से दस्तयाब की गईं। इन अपहरण एवं व्यपहरण के लंबित प्रकरणों में बालिकाओं के अभिभावकों को अधिकार-पत्र भी दिये जा रहे हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सिंगौरगढ़ क्षेत्र को नेशनल ट्रायबल टूरिज़्म हब के रूप में करें विकसित

मेड इन इंडिया के साथ हैण्ड मेड इन इंडिया को करें प्रोत्साहित – राष्ट्रपति

राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद दमोह जिले के सिंगौरगढ़ किले के संरक्षण कार्य के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुये।

दमोह, मेड इन इंडिया के साथ-साथ हैण्ड मेड इन इंडिया को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। हस्तशिल्प के क्षेत्र में हमारे आदिवासी भाई-बहन अद्भुत कौशल के धनी हैं। प्रयास यह होना चाहिए कि उनके हस्तशिल्प के उत्पादों को अच्छी कीमत और व्यापक स्तर पर बाजार मिल सके। ये विचार राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने दमोह जिले की ग्राम पंचायत सिंग्रामपुर में रविवार को सिंगौरगढ़ किले के संरक्षण कार्य का शिलान्यास कर राज्य स्तरीय जनजातीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुये व्यक्त किये।

राष्ट्रपति ने कहा कि सिंगौर परिक्षेत्र नेशनल ट्रायबल हब के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिंगौरगढ़ किले के संरक्षण के लिये किये जा रहे कार्यों से भविष्य में यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोज़गार भी मिलेगा। उन्होंने चंबल, मालवा, बुन्देलखण्ड, महाकौशल, बघेलखण्ड की विरासतों को सहेजने की दिशा में भी बेहतर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री श्री प्रहलाद पटेल इस दिशा में प्रयास करें। राष्ट्रपति ने कहा कि निश्चित तौर पर भारतीय पुरातत्व के जिन 6 मण्डलों का नव-निर्माण किया गया है, यह इस दिशा में सार्थक कार्य करेंगे।

श्री कोविंद ने कहा कि जनजातीय भाई-बहनों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। वे समाज को हमेशा एकता मूलक बनाने की दिशा में कार्य करते हैं। इनमें महिलाओं और पुरुषों के बीच भेदभाव नहीं होता है। इसलिये जनजातीय आबादी में स्त्री और पुरुष अनुपात सामान्य आबादी से बेहतर है। जनजातीय समुदाय में व्यक्ति के स्थान पर समूह को प्राथमिकता दी जाती है। प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग को प्रोत्साहित किया जाता है। उनकी जीवन शैली में प्रकृति को सर्वोच्च सम्मान दिया जाता है। आदिवासी जीवन में सहजता होती है और परिश्रम का सम्मान होता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदायों में परम्परागत ज्ञान का अक्षय भण्डार संचित है। उन्होंने मध्यप्रदेश में एक विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा का उल्लेख करते हुये कहा कि इस समुदाय के लोग परम्परागत चिकित्सा के विषय में बहुत जानकारी रखते हैं। प्रायः वे असाध्य रोगों का अचूक इलाज भी करते हैं। परम्परागत आयुर्वेदिक औषधियों के प्र-संस्करण एवं निर्माण की योजनाओं में जनजातीय समुदाय की भागीदारी बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।

राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने कहा कि जीवन जीने की कला हमारे जनजातीय भाइयों के पास है। समूह में जीना, कदम से कदम मिलाकर चलना, कठिनाइयों में भी जिंदगी में जुनून भरना उनके जीवन का मूल मंत्र है। वे कला और संस्कृति की समृद्ध विरासत को संजोए हुए हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रानी दुर्गावती की गौरव गाथा कोई नहीं भूल सकता। उनके पराक्रम ने उनके विरोधियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। आज का दिन हमारे लिये महत्वपूर्ण है क्योंकि राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द द्वारा सिंगौरगढ़ किले के संरक्षण कार्य के लिये होने वाले कार्यों का शिलान्यास किया गया है।

श्री चौहान ने रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर प्रत्येक वर्ष तीन दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार जनजातीय वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिये कोई भी कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।

सीमेंट निर्माण में होगा 900 करोड़ रुपये का निवेश - मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए 'स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज' जैसी सुविधा प्रदान की जा रही है। हमारी सरकार की प्राथमिकता केवल नए निवेश को बढ़ावा देना ही नहीं अपितु मौजूदा उद्योगों को और बेहतर सुविधाएं मुहैया कराना भी है, जिससे प्रदेश में आर्थिक प्रगति तेज हो और रोज़गार सृजित हों। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर उद्योगपतियों से भेंट के दौरान कही। स्टार ग्रुप के चेयरमैन श्री रमेश सिंह, मैक्सन इंडस्ट्रीज के श्री राजेंद्र पटेल तथा अन्य प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान से भेंट की।

800 व्यक्तियों को मिलेगा रोज़गार

स्टार ग्रुप सतना के चेयरमैन श्री रमेश सिंह ने बताया कि सतना जिले के रामपुर बघेलान में 900 करोड़ रुपये की लागत से 1.5 मिलियन टन इंटीग्रेटेड ग्रीन फील्ड सीमेंट निर्माण की इकाई स्थापित करने की योजना है। इससे लगभग 800 व्यक्तियों को रोज़गार मिलेगा। कंपनी चार राज्यों में माइनिंग, आई.टी., इंश्योरेंस, शिक्षा और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में गतिविधियां संचालित कर रही हैं। मैक्सन इंडस्ट्रीज के श्री राजेंद्र पटेल ने फार्मा के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर बातचीत की।

कोरोना से बचाव के लिये रोको-टोको अभियान जरूरी - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संक्रमण से बचाव संबंधी सावधानियों के पालन के लिये रोको-टोको अभियान को प्रभावी तरीके से लागू किया जाये, अन्यथा कठोर कदम उठाना आवश्यक हो जायेगा। इंदौर, भोपाल, बुरहानपुर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर और छिंदवाड़ा में तेजी से प्रकरण बढ़ रहे हैं। जिला कलेक्टर और क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप सतर्क और सक्रिय रहते हुए स्थिति पर अभी से नियंत्रण करें। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने यह निर्देश निवास पर कोरोना की समीक्षा के लिये आयोजित बैठक में दिए।

इंदौर और भोपाल में तेजी से बढ़ रही है पॉजीटिव प्रकरणों की संख्या

मुख्यमंत्री ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और चिकित्सा शिक्षा मंत्री को इन जिलों पर लगातार नजर रखने के निर्देश भी दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश कोरोना पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में देश में छठवें नंबर पर है। महाराष्ट्र में नए केसों की संख्या 10 हजार से अधिक हो गई है। केरल, पंजाब, कर्नाटक और तमिलनाडु में प्रकरण बढ़ रहे हैं। गत सात दिनों में इंदौर में 1103, भोपाल में 573, जबलपुर में 134, छिंदवाड़ा में 93, उज्जैन में 91, बैतूल और बुरहानपुर में 67-67 पॉजिटिव प्रकरण दर्ज हुए।

लगभग 9 लाख को लगी पहली डोज़

बैठक में टीकाकरण अभियान की समीक्षा की गई। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि लगभग 9 लाख व्यक्तियों को टीके की पहली डोज़ लग चुकी है। मध्यप्रदेश टीकाकरण में देश में दूसरे नंबर पर है। भोपाल, इंदौर, धार, बुरहानपुर और पन्ना सहित कई जिलों में लक्ष्य से अधिक टीकाकरण हो रहा है।

तीन माह में करें लंबित पट्टों का वितरण - नगरीय विकास मंत्री

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने निर्देश दिये हैं कि नगरीय क्षेत्रों में पट्टा वितरण के लिए शेष पात्र 20 हजार 35 हितग्राहियों को आगामी 3 माह में पट्टा वितरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत आवासों का लाभ कुछ पात्र हितग्राहियों को पट्टा प्राप्त नहीं होने के कारण नहीं मिल पा रहा है।

सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि जिन शासकीय भूमि पर नोईयत की समस्या के कारण पट्टा आवंटन में कठिनाई है, वहां सक्षम प्राधिकारी द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता एवं अधिनियम, 1984 के प्रावधानों के अनुसार विधिमान्य प्रक्रिया से कार्यवाही की जाये। प्रमुख सचिव नगरीय विकास ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पट्टा स्वीकृति एवं वितरण के लिए जरूरी अनुमोदन कलेक्टर से प्राप्त कर कार्यवाही जल्द करें।

सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वैच्छिक रक्तदाताओं के घर पहुंचेगी ब्लड कलेक्शन वैन

भोपाल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने एनएचएम मुख्यालय से ब्लड कलेक्शन ट्रांसपोर्टेशन वैन और वैक्सीन रेफ्रिजरेटर वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने काया-कल्प अवार्ड वर्ष 2020-21 की घोषणा भी की।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वैच्छिक रक्तदाताओं को रक्त देने ब्लड बैंक तक नहीं आना होगा। अब वे रक्तदान-जीवनदान से वंचित नहीं रहेंगे। उनके गाँव और घर ब्लड लेने ब्लड कलेक्शन ट्रांसपोर्टेशन वैन आयेगी। इस वातानुकूलित वैन में डोनर काउच, रेफ्रिजरेटर, कलेक्शन मॉनीटर, ट्यूबसिलर उपकरण रहेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रथम चरण में प्रदेश के 24 जिलों में यह वैन पहुंचाई जा रही है। शेष जिलों में भी जल्द ही ब्लड कलेक्शन ट्रांसपोर्टेशन वैन भेजी जायेगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने इस प्रोजेक्ट को बनाने वाले स्वर्गीय डॉ. मुंशी को याद किया और कहा कि डॉ. मुंशी के अथक प्रयासों से बनाया गया प्रोजेक्ट आज मूर्त रूप ले रहा है।

डॉ. चौधरी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं के लिये उपलब्ध करवायी जा रही सेवाओं और सुविधाओं में ब्लड कलेक्शन ट्रांसपोर्टेशन वैन एक नई सौगात है। उन्होंने कहा कि प्रसव काल में अत्यधिक रक्तस्त्राव होने से अनेकों जिंदगी संकट में आती हैं। उस समय रक्त की जरूरत होती है और रक्त उपलब्ध नहीं होने पर जिंदगी संकट में आ जाती है। ब्लड कलेक्शन ट्रांसपोर्टेशन वैन से रक्त कलेक्ट कर ब्लड बैंक तक लाया जायेगा। गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशु, थैलेसीमिया एवं सिकलसेल एनीमिया, कैंसर, ट्रॉमा और एक्सीडेंट के मरीजों को निःशुल्क एवं बिना रिप्लेसमेंट के रक्त प्रदान किया जा सकेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने गैल इण्डिया द्वारा उपलब्ध कराई गयी वैक्सीन रेफ्रिजरेटर वैन को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस वैन के माध्यम से एक बार में वैक्सीन की 3 लाख डोज राज्य-स्तर से संभागों के लिये भेजी जा सकेगी। उन्होंने कोरोना काल और टीकाकरण में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा दी गई सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे वैक्सीनेशन में विभाग की अच्छी छवि बनी है।

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना

राज्य सरकार का प्रमुख टास्क है रोज़गार - मुख्यमंत्री

भोपाल, रोज़गार सरकार के लिए बड़ा टास्क है। इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। शासकीय सेवाओं में जितने आवश्यक पद हैं, उन्हें भरा जाएगा। इसके साथ ही स्व-रोज़गार के लिए भी व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। युवाओं को अपना स्वयं का व्यवसाय आरंभ करने के लिये 'स्टार्ट योर बिजनेस इन थर्टी डेज' की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही कौशल उन्नयन और व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था, लोन की गारंटी और ब्याज पर अनुदान की सुविधा भी प्रदेश के युवाओं को उपलब्ध करायी जा रही है। राज्य सरकार हर कदम पर आपके साथ है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत कौशल विकास और स्व-रोज़गार के लिए महाविद्यालयों में प्रशिक्षण ले रहे 20 हजार से अधिक विद्यार्थियों से वर्चुअल संवाद करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार मानते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति में व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था भविष्य में युवाओं के लिये उपयोगी सिद्ध होंगी। स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन योजना में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन बैंकिंग और कम्प्यूटर कौशल पर प्रशिक्षण उद्यमशीलता के विकास में महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह भोपाल में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के संबंध में चर्चा करते हुये।

श्री चौहान ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासित होकर व्यवस्थित रूप से परिश्रम करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जो पहल करते हैं, परिश्रम करते हैं, सफलता उन्हें ही मिलती है। मुख्यमंत्री ने कोरोन काल में ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था जारी रखने के लिये उच्च शिक्षा विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयलीन स्तर पर व्यावसायिक प्रशिक्षण के नवाचार से मध्यप्रदेश की पूरे देश में अलग पहचान बनेगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एक जिला–एक उत्पाद योजना

जबलपुर में स्थापित होगा रेडीमेड गारमेंट मैन्यूफैक्चरिंग हब

जबलपुर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर जबलपुर में 60 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से गोहलपुर के लेमागार्डन में करीब 8 एकड़ क्षेत्र में जबलपुर गारमेंट एवं फैशन डिजाइन क्लस्टर विकसित किया जा रहा है।

जबलपुर के रेडीमेड गारमेंट्स कारोबार की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग कर यहां के वस्त्र निर्माण व्यवसाय को नई ऊँचाईयों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत जबलपुर गारमेंट एवं फैशन डिजाइन क्लस्टर के अंतर्गत रेडीमेड गारमेंट एण्ड होजरी मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को चयनित किया है। जिले में एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत तीन गतिविधियां चयनित की गई हैं। इनमें पहली मटर प्र-संस्करण और दूसरी रेडीमेड गारमेंट एंड होजरी मैन्यूफैक्चरिंग से संबंधित गतिविधि शामिल है। जबकि तीसरी गतिविधि के रूप में आईटी सेक्टर को शामिल किया गया है।

जबलपुर शहर में असंगठित स्वरूप में पिछले कई वर्षों से रेडीमेड गारमेंट निर्माण का व्यवसाय चल रहा है। काफी हद तक यह कारोबार काफी बढ़ा भी है, लेकिन उन्नत प्रौद्योगिकी और संसाधनों के अभाव तथा आधुनिक स्वरूप में संगठित क्लस्टर की कमी की वजह से बाहर के व्यापारियों और कंपनियों को यहां के स्थानीय वस्त्र निर्माताओं के साथ संवाद में हिचकिचाहट महसूस हो रही थी। यहां के बिखरे हुए वस्त्र उद्योग को देखकर ऑर्डर देने में भी नामचीन कंपनियां आनाकानी करती थीं, जो कंपनियां यहां आती भी थीं तो वे उत्पाद का अपने हिसाब से मूल्य निर्धारण करती थीं। यहां के वस्त्र निर्माताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए गारमेंट एवं फैशन डिजाइन क्लस्टर विकसित किया जा रहा है।

क्लस्टर में गारमेंट मेकिंग इकाइयों को सभी तरह की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इसमें करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से बना कॉमन फेसिलिटी सेंटर और करीब 5 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से निर्मित डाइंग, प्रिंटिंग और वाशिंग प्लांट की विश्वस्तरीय सुविधा शामिल है। कॉमन फेसिलिटी सेंटर रेडीमेड गारमेंट व्यवसाय में फायदेमंद साबित होगा। यहां से वस्त्र निर्माण, तकनीक, प्रशिक्षण और फिनिशिंग की जानकारी मिलेगी। वहीं डाइंग एवं वाशिंग प्लांट विशेषकर जींस के रंगाई व धुलाई की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा।

स्टीम आधारित शिक्षण के लिये शिक्षकों का होगा उन्मुखीकरण

भोपाल, विद्यार्थियों को स्टीम (STEAM) आधारित शिक्षण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग 1500 विद्यालयों के शिक्षकों को दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 16-17 मार्च 2021 को यू-ट्यूब द्वारा दिया जायेगा। प्रशिक्षण में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के स्टीम विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। प्रतिदिन लाइव प्रश्नोत्तरी का सत्र भी आयोजित होगा, जिसमें प्रतिभागियों के स्टीम पद्धति आधारित प्रश्नों का समाधान किया जायेगा।

संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस. ने बताया कि सभी जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य और जिला परियोजना समन्वयक को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रथम चरण में स्टीम शिक्षा की स्थानीय परिस्थितियों में प्रभाव देखने के लिए 1500 स्टीम विद्यालयों का चयन किया गया है। इसी अनुक्रम में सर्वप्रथम स्टीम आधारित शिक्षण अधिगम उपागम पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण 1500 स्टीम विद्यालयों के प्राचार्य, हेडमास्टर, और समस्त शिक्षकों को एवं डाइट के सभी अकादमिक विशेषज्ञों, APC, BRCC, BAC एवं CAC को दिया जाना है। स्कूलों में नई शिक्षा नीति के तहत STEAM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित) पद्धति का उपयोग बच्चों को अधिक रोचक और ज्ञानवर्धक तरीके से पढ़ाने के लिए किया जाएगा।

कलेक्टर–कमिश्नर कॉन्फ्रेंस

अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का अभियान जारी रहे - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुये।

भोपाल, अच्छी-कानून व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। चिन्हित अपराधों में अपराधियों को सख्त से सख्त और जल्द से जल्द सजा दिलवायी जाये। पुलिस द्वारा ऐसे मामलों की सतत् समीक्षा की जाये। मासिक समीक्षा के साथ ही योजनाओं के अमल और कानून-व्यवस्था की स्थिति की साप्ताहिक समीक्षा भी की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने इन्दौर में प्रशासन द्वारा भू-माफिया के विरुद्ध उठाये गये कदमों की खुली प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा अन्य जिले इन्दौर में की गई कार्रवाई को आदर्श मानकर अपना सकते हैं। यह जरूर सुनिश्चित किया जाये कि किसी निर्दोष पर कार्रवाई न हो।

मुख्यमंत्री ने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में निर्देश दिए कि प्रशासनिक अधिकारी आमजन की पूरी चिंता करें, यह हमारा मंत्र होना चाहिए। इसलिए ही हम शासन-प्रशासन में हैं। कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी गई कि प्रदेश में रबी सीजन के लिए उपार्जन संबंधी आवश्यक तैयारियां पूरी हो गई हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में हुए निर्बाध धान उपार्जन कार्य की प्रशंसा की और अन्य फसलों के उपार्जन के लिए भी ऐसी ही व्यवस्थित कार्य-शैली अपनाने के निर्देश दिए।

माफिया पर हुई प्रभावी कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत कुछ मामलों में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। वीडियो कॉन्फ्रेंस, जो सुशासन देने का बड़ा हथियार है, की वजह से भी यह कार्य संपन्न हो सका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्य कुशल पुरस्कृत होंगे। सुशासन देना ही मूल उद्देश्य है। अच्छे कार्य की प्रतिस्पर्धा हो। इससे परफॉर्मेंस बेहतर होगा। वास्तव में इन्दौर प्रशासन ने माफिया के विरुद्ध प्रभावी और बेहतरीन कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने इन्दौर में उन लोगों की खुशी देखी जिन्हें लम्बे इंतजार के बाद अपने प्लाट मिल गए। भू-माफिया भागता फिर रहा है। जिन्हें न्याय मिला उनकी आंखों में चमक दिखाई देती है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि और लोगों को प्राप्त हुई राहत के लिए इन्दौर प्रशासन को बधाई दी।

चिटफंड कंपनियों पर शिकंजा

कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि चिटफंड कंपनियों के विरुद्ध कार्यवाही में इस माह पुलिस द्वारा 14 करोड़ 28 लाख रुपये की राशि वापस करवाई गई है। प्रदेश में कुल 31 अपराध पंजीबद्ध किये गये। निवेशित राशि वापस करवाने में दमोह जिला प्रथम है। सिवनी, भोपाल, छिंदवाड़ा और अशोकनगर क्रमशः दूसरे से पांचवें क्रम पर हैं। कुल 35 आरोपी गिरफ्तार किए गए। प्रदेश में फरवरी में 4,327 निवेशकों को चिट फंड कंपनियों से ठगे जाने के बाद राहत दिलवाने के प्रशासन के प्रयास सफल हुए हैं। नागरिकों को 16 करोड़ 41 लाख रुपये की राशि वापिस मिली हैं।

अवैध शराब के कारोबार पर नियंत्रण

कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि इन्दौर, बुरहानपुर, जबलपुर, बैतूल और छिंदवाड़ा को अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध फरवरी माह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने इन जिलों में किए गए श्रेष्ठ कार्य के लिए बधाई दी। इसी तरह अच्छा कार्य करने वाले अन्य जिलों में दमोह, धार, सतना, ग्वालियर, दतिया, नीमच, रतलाम, कटनी और टीकमगढ़ शामिल हैं।

श्री चौहान ने कहा कि अवैध परिवहन में लगे वाहन अनिवार्य रूप से राजसात किए जाएं। कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि रेत खनिज के अवैध परिवहन पर वाहन राजसात की कार्रवाई की जा रही है।

विद्यार्थियों को विज्ञान से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी विज्ञान यात्रा

भोपाल, विद्यार्थियों की विज्ञान में रुचि पैदा करने और आमजन के बीच विज्ञान की गौरवपूर्ण उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए विज्ञान यात्रा का आयोजन जरूरी है। यह बात विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने भोपाल स्थित विज्ञान भवन में विज्ञान यात्रा के भोपाल जिले में प्रवेश के अवसर पर सम्बोधित करते हुये कही।

श्री सखलेचा ने कहा कि पूरी दुनिया को विज्ञान का मूल मंत्र भारत ने ही दिया है। भारत पुनः विज्ञान गुरु बन सकता है। यात्रा का आयोजन विज्ञान भारती, आईआईटी इन्दौर और मेपकॉस्ट के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। विज्ञान यात्रा की शुरुआत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी को हुई, जिसका समापन 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर होगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने विज्ञान यात्रा पर निकले वाहन और टीम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस वाहन में स्कूली छात्रों को प्रेरित करने के लिए छोटे प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत की आजादी के 75वें वर्ष के पूर्व स्वदेशी विज्ञान महोत्सव के संदर्भ में 11 से 13 मई 2021 के दौरान आईआईटी इन्दौर में मध्यप्रदेश विज्ञान

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा भोपाल में विज्ञान यात्रा पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। विज्ञान यात्रा 52 जिलों के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों और जन सामान्य को विज्ञान सम्मेलन के बारे में जागरूक करेगी।

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि भोपाल जिले में इसका शुभारंभ मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद से हो रहा है। उन्होंने कहा कि विज्ञान सम्मेलन विकसित प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने में सहायक साबित होगा। विज्ञान भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री श्री प्रजातंत्र गंगेले ने कहा कि विज्ञान सम्मेलन में प्रदेश के उद्यमियों और नवाचारियों को आमंत्रित किया गया है। विज्ञान भारती के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर एस. भदोरिया ने कहा कि विज्ञान यात्रा के दौरान स्थानीय भाषा के जरिये विज्ञान की बातें अधिक-से-अधिक लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं। विज्ञान भारती, मध्यभारत प्रांत के अध्यक्ष श्री अमोघ गुप्ता ने कहा कि मध्यप्रदेश विज्ञान सम्मेलन-2021 का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के लिए उत्प्रेरित करना और जन-जन तक विज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रसार करना है।

निर्वाचन प्रक्रिया में छोटी-सी त्रुटि भी नहीं होगी क्षम्य

भोपाल, नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया में छोटी सी त्रुटि भी क्षम्य नहीं होगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश स्थानीय निकायों के आम निर्वाचन 2021 की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिये। श्री सिंह ने कहा कि सभी कलेक्टर नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर लें।

श्री सिंह ने कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति, नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिये स्थान का चयन, आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सीसीटीवी तथा वीडियो कैमरे की व्यवस्था, मतदान के गठन के लिये सॉफ्टवेयर में त्रुटिरहित एंट्री और जिला स्तर पर क्रय की जाने वाली सामग्री की खरीदी तुरंत करें।

24 घंटे में हो शिकायतों का निराकरण

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि निर्वाचन के संबंध प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का निराकरण 24 घंटे के अंदर कर आयोग को सूचित करें। इसके लिये पृथक सेल की स्थापना तथा जांच दल का गठन करें। प्रशिक्षण के लिये 150 प्रतिशत तथा मतदान दल के लिये रिजर्व सहित 120 प्रतिशत अधिकारियों-कर्मचारियों की व्यवस्था करें। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के रेण्डमाईजेशन के लिये सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें।

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि आयोग द्वारा कोविड-19 के संबंध में जारी गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित किया जाये। कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिये आवश्यक सामग्री मध्यप्रदेश हेल्थ कॉर्पोरेशन द्वारा सीधे जिलों को दी जायेगी। सभी कलेक्टर आयोग द्वारा भेजे गये पत्रों एवं निर्देशों का अनिवार्य रूप से अध्ययन कर तदनुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी वॉट्सएप ग्रुप पर पोस्ट किये जा रहे मैसेज को प्रतिदिन जरूर देखें।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन कार्यक्रम जारी करने से लेकर निर्वाचन परिणाम की घोषणा तक पूरी प्रक्रिया आईईएमएस के माध्यम से की जायेगी। इसके लिये आईटी शाखा द्वारा इलेक्शन प्रोग्राम, नोटिफिकेशन एवं आरक्षण, ऑनलाइन नाम निर्देशन OLIN, नामांकन प्रक्रिया, ईव्हीएम मैनेजमेंट, पोल-डे मैनेजमेंट और रिजल्ट मॉड्यूल बनाये गये हैं। इन्का मैपिंग एप बनाया गया है। इसके माध्यम से मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध न्यूनतम जरूरी सुविधाओं की जानकारी संकलित की जा रही है। सभी जिले जल्द इसमें प्रविष्टि करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रमिला जयपाल

अमेरिका में सौंपी गई अहम् जिम्मेदारी

अमेरिका में भारतवंशी सांसद प्रमिला जयपाल को

एकाधिकार व्यापार रोधी, वाणिज्यिक और प्रशासनिक कानून पर संसद की उपसमिति का अध्यक्ष बनाया गया है। चेन्नई में जन्मी प्रमिला ने कहा कि यह जिम्मेदारी पाकर प्रसन्नता हो रही है। एकाधिकार व्यापार रोधी कानून तैयार करने के लिहाज से यह महत्वपूर्ण समय है। हम मुक्त प्रेस की रक्षा करते हुये प्रौद्योगिकी कंपनियों को जवाबदेह बनाने पर काम करेंगे।

जिया राय

समुद्र में तैरकर बनाया रिकॉर्ड

नेवी चिल्ड्रन स्कूल मुंबई की 7वीं कक्षा की बारह वर्षीय

छात्रा जिया राय ने तैराकी में दूसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। जिया को ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर नाम की बीमारी है। उसने वांद्रा-वरली सी लिंक से गेटवे ऑफ इंडिया तक 36 किलोमीटर की तैराकी 8 घंटे 40 मिनट में तय कर रिकॉर्ड बनाया है। इस बीमारी से ग्रसित किसी भी बच्चे ने अभी तक ओपन वाटर में इतने समय और इतनी दूरी तक तैराकी नहीं की है। जिया ने पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड 15 फरवरी, 2020 को बनाया था।

पेरु-बोलीविया बॉर्डर

बढ़ती आबादी के कारण कृत्रिम द्वीपों पर बसे लोग

दक्षिण अमेरिका की झील टिटिकाका समुद्र तल से

12,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इस झील में 70 आइलैंड हैं, जिन पर करीब 4000 लोग रहते हैं। ये द्वीप मानव निर्मित हैं और सभी तैरते हैं। द्वीपों की इन्हीं खासियत के चलते यहां की आबादी लगातार बढ़ रही है। पेरु और बोलीविया के लोगों ने झील में छोटे-छोटे आइलैंड बनाने शुरू कर दिये हैं। इन द्वीपों का बेस टोटोरा रीड्स की मोटी चादर का बना है। जिसके कारण ये तैरते हैं।

सांची स्तूप

देश के 12 स्वच्छ प्रसिद्ध स्थलों में शामिल

केंद्र सरकार के स्वच्छता अभियान का असर अब देश के

प्रसिद्ध दर्शनीय पर्यटन स्थलों में भी दिखने लगा है। श्रीनगर की मशहूर डल झील, मथुरा का बांके बिहारी मंदिर, आगरा का किला तथा मध्यप्रदेश के सांची स्तूप सहित देश के 12 स्थलों को स्वच्छ प्रसिद्ध स्थलों के रूप में चुना गया है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा जल शक्ति मंत्रालय ने इन प्रसिद्ध स्थलों को चयनित किया है।

ग्लेशियर सेंसर अलार्म

प्राकृतिक आपदाओं से करेगा अलर्ट

वाराणसी की तीन छात्राओं अन्नु सिंह, आंचल पटेल और संजीवनी यादव ने ग्लेशियर फ्लड सेंसर अलर्ट अलार्म बनाया है, जो प्राकृतिक आपदा के पूर्व चेतावनी देगा। छात्राओं के अनुसार इसे बनाने में 8 हजार रुपये

खर्च हुये हैं। यह 1 घंटे चार्ज होने के बाद 6 माह तक काम करेगा। इसमें हाई फ्रीक्वेंसी ट्रांसमीटर, रिसीवर और साढ़े चार फीट के दो टावर हैं। टॉवर को नुकसान पहुंचते ही इसमें लगे ट्रांसमीटर एक्टिव होंगे और आपदा का संकेत मिल जायेगा। बांध, ग्लेशियर या नदी के किनारे लगाने पर यह अच्छा कार्य करेगा। यह वायरलेस फ्लड अलर्ट अलार्म बड़ी-बड़ी नदियों, हिमस्खलन और ग्लेशियर वाले पहाड़ों के किनारे बसे शहर-गांव और पहाड़ों के बीच बनी सड़कों में लगाया जा सकता है।

आयुष कुमार खुंटिया

उड़िया में लिखी पिलाका रामायण

दस साल के आयुष कुमार खुंटिया ने लॉकडाउन के

दौरान रामायण सीरियल पर आधारित एक टेलिविजन सीरिज देखने के बाद बच्चों के लिये उड़िया में रामायण लिखी है। 104 पन्नों वाली इस किताब का नाम पिलाका रामायण (बच्चों के लिये रामायण) रखा है। आयुष के अनुसार इस रामायण में भगवान राम का वनवास जाना, रावण द्वारा सीता का हरण और उनकी वापसी पर अयोध्या में हुये स्वागत जैसे कई सुनहरे पल शामिल किये हैं।

नीदरलैंड्स

पहली बार 134 साल पुरानी पेंटिंग हुई डिस्प्ले

पेरिस स्ट्रीट की एक दुर्लभ पेंटिंग नीलामी से पूर्व पहली

बार जनता के लिये डिस्प्ले में रखी गई है। इसे मशहूर पेंटर विंसेंट वैन गॉग ने बनाया है। नीदरलैंड्स के नीलामी घर सोथबी के मुताबिक यह पेंटिंग 134 साल पुरानी है, जो 100 साल से एक परिवार के कलेक्शन का हिस्सा है। सोथबी ने इसकी कीमत 71 करोड़ रुपये आंकी है। इसकी नीलामी 25 मार्च को की जायेगी।

अमेरिका

झरने से गिरता पानी लगता है आग की तरह

अमेरिका के योसेमिटी नेशनल पार्क स्थित 'हॉर्सटेल

फॉल' में पानी की जगह आग गिरने का भ्रम होता है। पार्क के जानकार लोगों के अनुसार यह झरना हर साल फरवरी में दो बार रंग बदलता है, यह तब होता है जब सूर्य की किरणें झरने पर सीधी पड़ती हैं। तब यह आग या लावा की चमकती नदी जैसा दिखता है। यह वॉटरफॉल 2000 फीट नीचे गिरता है। इसे देखने के लिये हजारों पयर्टकों का मजमा लगता है।

ताइवान

बीहाइव फायर क्रैकर्स फेस्टिवल मनाया गया

ताइवान के यानशुई जिले में पारंपरिक बीहाइव फायर

क्रैकर्स उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। चंद्र नववर्ष के जश्न के अंतिम दिन इस उत्सव में भारी आतिशबाजी होती है और प्रतिभागियों पर आतिशबाजी की बौछार की जाती है। घायल होने से बचने के लिये लोग मोटर साइकिल का हेलमेट व मोटा कोट पहन कर उत्सव में शामिल होते हैं।

फ्लोरिडा की लैब में

मछली के पेट के अंदर से निकला जिंदा कछुआ

अमेरिका के फ्लोरिडा में बायोलॉजिस्ट रिसर्च के लिये एक मछली को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। तब एक अनोखी घटना देखने को मिली। विशेषज्ञ मछली के टिशू सैंपल ले रहे थे, तब उनहें उसके पेट में हलचल महसूस हुई। जब उन्होंने पेट के अंदर देखा, तो उसमें एक जिंदा

कछुआ मिला। फ्लोरिडा के फिश एंड वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन कमीशन के बायोलॉजिस्ट के मुताबिक, किसी मछली के पेट में अंदर जिंदा कछुआ मिलने का यह पहला मामला है। विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य जांच के बाद कछुए को वापस पानी में छोड़ दिया।

निकोलस सरकोजी

पूर्व राष्ट्रपति को तीन साल की सजा

फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी और उनके दो

सहयोगियों को भ्रष्टाचार के मामले में तीन साल की सजा मिली है। सरकोजी पर जज को रिश्वत देने का आरोप है। तीन साल की सजा में से दो साल निलंबित कारावास तथा एक साल जेल में गुजारना होगा। ज्ञात रहे कि पिछले साल के अंत के 10 दिनों तक इस मामले की सुनवाई चली थी।

जयदीप भटनागर

पीआईबी के प्रधान महानिदेशक बने

भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी जयदीप भटनागर

को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) का प्रधान महानिदेशक बनाया गया है। भारतीय सूचना सेवा के 1986 बैच के अधिकारी श्री भटनागर इससे पहले दूरदर्शन समाचार में कमर्शियल, सेल्स तथा मार्केटिंग विभाग के प्रमुख रहे। श्री भटनागर प्रसार भारती के विशेष संवाददाता के रूप में पश्चिम एशिया के 20 देशों में अपनी सेवा दे चुके हैं।

गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स

नोमैडलैंड को बेस्ट पिक्चर ड्रामा अवॉर्ड

लांस एंजिलिस में 78वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड वर्चुअल तरीके

से सम्पन्न हुये। फिल्म 'नोमैडलैंड' को बेस्ट पिक्चर ड्रामा श्रेणी में पुरस्कार के लिये चुना गया है। यह एक ऐसी महिला की कहानी है जो नौकरी छूट जाने के बाद पश्चिमी अमेरिका की यात्रा पर निकल जाती है। इस सफर में हुये रोमांचक अनुभवों को फिल्म का आकार देने के लिये क्लोई जाओ को बेस्ट डायरेक्टर का खिताब मिला है।

मनप्रीत वोहरा

ऑस्ट्रेलिया में भारत के उच्चायुक्त होंगे

वरिष्ठ राजनयिक मनप्रीत वोहरा को ऑस्ट्रेलिया

में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार वोहरा 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं। फिलहाल वे मैक्सिको में भारत के राजदूत हैं। वोहरा जल्द ही अपना पदभार ग्रहण कर लेंगे।

गिना रायमोंडो

अमेरिका की नयी वाणिज्य मंत्री होंगी

अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने देश के अगले

वाणिज्य मंत्री के तौर पर गिना रायमोंडो के नाम पर मुहर लगा दी है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वाणिज्य मंत्री के पद के लिये गिना के नाम का प्रस्ताव रखा, जिस पर सीनेट में मतदान हुआ। सीनेट के 84 सदस्यों ने सुश्री रायमोंडो के नाम का समर्थन किया, जबकि मात्र 15 सदस्यों ने ही उनके नाम का विरोध किया।

स्पेस एक्स स्टारशिप

जमीन पर उतरते ही हुआ विस्फोट

स्पेसएक्स का यान स्टारशिप लैंडिंग के वक्त जैसे ही धरती पर पहुंचा वैसे ही उसमें विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि यान हवा में वापस उछल गया। स्पेस एक्स की सफलता के बाद ही यह हादसा हो गया।

आग का गोला बन यह यान धरती पर गिर गया। स्पेस एक्स की ओर से इसकी पुष्टि की गयी है। स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने कहा कि उन्हें संतोष है कि शिप बिना टूटे धरती पर उतरा। मस्क की अगली योजना स्टारशिप के जरिये लोगों को चंद्रमा और मंगल पर भेजना है।

तियानवेन-1 प्रोब यान

मंगल से भेजी तस्वीरें

चीन की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने मंगल ग्रह के इर्द-

गिर्द घूम रहे तियानवेन-1 प्रोब यान से ली गई तस्वीर प्रकाशित की है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने कहा कि हाई रिजोल्यूशन वाली इन तस्वीरों में दो पैन्क्रोमैटिक व्यू वाली और एक रंगीन तस्वीर है। चीन के अंतरिक्ष यान तियानवेन-1 हाई रिजोल्यूशन कैमरे से मंगल की सतह से करीब 330 से 350 किलोमीटर की दूरी से ये तस्वीरें ली गई हैं।

लाइफगार्ड रोबोट

लोगों को डूबने से बचायेगा

कोस्टगार्ड की तरह ही एक रोबोटिक लाइफगार्ड

बनाया गया है जो डूबते हुये लोगों को बचायेगा। जर्मन कंपनी फ्रॉनहोफर का यह रोबोट तैराक के पॉश्चर से पता लगा लेता है कि वह खतरे में है। इसके बाद रोबोट खुद ही सक्रिय हो जाता है।

सूर्य देवी

प्रदर्शित की गई 3500 साल पुरानी प्रतिमा

सोने और चांदी की बनी 3500 साल पुरानी सूर्य देवी

एरिना की प्रतिमा 2.7 सेंटीमीटर (एक इंच) लंबी है। यह तुर्की के इजमिर पुरातत्व संग्रहालय में प्रदर्शित की गई है। इस प्राचीन प्रतिमा को तुर्की पुलिस ने 2015 में तस्करों से बरामद किया था।

उत्तराखंड में

आपदा वाली जगह पर रिकॉर्ड समय में बना क्षतिग्रस्त पुल

उत्तराखंड के चमोली में 7 फरवरी को जहां प्राकृतिक आपदा

आई थी, वहां बीआरओ ने लगभग 8 दिन में करीब 200 फीट लंबा पुल बनाकर खड़ा कर दिया है। इसे यातायात के लिये खोल दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि 8 मशीनों की मदद से 200 से अधिक लोगों की टीम ने दिन-रात काम कर पुल तैयार किया है। पुल टूटने से नीति घाटी के 13 गांवों का सड़क संपर्क पूरी तरह से कट चुका था।

स्मृति शेष

मलयाली कवि विष्णुनारायण नम्बूदरी का निधन

मलयाली भाषा के लोकप्रिय कवि विष्णुनारायण

नम्बूदरी का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। समकालीन मलयाली साहित्य के प्रतिष्ठित कवि को 2014 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। वे केरल साहित्य अकादमी सहित कई अन्य पुरस्कारों से सम्मानित थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

काम अच्छा या बुरा नहीं होता, बुरा होता है तो सिर्फ गलत ढंग से देखने का नजरिया – पंचतंत्र

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail : eepwdkatni@mp.nic.in, Phone : 07622-224277

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 11/ब.ले.लि./2020-21/ **कटनी, दिनांक : 03.03.2021**

मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अंतर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020 एवं समस्त संशोधन सहित (भवन) एवं दिनांक 29.08.2017 (सड़क) कार्य हेतु निविदायें ऑनलाइन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है विड सेल ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें संबंधित कार्यालय में टेण्डर टाइम शेड्यूल के अनुसार खोली जावेंगी।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. टिकुरी, बड़खेरा पहाड़ी मार्ग लम्बाई 6.20 कि.मी. एवं विश्राम भवन पहुंच मार्ग लम्बाई 0.40 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य।

टेण्डर आई.डी. क्रमांक	जिला	एस.ओ. आर.	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	अनु. लागत राशि (रु. लाख में)	कार्य की अमानत राशि 2 प्रतिशत	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की संभावित तिथि
2021_PWDRB_130277_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	तृतीय	51.89	0.51890	10000/-	03 माह वर्षाऋतु रहित
2. बंजारी, खजुरा, मुडेहा मार्ग में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य, लंबाई 3.0 कि.मी.।								
2021_PWDRB_130278_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	तृतीय	21.34	0.42680	5000/-	02 माह वर्षाऋतु रहित
3. परफारमेंस गारंटी के अंतर्गत देवराकला देवसरी इंदौर मार्ग में मरम्मत कार्य अनुबन्ध क्रमांक 3/डी.एल./2016-17 ठेकेदार श्री कंस्ट्रक्शन।								
2021_PWDRB_130279_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	प्रथम	4.87	0.09740	2000/-	02 माह वर्षाऋतु रहित
4. डाइट भवन कटनी में काउंकेचर एवं बाउण्ड्रीवॉल का मरम्मत कार्य।								
2021_PWDRB_130281_1	कटनी	01.12.20	भवन कार्य	प्रथम	4.86	0.09720	2000/-	03 माह वर्षाऋतु रहित
5. जिला न्यायालय भवन कटनी में सर्वर रूम एवं डीजल जनरेटर शेड का निर्माण कार्य।								
2021_PWDRB_130282_1	कटनी	01.12.20	भवन कार्य	प्रथम	3.73	0.07460	2000/-	03 माह वर्षाऋतु रहित
			योग		**86.69**			

निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपये 86.69 लाख (छियासी लाख उनहत्तर हजार मात्र)।

उपरोक्त वेवसाइट में ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाइन विड सबमिशन की **अंतिम तिथि 19.03.2021 सायं 17.30 बजे तक** निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-20694/45336/2021 **कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ./स.), सभांग कटनी**

कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास उज्जैन संभाग, उज्जैन
बाल भवन, विक्रम कीर्ति मंदिर परिसर, कोठी रोड, उज्जैन

क्रमांक/A-62/मवाबि/स्थापना/2021 **उज्जैन, दिनांक : 01.03.2021**

मानदेय आधारित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के पत्र क्रमांक/3440/1784/2019/50-2(ए.एन.) दिनांक 21.08.2019 के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार उज्जैन संभाग, उज्जैन के जिलों में संचालित महिला एवं बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकताओं/आंगनवाड़ी सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पूर्णतः अस्थाई (मानससेवी) एवं मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र महिलाओं के जिलेवार निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

स. क.	जिला	आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों की संख्या	आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों की संख्या	मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों की संख्या	जिला कार्यालय का संपर्क नम्बर
1.	उज्जैन	27	22	00	0734-2511658
2.	देवास	06	24	01	07272-250117
3.	शाजापुर	03	13	00	07364-226639
4.	आगर-मालवा	10	13	01	07362-259114
5.	रतलाम	08	09	00	07412-270433
6.	मंदसौर	06	19	02	07422-242543
7.	नीमच	04	07	01	07423-231020
	योग :	**64**	**107**	**05**	

1. आंगनवाड़ी केंद्रवार/ग्रामवार/वार्डवार वास्तविक रिक्त पद की जानकारी एवं नियम, निर्देश, शर्तों का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताओं से संबंधित विस्तृत जानकारी संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णतः भरे आवेदन-पत्र मय आवश्यक सहपत्रों सहित संबंधित जिले के बाल विकास परियोजना कार्यालय में **दिनांक 30.03.2021 को सायंकाल 5:00 बजे तक** कार्यालय दिवस में निर्धारित प्रारूप में जमा कराकर प्राप्ति अभिस्वीकृति प्राप्त कर सकते हैं।
3. जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/आंगनवाड़ी सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवश्यक नियम/निर्देश आदि की जानकारी विभागीय वेवसाइट/ऑनलाइन पोर्टल, जिला कार्यालय एवं संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में उपलब्ध है।
4. संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास, उज्जैन संभाग, उज्जैन के पते पर प्रेषित आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।
5. रिक्त पदों एवं अन्य किसी विस्तृत जानकारी के संबंध में संबंधित जिला कार्यालय के दूरभाष पर जो विज्ञप्ति के अंतिम कॉलमों में अंकित है पर सम्पर्क किया जा सकता है।
6. परियोजना अंतर्गत विज्ञप्ति रिक्त पदों की संख्या एवं स्थान की जानकारी संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय के सूचना फलक प्रदर्शित की जावेगी।

संभागीय संयुक्त संचालक

जी-21053/45367/2021 **महिला एवं बाल विकास, उज्जैन संभाग, उज्जैन**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 2, इन्दौर

E-mail ID :- eepwd2ind@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 11/ब.ले.लि./2020-21 **इन्दौर, दिनांक : 05.03.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

स.क्र. एवं कार्य का नाम : 1. जिला उपसंभाग क्रमांक 2 इंदौर के अंतर्गत चल रहे परफारमेंस ग्यारन्टी के मार्गों पर ठेकेदारों द्वारा मरम्मत नहीं किये जाने पर मरम्मत एवं रिपेयर कार्य।

टेण्डर नं.	जिला	ठेके की अनु. राशि (लाख में)	अमानत राशि (रु.)	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
2020_PWDRB_132939_1	इन्दौर	17.50	35000/-	2000/-	लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत	3 माह वर्षाकाल सहित
स.क्र. एवं कार्य का नाम : 2. विशेष कार्य उपसंभाग इंदौर के अंतर्गत चल रहे परफारमेंस ग्यारन्टी के मार्गों पर ठेकेदारों द्वारा मरम्मत नहीं किये जाने पर मरम्मत एवं रिपेयर कार्य।						
2020_PWDRB_132940_1	इन्दौर	17.50	35000/-	2000/-	– तदैव –	– तदैव –
स.क्र. एवं कार्य का नाम : 3. जिला उपसंभाग क्रमांक 2 इंदौर अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर रिपेयर एवं मरम्मत का कार्य।						
2020_PWDRB_132941_1	इन्दौर	15.00	30000/-	2000/-	– तदैव –	– तदैव –
स.क्र. एवं कार्य का नाम : 4. विशेष कार्य उपसंभाग इंदौर अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर रिपेयर एवं मरम्मत का कार्य।						
2020_PWDRB_132942_1	इन्दौर	15.00	30000/-	2000/-	– तदैव –	– तदैव –
स.क्र. एवं कार्य का नाम : 5. विशेष कार्य उपसंभाग इंदौर के अंतर्गत क्षिप्रा सेक्शन में आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर. मद में मरम्मत एवं संधारण कार्य।						
2020_PWDRB_132944_1	इन्दौर	13.00	26000/-	2000/-	– तदैव –	– तदैव –
स.क्र. एवं कार्य का नाम : 6. जिला उपसंभाग क्रमांक 2 इंदौर के अंतर्गत देपालपुर सेक्शन में गैर आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर. मद में मरम्मत एवं संधारण कार्य।						
2020_PWDRB_132945_1	इन्दौर	10.00	20000/-	2000/-	– तदैव –	– तदैव –
स.क्र. एवं कार्य का नाम : 7. जिला उपसंभाग क्रमांक 2 इंदौर के अंतर्गत देपालपुर सेक्शन में आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर. मद में मरम्मत एवं संधारण कार्य।						
2020_PWDRB_132946_1	इन्दौर	10.00	20000/-	2000/-	– तदैव –	– तदैव –
स.क्र. एवं कार्य का नाम : 8. जिला उपसंभाग क्रमांक 2 इंदौर के अंतर्गत हातोद सेक्शन में गैर आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर. मद में मरम्मत एवं संधारण कार्य।						
2020_PWDRB_132948_1	इन्दौर	10.00	20000/-	2000/-	– तदैव –	– तदैव –
स.क्र. एवं कार्य का नाम : 9. जिला उपसंभाग क्रमांक 2 इंदौर के अंतर्गत हातोद सेक्शन में आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर. मद में मरम्मत एवं संधारण कार्य।						
2020_PWDRB_132949_1	इन्दौर	10.00	20000/-	2000/-	– तदैव –	– तदैव –
स.क्र. एवं कार्य का नाम : 10. जिला उपसंभाग क्रमांक 2 इंदौर के अंतर्गत मटेरियल एकत्रीकरण का कार्य।						
2020_PWDRB_132950_1	इन्दौर	8.26	16520/-	2000/-	– तदैव –	– तदैव –
स.क्र. एवं कार्य का नाम : 11. विशेष कार्य उपसंभाग इंदौर के अंतर्गत मटेरियल एकत्रीकरण का कार्य।						
2020_PWDRB_132951_1	इन्दौर	4.92	9840/-	2000/-	– तदैव –	– तदैव –
		131.18				

1. उपरोक्त वेवसाइट पर ऑनलाइन पेमेंट करने के पश्चात विड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2 विड प्रस्तुत करते समय विड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है।
1. विड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2 अर्नेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, 3. पेन कार्ड, 4. एफिडेविट, 5. जी.एस.टी.एन. नं. एवं रजिस्ट्रेशन का प्रमाण-पत्र आदि अन्य विस्तृत जानकारी विड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **तिथि दिनांक 08.03.2021 सुबह 10:30 से दिनांक 22.03.2021 सायं 17:30 बजे तक** निर्धारित है।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है। सभी दस्तावेज ऑनलाइन स्वीकार होंगे, भौतिक रूप से एफ.डी.आर. स्वीकार नहीं होगी।
5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेवसाइट पर ही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-20705/45337/2021 **लो.नि.वि. संभाग क्र. 2 इन्दौर**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
कोठी रोड, सिविल लाईन, सतना

एन.आई.टी. नं. - 06/2021/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पीआईयू/479 **रीवा, दिनांक 26.02.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पतौरा के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रथम तल पर 3 प्रयोगशाला एवं 3 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण)।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2021_PWPIU_132367	सतना	62.02	62020/-	10000/-	8 माह	हां
स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कुलगढ़ी के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रथम तल पर 3 प्रयोगशाला एवं 3 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण)।						
2021_PWPIU_132367	सतना	62.02	62020/-	10000/-	8 माह	हां

1. निविदा से संबंधित विड डाक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 03.03.2021 समय 9.00 से दिनांक 15.03.2021 समय 18.00 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.)

जी-20691/45335/2021 **इकाई सतना (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड, श्योपुर (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक : 07530-222185, E-mail id : eephed_sheopur@yahoo.com

क्रमांक 545/लेखा/का.यं./लो.स्वा.यां./2021 श्योपुर, दिनांक : 05.03.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण के अपेण्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई-निविदायें Online आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम - जल जीवन मिशन के अंतर्गत श्योपुर जिले के विकासखण्ड श्योपुर/कराहल के विभिन्न ग्रामों में स्थापित शासकीय शालाओं में सिंगलफेस मोटरपंप स्थापना एवं पी.व्ही.सी. टैंक द्वारा नल से पेयजल व्यवस्था कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	निविदा सूचना क्रमांक	टेंडर आई.डी.	विकासखण्ड	कार्य की संख्या	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समय
1.	66/2020-21 दि. 05.03.2021	2020_PHED_132869_1	श्योपुर	295	238.95	238950/-	15000/-	02 माह
2.	67/2020-21 दि. 05.03.2021	2020_PHED_132882_1	कराहल	337	272.97	272970/-	15000/-	02 माह

विड सबमिशन प्रारम्भ दिनांक - 12.03.2021, समय 10.30 बजे से

विड सबमिशन **अंतिम दिनांक - 17.03.2021, समय 17.30 बजे तक**

विड खोलने का दिनांक - 19.03.2021, समय 13.00 बजे

नोट - यह निविदा का संक्षिप्त भाग है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। भविष्य में संभावित समस्त संशोधन उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जावेंगे। संशोधनों का पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-20813/45341/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड श्योपुर (म.प्र.)**

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह, परासिया
जिला - छिन्दवाड़ा, म.प्र. - 480441

क्रमांक/स्थापना/2021/245/ खिरसाडोह, दिनांक : 06.03.2021

गेस्ट फेकल्टी आमंत्रण हेतु विज्ञापन

इस महाविद्यालय में सिविल इंजीनियरिंग विषय में गेस्ट फेकल्टी का पैनल बनाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। न्यूनतम अर्हता ए.आई.सी.टी.ई. के नियमानुसार सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि होना आवश्यक है। इच्छुक उम्मीदवार अपने प्रमाण-पत्रों की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ आवेदन-पत्र इस महाविद्यालय में **दिनांक 18.03.2021 तक** प्रस्तुत करें। इस संबंध में विस्तृत जानकारी तथा शर्तें वेबसाइट **mptechedu.org** पर जाकर **Institute link** पर क्लिक करके **Polytechnic Khirsadoh** पर जाकर देखी जा सकती है तथा इस महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय

जी-20950/45342/2021 **खिरसाडोह जिला - छिन्दवाड़ा**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सहलेखक सुविधा के संबंध में आवश्यक सूचना

दिनांक 08.03.2021

01. Ministry of Social Justice & Empowerment Department of Disability affairs के परिपत्र क्रमांक F.No. 34-02/2015-DO-HI दिनांक 29 अगस्त, 2018 के निर्देश का पालन करते हुये दिव्यांगजन हेतु सहलेखक उपलब्ध कराने के संदर्भ में निम्नानुसार निर्णय लिया गया है :-

1. आयोग द्वारा दिव्यांगजनों हेतु सहलेखक उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। परीक्षार्थी को स्वयं परीक्षा हेतु सहलेखक लेकर आना होगा, जिसका भुगतान स्वयं परीक्षार्थी को करना होगा।

2. परीक्षार्थी द्वारा स्वयं लाये गए सहलेखक की शैक्षणिक योग्यता आवेदित पद हेतु निर्धारित अर्हता से एक स्तर कम होगी। इस संदर्भ में स्पष्ट किया जाता है कि यदि परीक्षा में न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता स्नातक है, तो सहलेखक की उच्चतम शैक्षणिक अर्हता 10 + 2 अथवा स्नातक में अध्ययनरत किन्तु स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण न की हो होगी।

3. इसी प्रकार यदि किसी परीक्षा में न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता स्नातकोत्तर उपाधि हो तो उससे एक स्तर नीचे की अर्हता (अर्थात स्नातकोत्तर में अध्ययनरत किन्तु स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण न की हो) वाला सहलेखक मान्य किया जाएगा।

02. उक्त व्यवस्था राज्य सेवा मुख्य परीक्षा - 2019 तथा भविष्य में आयोजित की जाने वाली अन्य परीक्षाओं में भी लागू होगी।

जी-21060/45366/2021 **सचिव**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश

लिंक रोड नंबर 3, माधवराव सप्रे मार्ग, भोपाल - 462003

क्रमांक/एन.एच.एम./एच.आर./सेल-1/2021/4119 भोपाल दिनांक : 05.03.2021

संशोधित सूचना-पत्र

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, म.प्र. के अंतर्गत पत्र क्रमांक रा.स्वा.मि./मा. संसा./2020/455, दिनांक 15.01.2021 द्वारा एवं विज्ञप्ति क्रमांक जी-17919/20 द्वारा संविदा लेबोरेटरी टेक्नीशियन के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सेम्स लिमिटेड से ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि दिनांक 25.01.2021 निर्धारित की गई थी।**

उपरोक्त सूचना-पत्र के माध्यम से संविदा लेबोरेटरी टेक्नीशियन के सेम्स लिमिटेड से ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि पुनरीक्षित करते हुए **दिनांक 20.03.2021 निर्धारित की जाती है।**

उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त आवेदन-पत्र के साथ त्रुटिवश अभिलेख संलग्न (अपलोड) नहीं किये गए हैं तो ऐसे उम्मीदवार पुनः सेम्स लिमिटेड की वेबसाइट **www.sams.co.in** पर अपलोड करावें। जिसकी तिथि विज्ञापन जारी होने की दिनांक से 7 दिवस के भीतर आवेदन पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

ऐसे आवेदक जो कि पूर्व में आवेदन-पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत नहीं कर सके हैं। वे भी अपना आवेदन **दिनांक 20.03.2021 तक** ऑनलाइन प्रस्तुत करेंगे। शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

मिशन संचालक

जी-20777/45340/2021 **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
राज्य वन सेवा (मुख्य) परीक्षा - 2019
के आयोजन की सूचना दिनांक : 08.03.2021

ऑनलाइन आवेदन अवधि	प्रवेश-पत्र उपलब्धता अवधि	परीक्षा तिथि
दिनांक 12.03.2021 से दिनांक 27.03.2021 तक	दिनांक 08.04.2021 से दिनांक 16.04.2021	18.04.2021

01. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य वन सेवा परीक्षा 2019 हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक 04/2019 दिनांक 14.11.2019 के संदर्भ में आयोजित की गयी प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम दिनांक 21.12.2020 को घोषित किया गया है। उक्त परीक्षा में सफल आवेदकों हेतु राज्य वन सेवा (मुख्य) परीक्षा 2019 दिनांक 18.04.2021 को इंदौर स्थित परीक्षा केंद्र पर निम्नानुसार आयोजित की जायेगी :-

प्रश्नपत्र	विवरण	समय
प्रथम प्रश्न-पत्र	सामान्य अध्ययन, मध्यप्रदेश का सामान्य परिचय, प्रारम्भिक गणित, सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी आदि	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक
द्वितीय प्रश्न-पत्र	विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण	दोपहर पश्चात् 02.00 बजे से 04.00 बजे तक

प्रश्न-पत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे तथा परीक्षा ऑफलाइन पद्धति से OMR आधारित होगी

02. वन सेवा मुख्य परीक्षा हेतु सफल आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरकर आवेदन एवं परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना आवश्यक होगा। मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र दिनांक 12.03.2021 (दोपहर 12.00 बजे) से 27.03.2021 (रात्रि 12.00 बजे) तक **www.mponline.gov.in, www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर भरे जा सकते हैं। आवेदकों को मुख्य परीक्षा हेतु निम्नानुसार आवेदन एवं परीक्षा शुल्क देय होगा :-

मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) श्रेणी के आवेदकों के लिए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क	शेष सभी श्रेणी तथा मध्यप्रदेश के बाहर के निवासी आवेदकों के लिए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क
रु. 400/-	रु. 800/-

उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त पोर्टल शुल्क रु. 40/- (सेवाकर सहित) अतिरिक्त देय होगा

03. आवेदक ऑनलाइन आवेदन-पत्र में दिनांक 17.03.2021 से दिनांक 29.03.2021 तक त्रुटि सुधार भी कर सकेंगे। त्रुटि सुधार अवधि के पश्चात आवेदन-पत्र में कोई सुधार नहीं किये जा सकेंगे। त्रुटि सुधार हेतु प्रति त्रुटि सुधार सत्र रु. 50/- (सेवाकर सहित) देय होंगे। जिन आवेदकों द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन-पत्र नहीं भरे जायेंगे। राज्य वन सेवा परीक्षा 2019 हेतु उनकी उम्मीदवारी स्वयंमेव समाप्त हो जायेगी एवं इस संदर्भ में कोई अभ्यावेदन मान्य न करते हुये उन्हें नस्तीबद्ध कर दिया जायेगा।

04. विलम्ब शुल्क सहित आवेदन :- आयोग की यह मान्यता है कि सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन भर देंगे। अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 27.03.2021 तक ऑनलाइन आवेदन-पत्र भर दें ताकि विलम्ब शुल्क के भुगतान की परिस्थिति उपस्थित न हो। अपरिहार्य कारणों से जो अभ्यर्थी अन्तिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन नहीं भर पाते हैं उनकी सुविधा हेतु अन्तिम तिथि के बाद विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन की निम्न व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है :-

1. दिनांक 28.03.2021 से 03.04.2021 तक - रु. 3000/-
2. दिनांक 04.04.2021 से 11.04.2021 तक - रु. 25000/-

विशेष : 1. विलम्ब शुल्क की उपरोक्त राशि के साथ परीक्षा शुल्क तथा पोर्टल शुल्क का भुगतान पृथक से देय होगा।

2. रु. 3000 विलम्ब शुल्क के साथ प्रस्तुत आवेदनों में दिनांक 05.04.2021 तक तथा रु. 25000 विलम्ब शुल्क के साथ प्रस्तुत आवेदन-पत्रों में दिनांक 13.04.2021 तक विहित शुल्क का भुगतान कर त्रुटि सुधार किया जा सकेगा।

05. मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र दिनांक 08.04.2021 से दिनांक 16.04.2021 तक **www.mponline.gov.in, www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। प्रवेश-पत्र डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित नहीं किये जायेंगे। प्रवेश-पत्र प्राप्ति हेतु आवेदक mponline के अधिकृत कियोस्क का भी उपयोग कर सकते हैं। कियोस्क के माध्यम से प्रवेश-पत्र प्राप्ति हेतु रु. 5/- पोर्टल शुल्क देय होगा।

06. आवेदक कृपया ध्यान रखें कि परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश-पत्र के साथ निम्न मान्य फोटोयुक्त मूल पहचान-पत्र प्रस्तुत करने एवं उससे पहचान की पुष्टि होने के पश्चात् ही परीक्षा देने की अनुमति मिलेगी।

1. मतदाता परिचय-पत्र	2. आधार कार्ड (फोटोकॉपी मान्य)	3. ड्रायविंग लायसेंस
4. आयकर का पैन कार्ड	5. पासपोर्ट	6. फोटो सहित बैंक पासबुक
7. केन्द्र एवं राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय एवं अन्य नियोक्ताओं द्वारा फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र	8. शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत आवेदकों के मामले में शिक्षण संस्था के प्रमुख द्वारा अधिकतम तीन वर्ष पूर्व जारी फोटो पहचान-पत्र	
9. राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फोटो परिचय-पत्र		

07. मध्यप्रदेश के ऐसे मूल निवासी अभ्यर्थियों को जो कहीं सेवारत न हों तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी हों, को मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अधीन उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उल्लेखित वर्तमान पते के शहर/ग्राम से उन्हें आवंटित परीक्षा शहर तक आने-जाने के यात्रा व्यय का भुगतान वापसी यात्रा के पूर्व परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष द्वारा किया जायेगा। अभ्यर्थियों को इसके लिये केन्द्राध्यक्ष को वांछित घोषणा-पत्र भरकर देना होगा तथा यात्रा भत्ते की पात्रता से संबंधित निम्न अभिलेख प्रस्तुत करना होंगे :-

(1) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाणन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की स्व-प्रमाणित प्रति।

(2) यात्रा टिकट जिसमें यात्रा की तिथि, कहां से कहां तक यात्रा की गई तथा किराये की राशि का स्पष्टतः उल्लेख हो।

09. राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019 की परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम राज्य वन सेवा परीक्षा 2019 के विज्ञापन में प्रकाशित किया गया है।

जी-21054/45365/2021 **सचिव**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय
शिवपुरी (म.प्र.)

क्रमांक 2496/स्था./अराज/2021 शिवपुरी, दिनांक : 05.03.2021

विज्ञप्ति सूचना

1. मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ-2-06/2018/1-55 भोपाल, दिनांक 07.04.2018 द्वारा शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी में मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018 एवं संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा विभाग, म.प्र. द्वारा प्राप्त अनुसूचियों के आधार पर शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी में स्टाफ नर्स (महिला) के रिक्त पदों पर म.प्र. के **शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय के उत्तीर्ण उम्मीदवारों हेतु** निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन-पत्र एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन-पत्र एम.पी. ऑनलाइन **www.mponline.govt.in** की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

2. आवेदन संबंधित समय तालिका :-

क्रमांक	गतिविधि	तारीख
1.	ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	**06.03.2021 रात्रि 12.00 बजे से**
2.	ऑनलाइन आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि**	**21.03.2021 रात्रि 11.59 बजे तक**

3. विज्ञापित पदों हेतु अभ्यार्थियों के चयन के संबंध में अवगत किया जाता है कि अभ्यार्थियों द्वारा किये गये आवेदन तथा निर्धारित वेटेज के आधार पर कुल 100 अंकों में से प्रावीण्य सूची बनाई जायेगी जो कि उनके द्वारा प्राप्त अंकों के वेटेज अनुसार पदों को श्रेणीवार तैयार की जावेगी। उक्त अनुसार योग्य पाये जाने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया जावेगा एवं प्रवेश दिया जावेगा।

Higher Secondary (12th) Percentage (%0.2)(Max. 20 Marks)	BSC/GNM Percentage (%0.5)(Max. 50 Marks)	BSC = 25 GNM = 20	MSC = 05	Total = 100 Marks

4. उपरोक्त तिथियां शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी की आवश्यकता अनुसार परिवर्तित की जा सकती हैं। यह उम्मीदवारों के हित में है कि वे शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी की वेबसाइट **http://shivpurimedicalcollege.com** एवं एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट **www.mponline.govt.in** का नियमित रूप से अवलोकन करते रहे एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं व निर्देशों पर ध्यान देवें। इस संबंध में शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी की कोई जवाबदारी नहीं होगी। यदि आवेदक समय-समय पर महाविद्यालय द्वारा जारी महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं निर्देशों का अवलोकन करने में असफल होता है तो इसकी दावेदारी मान्य नहीं की जावेगी। परन्तु इसके पश्चात् भी यदि अभ्यार्थी द्वारा असत्य या गलत जानकारी ऑनलाइन आवेदन में दी जाती है तो ऐसी स्थिति में आवेदक की अभ्यार्थिता निरस्त कर दी जावेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
जी-20775/45339/2021 शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज, जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/19/लेखा/का.यं./लो.स्वा.यां./2020-21 मऊगंज, दिनांक : 06.03.2021

ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना

(1) निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर **केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से** निविदा ऑनलाइन टेण्डर प्रक्रिया के तहत आमंत्रित की जाती हैं।

ऑनलाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 09.03.2021, डाक्यूमेंट डाउनलोड/सेल स्टार्ट डेट दि. 09.03.2021, डाक्यूमेंट खरीदी की **अंतिम दिनांक 24.03.2021**, बिड सबमिशन प्रारम्भ का दि. 09.03.2021 एवं बिड सबमिशन का **अंतिम दिनांक 24.03.2021 को** सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है। **Manadatory 'A'** एवं बिड ओपनिंग दिनांक 26.03.2021 अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।

(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।

(3) निविदाएं, निर्धारित तिथि दिनांक 26.03.2021 को खोली जावेंगी।

(4) कार्य का विवरण :-

रीवा जिले के खण्ड मऊगंज के अंतर्गत विभिन्न विकासखण्डों में स्थापित हैण्डपंपों का नियमित निरीक्षण, संधारण, ग्रीसिंग एवं आवश्यकतानुसार क्लोरीनेशन आदि समस्त कार्य।

ई-टेण्डर नं.	विकासखण्ड/ हैण्डपंपों की संख्या	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	प्रतिभूति राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2021_PHED_133225_1	मऊगंज-A	39.08	78160/-	5000/-	दो वर्ष
2021_PHED_133228_1	मऊगंज-B	39.08	78160/-	5000/-	दो वर्ष
2021_PHED_133230_1	हनुमना-A	40.16	80360/-	5000/-	दो वर्ष
2021_PHED_133232_1	हनुमना-B	40.16	80360/-	5000/-	दो वर्ष
2021_PHED_133234_1	त्यौंथर-A	36.58	73160/-	5000/-	दो वर्ष
2021_PHED_133235_1	त्यौंथर-B	36.58	73160/-	5000/-	दो वर्ष
2021_PHED_133237_1	नईगढ़ी-A	30.18	60360/-	5000/-	दो वर्ष
2021_PHED_133238_1	नईगढ़ी-B	30.18	60360/-	5000/-	दो वर्ष

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-20761/45338/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.)

पी.पी.टी. चयन परीक्षा 2021 के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

रसायन शास्त्र

1. एक तत्व के आक्साइड का सूत्र R_2O_3 है। तत्व R है -
(A) मरकरी (B) हाइड्रोजन
(C) सोडियम (D) एल्यूमिनियम
उत्तर- **(D) एल्यूमिनियम है। इसकी संयोजकता 3 है।**

2. धात्विक तथा हैलोजन तत्वों के समूह हैं, क्रमशः -
(A) 14 तथा 17
(B) 3 तथा 18
(C) 2 तथा 17
(D) 1 तथा 5
उत्तर- **(C) 2 तथा 17 है।**

3. कौन-से तत्व समान आवर्तक में हैं -
(A) Na, K, Hg
(B) Na, Mg, Al
(C) Li, Ba, Sn
(D) B, Al, Ca
उत्तर- **(B) Na, Mg, Al है।**

4. मैग्नेशियम तथा फास्फोरस में संयोजकता इलेक्ट्रॉनों की संख्या है-
(A) 4 तथा 5 (B) 2 तथा 6
(C) 1 तथा 6 (D) 2 तथा 5
उत्तर- **(D) 2 तथा 5 है।**

5. तत्वों X तथा Y के बीच सहसंयोजी बंध बनता है। इसमें X तथा Y के परमाणु क्रमांक होंगे -
(A) x = 11, y = 17
(B) x = 11, y = 14
(C) x = 14, y = 17
(D) x = 12, y = 6
उत्तर- **(C) x = 14, y = 17 है।** दोनों ही अधातु हैं।

6. एक कार्बन परमाणु का मोलर द्रव्यमान होता है -
(A) 12 ग्राम/मोल
(B) 16 ग्राम/मोल
(C) 24 ग्राम/मोल
(D) 14 ग्राम/मोल
उत्तर- **(A) 12 ग्राम/मोल है।**

7. यदि O का मोलर द्रव्यमान 16 ग्राम/मोल हो, तो इसके एक अणु का द्रव्यमान होगा -
(A) 5.32×10^{-35} ग्राम
(B) 2.66×10^{-23} ग्राम
(C) 5.32×10^{-23} ग्राम
(D) 6.02×10^{-19} ग्राम
उत्तर- **(C) $5.32x10^{-23}$ ग्राम है।** यहां

$$M = \frac{2 \times 16}{6.02 \times 10^{23}} = 5.32 \times 10^{-23}$$

ग्राम है।

8. लेकलांशी सेल का विद्युत वाहक बल होता है -
(A) 1.5 वोल्ट (B) 2.2 वोल्ट
(C) 1.0 वोल्ट (D) 1.8 वोल्ट
उत्तर- **(A) 1.5 वोल्ट है।**

9. एक कॉपर वोल्टामीटर तथा एक सिल्वर वोल्टामीटर को श्रेणीक्रम में जोड़कर q कूलॉम आवेश प्रवाहित किया जाता है। इससे कैथोड पर 0.315 ग्राम तांबा तथा 1.08 ग्राम चांदी जमा होती है। यदि चांदी का तुल्यांक भार 108 हो तो तांबे का तुल्यांक भार होगा -
(A) 3.15 (B) 31.5
(C) 6.30 (D) 63.0
उत्तर- **(B) 31.5** है। यहां $\frac{m_1}{m_2} = \frac{E_1}{E_2}$ से

$$E_1 = \frac{108 \times 0.315}{1.08} = 31.5 \text{ है।}$$

10. संतुलित आहार में प्रोटीन, वसा तथा कार्बोहाइड्रेट का अनुपात होता है -
(A) 1 : 1 : 1 (B) 1 : 4 : 1
(C) 1 : 1 : 4 (D) 1 : 2 : 1
उत्तर- **(C) 1 : 1 : 4 है।**

11. कौन-सा ऑक्साइड उदासीन ऑक्साइड नहीं है -
(A) H_2O (B) CO
(C) Na_2O (D) N_2O
उत्तर- **(C) Na_2O है।**

12. द्रव अवस्था में पायी जाने वाली धातु तथा अधातु है -
(A) Hg तथा Br
(B) Hg तथा Na
(C) Na तथा Cl
(D) Br तथा I
उत्तर- **(A) Hg तथा Br है।**

13. किस यौगिक में आयनिक बंध होता है-
(A) KCl (B) HCl
(C) CCl_4 (D) Na_2SO_4
उत्तर- **(A) KCl है।**

14. एकल संयोजी बंध वाला यौगिक है-
(A) O_2 (B) N_2O
(C) CCl_4 (D) C_2H_2
उत्तर- **(A) O_2 है।**

15. चार तत्वों के इलेक्ट्रॉनिक विन्यास P (2, 8, 6), Q (2, 8, 8), R (2, 8, 8, 1) तथा S (2, 7) हैं। किन्हीं दो तत्वों के संयोग से बनने वाले यौगिक का सही सूत्र है -
(A) PQ (B) R_2P
(C) QS_2 (D) RP
उत्तर- **(B) R_2P है।**

16. किस यौगिक में त्रिक बंध तथा एकल बंध होते हैं -
(A) CH_4 (B) CCl_4
(C) C_2H_2 (D) N_2
उत्तर- **(C) C_2H_2** है। यहां **C_2H_2** एसिटिलीन है जिसका सूत्र $H-C\equiv C-H$ है।

17. तीन तत्वों के इलेक्ट्रॉनिक विन्यास X (2), Y (2, 8, 7) तथा Z (2, 8, 2) है। इसमें सही कथन है -
(A) X एक धातु है
(B) Y एक धातु है
(C) Z अधातु तथा Y धातु
(D) Y अधातु तथा Z धातु है।
उत्तर- **(D) Y अधातु तथा Z धातु है।**

18. ब्रांज मिश्र धातु में कौन-से तत्व हैं-
(A) Cu तथा Zn (B) Cu तथा Fe
(C) Fe तथा Sn (D) Cu तथा Sn
उत्तर- **(D) Cu (90%) तथा Sn (10%) है।**

19. एमलगम में उपस्थित तत्व है-
(A) मैग्नेशियम (B) तांबा
(C) मरकरी (D) टिन
उत्तर- **(C) मरकरी है।**

20. सिलेबार अयस्क को वायु में गर्म करने पर प्राप्त होता है -
(A) Hg (B) Sn
(C) Fe (D) Al
उत्तर- **(A) Hg है।**

21. कौन-सी धातुएं उनके क्लोराइड की पिघली अवस्था में विद्युत विश्लेषण से प्राप्त की जाती हैं -
(A) Cu तथा Na
(B) Na तथा Mg
(C) Cu तथा Fe
(D) Mg तथा Hg
उत्तर- **(B) Na तथा Mg है।**

22. एक विलयन मार्बल चिप्स के साथ क्रिया कर एक गैस उत्पन्न करता है। यह गैस चूने के पानी को दूधिया कर देती है। यह विलयन है -
(A) H_2SO_4 (B) K_2SO_4
(C) $CaSO_4$ (D) Na_2SO_4
उत्तर- **(A) H_2SO_4 है।**

23. कौन-सा यौगिक एक क्षारीय पदार्थ नहीं है -
(A) KOH
(B) NaOH
(C) CH_3COOH
(D) Na_2CO_3
उत्तर- **(C) CH_3COOH है।** यह एक दुर्बल अम्ल है।

24. पौधों के विकास के लिये मिट्टी का PH मान होना चाहिये -
(A) 2 (B) 4
(C) 13 के पास (D) 7 के पास
उत्तर- **(D) 7 के पास है।**

25. किस यौगिक को पानी में घोलने पर अम्लीय विलयन प्राप्त होता है -
(A) NaCl (B) NH_4Cl
(C) CH_3COONa
(D) KCl
उत्तर- **(B) NH_4Cl है।**

26. सीमेंट में सबसे अधिक प्रतिशत मात्रा किसकी होती है -
(A) CaO (B) MgO
(C) $CaCO_3$ (D) Al_2O_3
उत्तर- **(A) CaO है।**

27. विटामिन होता है -
(A) एसिटिक अम्ल
(B) बोरिक अम्ल
(C) एस्कोर्बिक अम्ल
(D) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
उत्तर- **(C) एस्कोर्बिक अम्ल है।**

28. एक द्वि-आयनित हीलियम परमाणु है, एक -
(A) बीटा कण (B) प्रोटोन
(C) न्यूट्रॉन (D) एल्फा कण
उत्तर- **(D) एल्फा कण है।**

29. नाभिकीय रिएक्टर में न्यूट्रॉन के मंदन में प्रयुक्त करते हैं -
(A) भारी पानी (B) हाइड्रोजन
(C) कार्बन (D) ट्राइटियम
उत्तर- **(A) भारी पानी है।**

30. सबसे अच्छा अग्निशामक है -
(A) पानी
(B) कम्बल
(C) कार्बन टेट्राक्लोराइड
(D) एल्यूमिनियम हाइड्रॉक्साइड
उत्तर- **(C) कार्बन टेट्राक्लोराइड है।**

31. किस उत्प्रेरक की उपस्थिति में गर्म करने पर आयोडीन हाइड्रोजन से क्रिया करती है -
(A) निकिल (B) प्लेटिनम
(C) मरकरी (D) कोबाल्ट
उत्तर- **(B) प्लेटिनम है।**

32. रासायनिक अभिक्रिया $2KClO_3 \rightarrow 2KCl + 3O_2$ में कौन-सा उत्प्रेरक प्रयुक्त करते हैं -
(A) Ni (B) Cu
(C) MnO_2 (D) CO
उत्तर- **(C) MnO_2 है।**

33. सल्फर डाइऑक्साइड से SO_3 बनाने में SO_3 का उत्पादन बढ़ाने में -
(A) ताप बढ़ाते हैं
(B) ताप घटाते हैं
(C) ताप स्थिर रखते हैं
(D) SO_2 की सान्द्रता घटाते हैं
उत्तर- **(B) ताप घटाते हैं।**

- डॉ. एस.एस. पालीवाल
(लेखक, भौतिकी के अवकाश प्राप्त प्राध्यापक हैं)

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03 भोपाल-462003
Mobile No. : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/148/पयं/भोपाल-03/तशा/2020 भोपाल, दि. : 08.03.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत 24+96 आवास गृह जीआरपी लाइन इटारसी जिला होशंगाबाद हेतु STP निर्माण कार्य की निविदा क्रमांक-11/2020-21 (टेण्डर क्र. -133551) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 19.03.2021 सायं 5:00 बजे तक** खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100221/45343/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16, कचनार सिटी
विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.), E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 25/2020-21 कटनी में शहरी थाना भवन कोतवाली कटनी का निर्माण कार्य (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_133556) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 06.04.2021 तक खरीद कर सायं 18.00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/100224/45346/2021 **परियोजना यंत्री**

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, गंजबासौदा

जिला विदिशा (म.प्र.)
क्र./मंडी/निर्माण/20-21/3778 गंजबासौदा, दिनांक : 06.03.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता, म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2021_MPSAM_133276, 2021_MPSAM_133277, 2021_MPSAM_133278 के अंतर्गत ऑनलाइन निविदायें **दिनांक 03.04.2021 को शाम 5.30 बजे तक** एवं भौतिक रूप से **दिनांक 07.04.2021 को शाम 5.30 बजे तक** जरिये स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से (वित्तीय ऑफर को छोड़कर) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.co.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट : आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/100231/45350/2021 **सचिव**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रं.-02, डी-16
कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
ई-मेल : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 24/2020-21 शहडोल में निर्माण कार्य क्लाईबिंग वॉल (स्पीड, लीड एवं बोल्डरिंग वॉल) सिविल कार्य एवं पांच वर्ष रख-रखाव सहित, बिचारपुर, जिला - शहडोल (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_133387_pack1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 06.04.2021 तक** खरीद कर सायं 18:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/100269/45358/2021 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16
कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
ई-मेल : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र. - 02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 26/2020-21 उमरिया में पुलिस लाइन परिसर में रक्षित निरीक्षक कार्यालय में मरम्मत कार्य, जिला-उमरिया का कार्य (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_134176) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 18.03.2021 तक** खरीद कर सायं 18:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/100259/45356/2021 **परियोजना यंत्री**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय

होशंगाबाद मार्ग, भोपाल- 462026 (म.प्र.)
विज्ञापन संख्या 498/प्रशा./विज्ञापन/बैकलॉग/2021 दिनांक : 06.03.2021

शैक्षणिक (बैकलॉग) पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के शैक्षणिक संवर्ग के पदों (विज्ञप्ति-2014) के अनुसार बैकलॉग के प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक पदों पर चयन हेतु आरक्षण नियमों का पालन करते हुये अर्हताधारी अभ्यार्थियों से आवेदन दिनांक 15.04.2021 तक आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त शैक्षणिक पदों का विवरण, आवेदन पत्र, अर्हताएं, सामान्य नियम एवं शर्तें आदि विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.bubhopal.ac.in** पर उपलब्ध हैं।

म.प्र. माध्यम/100227/45344/2021 **कुलसचिव**

म.प्र. पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), फोन : 0734-2527715 मोबा. 9406808103, Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in
क्र. 254-55-56/पय/मप्रपुहाइडेकालि/20/ उज्जैन, दिनांक : 08.03.21

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत **निविदा क्रमांक 18/2020-21 दिनांक 9.3.2021** के अंतर्गत जिला उज्जैन, झाबुआ, देवास, रतलाम एवं बड़वानी में मरम्मत कार्यों की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2021_MPPHC_133567, 2021_MPPHC_133568, 2021_MPPHC_133570, 2021_MPPHC_ 133571, 2021_MPPHC_133574, 2021_MPPHC_133576, 2021_ MPPHC_133578, 2021_MPPHC_133580, 2021_MPPHC_ 133581, 2021_MPPHC_133583 कुल 10 निविदाएं। **निविदा क्रमांक 19/2020-21 दिनांक 9.3.2021** के अंतर्गत जिला देवास, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर एवं मंदसौर में पुलिस चौकी भवनों के निर्माण कार्यों की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2021_MPPHC_133584, 2021_MPPHC_133586, 2021_ MPPHC_ 133588, 2021_MPPHC_133589, 2021_MPPHC_ 133591, कुल 5 निविदाएं। **निविदा क्रमांक 20/2020-21 दिनांक 9.3.2021** के अंतर्गत गरोठ जिला मंदसौर में स्टेडियम/स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2021_MPPHC_133597 आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 9.3.2021 17.00 बजे** से क्रय किये जा सकते हैं एवं दिनांक 24.3.2021 18.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100229/45348/2021 **परियोजना यंत्री**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

'चयन भवन' मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल - 11
फोन : +91-755-2578801-02
ई-मेल : vyapam@nic.in, वेबसाइट : www.peb.mp.gov.in

पी.पी.टी. प्रवेश परीक्षा-2020 हेतु आवेदकों की परीक्षा शुल्क वापस किये जाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा पी.पी.टी. प्रवेश परीक्षा-2020 हेतु आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन जमा कराये गये थे परन्तु कोविड - 19 के कारण उक्त परीक्षा का आयोजन नहीं हो सका। अतः पी.पी.टी. प्रवेश परीक्षा - 2020 हेतु जिन आवेदकों द्वारा आवेदन फार्म भरकर परीक्षा शुल्क जमा किया गया है, उन आवेदकों को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 10.03.2021 से 24.03.2021 तक** एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर अपना बैंक एकाउन्ट विवरण देवें ताकि बोर्ड द्वारा आवेदकों को परीक्षा शुल्क वापस किया जा सके।

म.प्र. माध्यम/100292/45362/2021 **संचालक**

म.प्र. पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), फोन नं. : 0734-2527715
मोबा. : 9406808103, Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in
क्र. 269/पय/मप्रपुहाइडेकालि/21 उज्जैन, दिनांक : 10.03.2021

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 21/2020-21

मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत **निविदा क्रमांक 21/2020-21 दिनांक 10.3.2021** के अंतर्गत अर्द्ध शहरी थाना भवन, जीआरपी नीमच हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2021_MPPHC_133593 आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 11.3.2021 11.00 बजे** से क्रय किये जा सकते हैं एवं **दिनांक 25.3.2021 18.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100261/45357/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश में केश शिल्पी बोर्ड का गठन होगा

इन्दौर, मध्यप्रदेश में शीघ्र ही केश शिल्पी बोर्ड का गठन किया जाएगा। बोर्ड में पदाधिकारी बतौर सेन समाज के ही सदस्य रहेंगे, ताकि समाज के उत्थान, आर्थिक सशक्तीकरण के लिए बेहतर कार्य हो सके। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इन्दौर में चाणक्यपुरी चौराहे में इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित की जा रही संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की प्रतिमा छतरी भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। श्री चौहान ने कहा कि सेन समाज भारतीय संस्कृति जीवन मूल्य पर आधारित कार्य करने वाला और परंपरा को निभाने वाला मेहनतकश समाज है। समाज के बच्चे परंपरागत व्यवसाय के अलावा डॉक्टर इंजीनियर बनना चाहते हैं तो चिन्हित कॉलेजों में उनकी फीस बढ़ाने का काम भी सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने धर्म स्वातंत्र्य विधेयक की चर्चा करते हुए कहा कि बेटी की सुरक्षा की जवाबदेही सरकार की है। बिलोदा के मामले में न्याय मिले। परिजनों को आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। सबको सम्मान, न्याय और सुरक्षा सरकार की जवाबदेही है।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16, कचनार सिटी
विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.), E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 23/2020-21 उमरिया में पुलिस लाइन परिसर में एस.ए.एफ. बैरक में मरम्मत कार्य, जिला- उमरिया का कार्य (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_132117) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 18.03.2021 तक** खरीद कर सायं 18.00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/100223/45345/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-03 भोपाल-462003
Mobile : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/156/पयं/भोपाल-03/तशा/2020 भोपाल, दि. : 09.03.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत अर्द्ध शहरी पुलिस थाना लटेरी जिला विदिशा एवं अर्द्ध शहरी पुलिस थाना आष्टा जिला सीहोर की निविदा क्रमांक-12/2020-21 (टेण्डर क्र.-133732, 133736) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 19.03.2021 सायं 5.00 बजे तक** खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100230/45349/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03 भोपाल-462003
Mobile : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/159/पयं/भोपाल-03/तशा/2020 भोपाल, दि. : 09.03.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत पुलिस लाइन स्थित रक्षित निरीक्षक प्रशासकीय भवन का मरम्मत कार्य जिला होशंगाबाद एवं जिला हरदा पुलिस लाइन स्थित ब्लॉक अजनाल, नर्मदा, मानक, गोमती एवं प्र.आ. व आरक्षक आवासों में पुताई कार्य हेतु निविदा क्र.-13/2020-21 (टेण्डर क्र.-133934, 133935) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 22.03.2021 सायं 5.00 बजे तक** खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100239/45351/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक-03, गोरखपुर थाने के पीछे 1558 ऋषि कॉटेज, रतन कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.) पिनकोड-482003
Ph. : 0761-4927003, Email : mpphcjabalpur3@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 03 के अंतर्गत जिला-मण्डला में थाना मोतीनाला अंतर्गत नवीन बेसकेम्प में बैरक, वॉच टावर एवं सड़क निर्माण कार्य तथा पुलिस थाना खटिया के अंतर्गत पुलिस चौकी टाटरी परिसर में बैरक निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-14/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_134078 TO 134081) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 20.03.2021 समय सायं 17.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं सबमिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/100252/45354/2021 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P. – 462 011
No. 4365/22/D-12/MPRRDA/2021 Bhopal, Dated : 10.03.2021

NOTICE INVITING TENDER No. 935 (PMGSY-B.W)

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Seoni	1	4533000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **12.03.2021 from 17:30 hrs.** Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/100253/45355/2021 **(T & e-G)**

फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट 2021

भोजन की बर्बादी रोकने से पर्यावरण को होगा लाभ

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और डब्ल्यूआरएपी (WRAP) ने साथ मिलकर फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट (Food Waste Index Report 2021) तैयार की है। यह रिपोर्ट दर्शाती है कि घरों, रेस्टोरेंट्स और दुकानों से जितना भोजन बर्बाद होता है, उसका लगभग 17 प्रतिशत हिस्सा, भोजन फेंक देने के कारण बर्बाद होता है। दुनिया में हर साल भोजन का 17 फीसदी हिस्सा यानी 931 मिलियन मीट्रिक टन बर्बाद होता है। इसके अलावा कुछ भोजन, खेतों और आपूर्ति श्रृंखला में भी बर्बाद होता है। इससे स्पष्ट है कि कुल भोजन उत्पादन का एक-तिहाई हिस्सा कभी नहीं खाया जाता है। इस रिपोर्ट के माध्यम से दुनियाभर के देशों को ऐसी प्रणाली भी सुझाई गई है, जिससे कि भोजन की बर्बादी का सटीकता से अनुमान लगाया जा सकता है। अभी तक भोजन की बर्बादी को धनी देशों की समस्या के रूप में देखा जाता रहा है, लेकिन ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, बर्बादी का स्तर सभी देशों में लगभग समान है। इस रिपोर्ट के अध्ययन में बताया गया है कि घरों में आपूर्ति श्रृंखला के खपत (Consumption) वाले चरण में 11 प्रतिशत भोजन फेंक दिया जाता है, जबकि भोजन सेवाओं में बर्बादी का ये हिस्सा 5 प्रतिशत और फुटकर विक्रेताओं में 2 प्रतिशत है।

भोजन की बर्बादी पर लगानी होगी रोक

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरश कह चुके हैं कि दुनिया में सभी इंसानों के लिये पर्याप्त भोजन उपलब्ध है, फिर भी लगभग 69 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिलता और लगभग 3 अरब लोग ऐसे हैं, जिनके पास अपने लिये स्वस्थ खुराक का प्रबन्ध करने के लिये पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं है। गुटेरश ने पिछले वर्ष (2020) विश्व खाद्य दिवस के मौके पर दिये अपने वीडियो सन्देश में कहा था कि 'बहुतायत वाली इस दुनिया में ये बहुत दुखद है कि करोड़ों लोग अब भी हर रात भूखे पेट सोने को मजबूर हैं।' पिछले वर्ष विश्व खाद्य कार्यक्रम ने भोजन की एक खुराक की कीमत (Cost of a Plate of Food 2020) नामक रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें उन देशों का उल्लेख किया गया है जहां चावल और फलियों वाली मामूली खुराक भी लोगों की आमदनी की तुलना में बहुत महंगी होती हैं।

भोजन की बर्बादी से प्रभावित होते हैं प्राकृतिक संसाधन

भोजन की बर्बादी होती है तो उसके जरिये प्राकृतिक संसाधन भी बर्बाद होते हैं जैसे पानी, मिट्टी और ऊर्जा, इसके अलावा मानव श्रम व समय की तो बात ही अलग है। भोजन की बर्बादी से जलवायु परिवर्तन भी और ज्यादा खराब होता है, क्योंकि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कृषि क्षेत्र का भी बहुत बड़ा हिस्सा है। फलों और सब्जियों के मामले में बर्बादी की मात्रा और भी ज्यादा है और फल व सब्जियों का लगभग 20 फीसदी हिस्सा बर्बाद होता है। जब भोजन की बर्बादी होती है तो भोजन के उत्पादन में लगे तमाम संसाधन भी बर्बाद होते हैं, जिनमें पानी, जमीन, ऊर्जा, श्रम और धन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बर्बाद हुए भोजन को बड़े-बड़े कूड़ाघरों में फेंकना पड़ता है, जहां से बड़ी मात्रा में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन होता है और इस उत्सर्जन से अन्ततः जलवायु परिवर्तन की स्थिति बिगड़ती है। कई देशों में भंडारण के समय बड़ी मात्रा में भोजन का नुकसान होता है, क्योंकि वहां ठंडा वातावरण प्रदान करने वाले गोदामों सहित भंडारण की अन्य पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। वहीं कुछ देशों में भंडारण की पर्याप्त सुविधा होने के बावजूद नुकसान होता है, क्योंकि कई बार सही तापमान का ख़याल नहीं रखा जाता, गोदामों में तकनीकी ख़राबी पेश आती है या फिर जरूरत से ज्यादा मात्रा में भोजन रखा जाता है।

टिकाऊ विकास लक्ष्य

भोजन की बर्बादी और उससे पैदा होने वाले कूड़े-कचरे की मात्रा कम करने को टिकाऊ विकास लक्ष्यों में भी प्रमुखता दी गई है, इनमें लक्ष्य संख्या 2 और 12 में भुखमरी दूर करने और भोजन की बर्बादी व उससे उत्पन्न होने वाले कूड़े को 2030 तक घटाकर आधा करने का आह्वान किया गया है। 2030 सतत् विकास एजेंडा के लक्ष्य 2 का उद्देश्य अगले कुछ वर्षों में भूख और हर तरह के कुपोषण को मिटाना और खेती की उत्पादकता दोगुनी करना है। सबके लिए पौष्टिक आहार लगातार सुलभ कराने के लिए टिकाऊ आहार उत्पादन और खेती की विधियों की आवश्यकता होगी।

सतत् विकास लक्ष्य के उद्देश्यों में ये बातें शामिल हैं

- 2030 तक भुखमरी मिटाना और सभी लोगों, विशेषकर गरीब और शिशुओं सहित लाचारी की स्थिति में जीने वाले लोगों को पूरे वर्ष सुरक्षित, पौष्टिक तथा पर्याप्त भोजन सुलभ कराने की व्यवस्था करना।
- 2030 तक कुपोषण को हर रूप में मिटाना, जिसमें 5 वर्ष से छोटे बच्चों में बौनेपन और क्षीणता के बारे में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहमत लक्ष्य 2025 तक हासिल करना शामिल है। इसके अलावा किशोरियों, गर्भवती एवं स्तनपान कराती माताओं तथा वृद्धजनों की पोशाहार की जरूरतों को पूरा करना।
- 2030 तक खेती की उत्पादकता और खासकर महिलाओं, मूल निवासियों, पारिवारिक किसानों, चरवाहों और मछुआरों सहित लघु आहार उत्पादकों की आमदनी को दोगुना करना। यह काम ज़मीन तक पक्की और बराबर पहुँच, अन्य उत्पादक संसाधन और कच्चा माल, जानकारी,वित्तीय सेवाएं, बाज़ार और मूल्य संवर्द्धन के लिए अवसर तथा गैर-कृषि रोज़गार सुलभ कराने के ज़रिए किया जाना है।
- 2030 तक टिकाऊ आहार उत्पादन प्रणालियां सुनिश्चित करना और खेती की ऐसी जानदार विधियां अपनाना जिनसे उत्पादकता और पैदावार बढ़े, पारिस्थितिक प्रणालियों के संरक्षण में मदद मिले, जलवायु परिवर्तन, कठोर मौसम, सूखे, बाढ़ और अन्य आपदाओं के अनुरूप ढलने की क्षमता मजबूत हो और जिनसे ज़मीन एवं मिट्टी की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो।
- 2020 तक बीजों, उगाए गए पौधों, कारोबार के लिए पाले गए और पालतू पशुओं और उनकी संबंधित वन्य प्रजातियों की आनुवांशिक विविधता को राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर सुप्रबंधित एवं विविधीकृत बीच एवं पौध बैंकों के जरिए संरक्षित रखना तथा आनुवांशिक संसाधनों एवं संबद्ध पारम्परिक ज्ञान के उपयोग से उत्पन्न लाभों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई सहमति के अनुसार निष्पक्ष एवं समान रूप से बांटना तथा सुलभता को प्रोत्साहित करना।
- पहले से अधिक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सहित ग्रामीण बुनियादी ढांचागत सुविधाओं, कृषि अनुसंधान और विस्तार सेवाओं, टेक्नोलॉजी विकास और पौध एवं मवेशी जीन बैंकों में निवेश बढ़ाना जिससे विकासशील देशों, विशेषकर सबसे कम विकसित देशों में कृषि उत्पादकता क्षमता बढ़ सके।
- व्यापार प्रतिबंधों और विश्व कृषि बाज़ारों में व्यापार प्रतिबंधों और विकृतियों को सुधारना और रोकना। इनमें दोहा विकास दौरे में हुई सहमति के अनुरूप सभी प्रकार की कृषि निर्यात सब्सिडी और उसके बराबर प्रभाव वाले सभी निर्यात उपायों को समानान्तर रूप से समाप्त करना शामिल है।
- खाद्य जिन्स बाज़ार और उनके डेरिवेटिव्ज़ के सही ढंग से संचालन के उपाय अपनाना और सुरक्षित खाद्य भंडार सहित बाज़ार की जानकारी समय से सुलभ कराना जिससे खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में बहुत अधिक उतार-चढ़ाव को सीमित करने में मदद मिल सके।

कार्बन उत्सर्जन के लिये जिम्मेदार

फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट 2021 में स्पष्ट किया गया है इन वजहों से पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था पर काफी असर पड़ता है। इस्तेमाल ना होने वाले भोजन को आठ से 10 फीसदी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनों के लिये ज़िम्मेदार माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र की ओर से कहा गया है कि भोजन की बर्बादी घटाने से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनों में कटौती होगी, प्रकृति के क्षरण की रफ्तार धीमी होगी, भोजन की उपलब्धता बढ़ेगी और इसके जरिये, वैश्विक मंदी के समय भुखमरी कम करने और धन बचाने में मदद मिलेगी। वर्ष 2019 में 69 करोड़ लोग भुखमरी से प्रभावित थे और तीन अरब से ज़्यादा लोग एक सेहतमन्द आहार जुटाने में असमर्थ थे। वहीं कोविड-19 की वजह से ये आंकड़े और गम्भीर हो सकते हैं। इसके मद्देनजर, अध्ययन में उपभोक्ताओं से घरों पर भोजन बर्बाद ना करने का आग्रह किया गया है। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित जलवायु कार्रवाई योजनाओं में भोजन की बर्बादी से निपटने के उपायों को शामिल करने की पैरवी की गई है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि अब ऐसे देशों की संख्या बढ़ रही है, जो भोजन की बर्बादी को मापने लगे हैं। इनमें से 14 देशों ने घरों से आंकड़े इस प्रकार जुटाए हैं कि वे 'फूड वेस्ट इंडेक्स' की दृष्टि से उपयुक्त हैं, जबकि 38 अन्य देशों से मिले आंकड़े, एसडीजी - 12.3 के तरीकों के अनुरूप एकत्र किये गए हैं।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- यूएन की रिपोर्ट 'द स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर 2019' के अनुसार उत्पादन के बाद भोजन का नुकसान और उसकी बर्बादी खेतों में होने वाली गतिविधियों, भंडारण और उसकी ढुलाई के दौरान होती है।
- संयुक्त राष्ट्र के खाद्य व कृषि संगठन यानी FAO के अनुसार दुनिया भर में कुल उत्पादित भोजन का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा खेत से दुकान तक आते-आते बर्बाद हो जाता है। उसके बाद दुकान से लेकर शरीर तक पहुंचने के दौरान भी काफी मात्रा में भोजन बर्बाद हो जाता है।
- टिकाऊ विकास एजेण्डा के 12.3 लक्ष्य के तहत वैश्विक स्तर पर प्रति व्यक्ति भोजन की बर्बादी को फुटकर और उपभोक्ता के स्तर पर 50 प्रतिशत घटाया जाना है।
- यूएन एजेंसी भोजन की बर्बादी का आकलन करने के लिये देशों की क्षमता विकसित करने के इरादे से जल्द ही क्षेत्रीय समूह तैयार करने के प्रयासों में जुटी है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिये

इन्दौर

प्रदेश का सबसे बड़ा जिला और देश का सबसे स्वच्छ शहर

मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा शहर इन्दौर समुद्र तल से 553 मीटर की ऊंचाई पर मालवा पठार पर, दो छोटी नदियों सरस्वती और खान के तट पर स्थित है। यह छोटी नदियां शहर के केंद्र में मिलती हैं, जहां संगमनाथ या इंद्रेश्वर का 18वीं सदी का एक छोटा मंदिर मौजूद है। इन्दौर का नाम इसी देवता के नाम पर आधारित है। आज़ादी के बाद सन 1948 में मध्य भारत के गठन के साथ इन्दौर, राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी बन गया था परन्तु 1 नवंबर, 1956 को मध्यप्रदेश राज्य के गठन के साथ ही राजधानी को भोपाल स्थानांतरित कर दिया गया और इन्दौर जिला व संभाग मुख्यालय के रूप में अस्तित्व में आया। 32 लाख से अधिक आबादी वाला इन्दौर जिला अब एक पारंपरिक वाणिज्यिक शहरी केंद्र से राज्य की एक आधुनिक गतिशील वाणिज्यिक राजधानी में परिवर्तित हो गया है। इन्दौर जिला तथा इन्दौर संभाग दोनों के मुख्यालय के रूप में कार्य करता है। इसके साथ ही यह जिला न केवल मध्यप्रदेश बल्कि देश के अन्य क्षेत्रों के लिये शिक्षा के एक केन्द्र के रूप में प्रसिद्ध है। भौगोलिक स्थिति के कारण यहां की जलवायु अच्छी है और यहां का तापमान देश के अन्य शहरों की तुलना में स्थिर रहता है। जिले की जमीन कृषि उत्पादन के लिए काफी अनुकूल है। यह जिला गेहूं, सोयाबीन और प्याज का प्रमुख उत्पादक है।

इतिहास

भारत के स्वतन्त्र होने के पूर्व यह होलकर रियासत की राजधानी था। वर्ष 1715 में मालवा के स्थानीय ज़मींदारों ने इन्दौर को उज्जैन से ओंकारेश्वर की ओर जाने वाले नर्मदा नदी घाटी मार्ग पर व्यापार केन्द्र के रूप में बसाया था। पहले इन्दौर का नाम इन्दुर था, लेकिन 1741 ई. में यहां बनाए गए इंद्रेश्वर मंदिर के कारण यहाँ का नाम इन्दौर पड़ा। मराठा काल में बाजीराव पेशवा ने इस क्षेत्र पर अधिकार प्राप्त कर, अपने सेनानायक मल्हार राव होलकर को यहां का जमींदार बना दिया, जिन्होंने होलकर राजवंश की नींव डाली। बाद में इस वंश की शासिका अहिल्या बाई होल्कर ने यहां का शासन कार्य बड़ी सफलता के साथ निष्पादित किया और शहर को विकास की ओर अग्रसर किया। इन्दौर ब्रिटिश शासन के अधीन भी रहा। यह ब्रिटिश मध्य भारत संस्था का मुख्यालय एवं मध्य भारत की ग्रीष्मकालीन राजधानी (1948-56) भी रहा। खान नदी के तट पर बनी कृष्णापुरा छत्रियां, होलकर शासकों को समर्पित हैं। इन्दौर शहर में स्थित राजवाड़ा, होलकर राजवंश के शासकों की ऐतिहासिक हवेली है। इस महल का निर्माण लगभग 200 साल पहले हुआ था और आज तक यह महल पर्यटकों के लिए एक विशेष आकर्षण रखता है।

ब्रिटिश काल के समय से ही इन्दौर को एक औद्योगिक शहर के रूप में विकसित किया जाता रहा है। यहां हजारों छोटे-बड़े उद्योग हैं। पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में 400 से अधिक उद्योग हैं। औद्योगिक शहर होने के साथ-साथ इन्दौर शिक्षा का भी केंद्र बन के उभरा है। यह भारत का एकमात्र शहर है, जहाँ भारतीय प्रबन्धन संस्थान (आईआईएम) व भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दोनों स्थापित हैं। देश में स्मार्ट सिटी मिशन में 100 भारतीय शहरों को चयनित किया गया है, जिनमें से इन्दौर भी एक स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। 2020 के स्वच्छ सर्वेक्षण

(शेष अगले पृष्ठ पर)

इन्दौर जिला –महत्वपूर्ण तथ्य

- संभाग- इन्दौर
- जिला मुख्यालय- इन्दौर
- क्षेत्रफल- 3898 वर्ग किमी
- जनसंख्या- 32,76,697
- साक्षरता- 80.87 प्रतिशत
- लिंगानुपात- 928
- विधानसभा क्षेत्र- 9 (देपालपुर, इन्दौर-1, इन्दौर 2, इन्दौर 3, इन्दौर 4, इन्दौर 5, डॉ. अंबेडकर नगर, राऊ, सांवेर)
- तहसील- 10 (जूनी इन्दौर, कनाडिया, बिचौली हप्सी, मल्हारगंज, खुड़ैल, राऊ, डॉ. अंबेडकर नगर, सांवेर, देपालपुर, हातोद)
- विकासखण्ड- 4 (इन्दौर, महू, देपालपुर, सांवेर)
- एयरपोर्ट- देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डा
- प्रमुख उपज- गेहूं, सोयाबीन, प्याज
- प्रमुख नदियां- क्षिप्रा
- भाषा- हिन्दी

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

पल्लवन/विस्तारण

1. "आवश्यकता आविष्कार की जननी है"

मनुष्य आदिम अवस्था को पारकर - आज विज्ञान की विकासशील अवस्था में पहुंचा है और इस विकास-यात्रा की मूल प्रेरणा आवश्यकता ही रही है। आवश्यकताएं मनुष्य को कर्म करने के लिए प्रेरित करती हैं। एक आवश्यकता पूरी होने पर दूसरी आवश्यकता सामने आ जाती है। ज्यों-ज्यों विकास के नये द्वार खुलते हैं, त्यों-त्यों आवश्यकताएं भी बढ़ती जाती हैं और हर आवश्यकता कर्म को गतिशीलता देती है। आवश्यकता की पूर्ति के लिए ही नये-नये आविष्कार किये जाते हैं, इसलिए आवश्यकता को आविष्कार की जननी कहा गया है।

2. "स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है"

"स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है" यह उद्घोष बाल गंगाधर तिलक ने पराधीन भारतवासियों के बीच किया। जिस समय तिलक ने यह उद्घोष किया था, उस समय हमारा देश अंग्रेजों के अधीन था। देश में स्वतंत्रता आन्दोलन छिड़ा हुआ था। प्रत्येक देश के लिए आवश्यक है कि वह स्वतंत्र हो, क्योंकि पराधीनता सबसे बड़ा अभिशाप है। जो देश स्वतंत्र रहता है, उसके नागरिकों को स्वाधीनता जन्म से ही मिल जाती है। स्वाधीन होने पर ही देश स्वाभिमान के साथ रह सकता है और उन्नति कर सकता है। स्वाधीन नागरिक ही विश्व में अपनी पहचान बना सकता है तथा अपने देश और संस्कृति पर गर्व कर सकता है। तिलक भारत के संस्कृति पुरुष थे।

अतः उन्होंने अंग्रेजों के सामने दावा किया था, स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। जिस देश में हम पैदा हुए हैं, वहां जन्म से ही हमें स्वाधीनता का अधिकार मिल गया है। इस कथन द्वारा तिलक भारतीयों को तो स्वतंत्रता के लिए प्रेरित करते ही हैं, अंग्रेजों को भी भारत छोड़ने के लिए बाध्य करते हैं।

3. "साहित्य समाज का दर्पण है"

साहित्य अपने समाज का दर्पण होता है। जिस प्रकार मनुष्य दर्पण के सामने खड़ा होकर अपनी आकृति नाक-नक्श को देख लेता है। ठीक उसी प्रकार साहित्य रूपी आइने में किसी समाज या जाति के रूप का अर्थात् उनकी सभ्यता-संस्कृति का पता लगाया जा सकता है। साहित्यकार साहित्य के माध्यम से अपने अन्तर्जगत में विद्यमान भावों का प्रकटीकरण करता है। साहित्यकार समाज में जीता है। अतः उसमें असंयुक्त होकर वह नहीं रह सकता। जाने-अनजाने में समाज उसे प्रभावित करता है। वह यह नहीं कह सकता कि इतने बजे तक मैं समाज के प्रभाव को ग्रहण नहीं करता हूं।

साहित्यकार की कथा का आधार समाज के दैनिक जीवन में घटने वाली घटनाएं होती हैं। उन्हें ही कुछ नवीनता देकर वह अपना विषय बनाता है। साहित्यकार शून्य में रचना नहीं कर सकता और समाज के प्रभाव से भी नहीं बच सकता। अतः स्पष्ट है कि - "साहित्य समाज का दर्पण है।"

4. "नर और नारी, एक गाड़ी के दो पहिये हैं"

वर्तमान युग में वरिष्ठता और श्रेष्ठता को लेकर अधिकार और कर्तव्य को लेकर उचित और अनुचित को लेकर तथा अपने और पराये को लेकर अनेक प्रकार के विवाद चलते रहते हैं। भौतिकता और स्वार्थ का यह विवाद केवल दो व्यक्तियों, दो पुरुषों और दो नारियों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि आजकल इसने अपना प्रभाव जीवन के प्रत्येक अंग पर जमा लिया है। परिणामतः औरों की बात कौन करे, पति और पत्नी में भी परस्पर अधिकारों की होड़ लग गयी है। कभी-कभी यह होड़ इतनी बढ़ जाती है कि लोग यह भी भूल जाते हैं कि गाड़ी को चलाने के लिए सभी चक्कों का समान महत्व है। जिस प्रकार किसी एक चक्के के अभाव में गाड़ी पंगु हो जाती है, एक पल्ले के अभाव में तराजू व्यर्थ हो जाता है, उसी तरह नर के अभाव में नारी का और नारी के अभाव में नर का जीवन अपूर्ण, निरर्थक और अनुपयोगी हो जाता है।

5. "पर उपदेश कुशल बहुतेरे"

चौपाई का अंश महाकवि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित "रामचरितमानस" का है। व्यक्ति दूसरे को उपदेश देने में अत्यधिक तत्पर रहता है। उपदेश देने में लगता भी कुछ नहीं है, लेकिन जो उपदेश हम दूसरों को देते हैं, वही उपदेश हम स्वयं के जीवन में उतारें तो बहुत बड़ी बात है। जीवन में किसी महान उपदेश को उतारना अत्यन्त कठिन कार्य है। जीवन की सार्थकता कर्म में निहित है।

हम यदि कोई बात अपने जीवन में उतार कर दूसरे से वैसा ही करने को कहें तो उसका दूसरे के हृदय पर गहरा प्रभाव पड़ता है, देखा यह जाता है कि मनुष्य स्वयं तो निकृष्ट कार्य करता है, लेकिन दूसरों को अच्छे कार्य करने का उपदेश देता है। कहना आसान होता है, किन्तु किसी कार्य को करना कठिन होता है। कहने में कुछ नहीं लगता, मात्र शब्द फेंके जाते हैं। 'सत्य बोलो' सभी कहते हैं, लेकिन उस 'सत्य' को अपने जीवन में उतार बहुत कम लोग पाते हैं। सार्थकता किसी सिद्धांत को जीवन में उतारने में है। दूसरों को उपदेश देना बहुत सहज है। तुलसीदास जी ने उपदेश की प्रवृत्ति की यहां भर्त्सना की है तथा आचरण और कर्म पर बल दिया है।

6. "ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय"

यह कथन सन्त कबीरदास का है, 'प्रेम' शब्द में ढाई अक्षर मौजूद हैं। कबीर प्रेम के महत्व को इस कथन में प्रतिपादित करते हैं। ज्ञानी वही है, जो प्रेम के महत्व को समझे, प्रेम मानव के प्रति, जीवन के प्रति, ईश्वर के प्रति और सभी के प्रति हो सकता है। प्रेम से मानव हृदय का विस्तार होता है। मानव-मन में संवेदनाएं जगती हैं और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना आती है। मन द्वेष और विकारों से अलग होता है। मानव 'मानव' बनता है। कबीर कर्म और व्यवहार को महत्व देते थे। उनके जीवन में वाचिक ज्ञान का महत्व नहीं था। इसलिए उन्होंने प्रेम के महत्व को प्रतिपादित किया है। यद्यपि कबीर का प्रेम आत्मा और परमात्मा के बीच का प्रेम है और वे प्रेम में ही आत्मा की मुक्ति मानते हैं।

"पोथी पढ़-पढ़ जग मुआ, पंडित भया न कोय। ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।।"

कबीर के प्रेम में सारे विकार तिरोहित हो जाते हैं। आत्मा एक निष्ठ भाव से परमात्मा से मिल जाती है और उसे सारा ज्ञान प्राप्त हो जाता है। इसलिए वे कहते हैं।

"अकथ कहानी प्रेम की, कछु कही न जाय। गूंगे केरी सरकरा, खाये और मुसकाय।।"

इस प्रकार 'प्रेम' के ढाई अक्षरों का अत्यन्त महत्व है।

7. पाप से घृणा करो, पापी से नहीं

जब हम पापी से घृणा करते हैं, तो क्या हम बात पर विचार करते हैं कि हम ऐसा क्यों करते हैं? इसके साथ क्या हम यह भी सोचते हैं कि क्या हमने कोई पाप नहीं किया है? उत्तर मिलेगा कि हमने भी अनेक पाप किए हैं। अधिकांशतः तो उत्तर यही होगा कि जिस पाप के कारण हम तथाकथित पापी से घृणा कर रहे हैं, वह पाप भी स्वयं हमने किया होता है। तब तो संसार का प्रत्येक व्यक्ति घृणा का पात्र है, परन्तु हम स्वयं अपने से कदाचित ही घृणा करते हों।

वस्तुस्थिति यह है कि प्रत्येक व्यक्ति गलती करता है और कालान्तर में उस गलती को न करने का प्रण करता रहता है। इसी क्रम के अंतर्गत पाप होते रहते हैं। पापी बनते रहते हैं और उनमें यथावसर सुधार होता रहता है। कौन जानता है कि जिसे हम साधु समझते हैं वह किस पाप-पंक में होकर इस अवस्था को प्राप्त हुआ है।

जो आज पापी दिखाई देता है, वह कल न मालूम कितना बड़ा संत बन जाएगा? इस प्रकार प्रत्येक पापी में संत छिपा है और प्रत्येक संत में पापी छिपा है। संत बनने के लिए हमें पाप का मार्ग त्यागना होगा। पापी से घृणा करके हमको क्या मिलेगा? पाप से घृणा करके हम पाप से बचकर संत बन सकते हैं। अतः यह संत वाणी हमारा सदैव मार्गदर्शन करती रहती है कि पापी से नहीं पाप से घृणा करनी चाहिए।

8. "कर्म ही पूजा है"

Work is Workship अर्थात् कर्म ही पूजा है - यह एक महत्वपूर्ण कथन है। कवि श्रीवर ने भी एक स्थान पर कहा है कि "घनश्याम न तो मंदिरों में बसते हैं और न योगियों की समाधि में ही पाए जाते हैं। यों उनका साक्षात्कार वहां किया जा सकता है, जहां निःस्वार्थ सेवा भावी राधा निवास करती हैं।"

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' अर्थात्, कर्म में कुशलता ही योग है। यह कहकर जीवन में कर्म का महत्व ही नहीं बताया, बल्कि प्रकारान्तर से कर्म को आराधना और साधना का सर्वस्व ही बता दिया है।

कर्म जीवन का स्वभाव भी है और जीवन एवं जीवंतता का लक्षण भी है। संसार का कोई भी जीव कर्म किए बिना रह ही नहीं सकता। गीता में कहा गया है कि "कोई भी किसी काल में क्षण मात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता है। निःसंदेह सब ही प्रकृति में उत्पन्न हुए गुणों द्वारा कर्म करते हैं। स्वयं परमात्मा को भी कर्म करते रहना पड़ता है। वस्तुतः कर्म परमात्मा से ही उत्पन्न हुआ है और वह परमात्मा का ही स्वरूप है। 'कर्म ब्रह्मोद्भवं ब्रह्माक्षरसमुद्र भवम्' इतिहास साक्षी है कि जीवन में सफल होने वाले महान बनने वाले व्यक्ति कठिन परिश्रमशील महानुभव रहे हैं।"

जो कर्म सहज भाव से किया जाता है। उसको हम ईश्वर के नाम पर किया हुआ कर्म मानते हैं। फलतः कर्म को ही सच्ची पूजा कहा जाना चाहिए।

9. "अधजल गगरी छलकत जाय"

जिस घड़े में जल पूरी तरह भरा नहीं होता है, वह जरा-सा झटका लग जाने पर छलकने लगता है। क्योंकि उसमें पानी के हिलने-डुलने के लिए स्थान रहता है। परन्तु लबालब भरे हुए घड़े के द्रव के छलकने की सम्भावना कम होती है। क्योंकि उसमें पानी के हिलने के लिए स्थान नहीं रहता है। इसी प्रकार जो चना घुंघा होता है। वह बजाने में ध्वनि करता है। क्योंकि उसकी पर्त के पीछे खाली स्थान रहता है और वह प्रतिध्वनि करता है। परन्तु ठोस चना पूरी तरह भरा हुआ और ठोस होता है। अतएव उसमें प्रतिध्वनि की योग्यता नहीं होती है।

अल्पज्ञ व्यक्ति अपने ज्ञान की बात इस कारण करता है। क्योंकि वह चाहता है कि लोग उसको विद्वान समझें। कम धन वाला व्यक्ति अपने धन की शेखी बघारता है। जिससे वह समाज में अपनी छवि धन-सम्पन्न व्यक्ति के रूप में स्थापित कर सके।

जो ज्ञानवान हैं, उसके ज्ञान से दुनिया परिचित होती है और जो धनवान हैं, उसको अपने धन का ढिंढोरा पीटने की आवश्यकता नहीं होती है। यही कारण है कि अल्पज्ञ एवं कम साधन-सम्पन्न व्यक्ति को लक्ष्य करके इन कहावतों का प्रयोग किया जाता है -

"अधजल गगरी छलकत जाए अथवा थोथा चना बाजे घना।"

- **डॉ. राम मनोहर उपाध्याय**
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में अतिथि शिक्षक हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

परिणामों में इन्दौर देश का सबसे स्वच्छ नगर रहा है।

अर्थव्यवस्था

इन्दौर जिला सामान और सेवाओं के लिए एक बड़ा वाणिज्यिक केंद्र है। इन्दौर अनाज मंडी, इन्दौर संभाग की मुख्य व केंद्रीय मंडी है, यह सोयाबीन के लिये देश का प्रमुख विपणन केंद्र है। इसके अलावा यहां पर से गेहूं, चना, डॉलर चना, सभी प्रकार की दालें, कपास व अन्य सभी फसलों का कारोबार किया जाता है। इन्दौर अनाज मंडी से आसपास के जिलों जैसे धार, खरगोन, उज्जैन, देवास आदि के किसान भी जुड़े हुए हैं। मध्यप्रदेश स्टॉक एक्सचेंज मूल रूप से वर्ष 1919 में स्थापित हुआ। ये मध्य भारत का एकमात्र शेयर बाजार और भारत में तीसरा सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है जो कि इन्दौर में स्थित है। कपड़ा उत्पादन और व्यापार का भी जिले की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन्दौर जिले में इंफोसिस कंपनी ने 130 एकड़ क्षेत्र में अपना नया कैम्पस खोला है, जिससे हजारों लोगों को रोज़गार मिलेगा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज इन्दौर में अपने परिसर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इन्दौर जिला कई प्रमुख महाविद्यालयों और विद्यालयों की श्रृंखला के लिए भी जाना जाता है और यह मध्य भारत में एक बड़ा शिक्षा का केंद्र है। इन्दौर में बड़ी संख्या में छात्र आबादी है, जिसके कारण यहां के व्यापार को भी मजबूती मिलती है।

खान-पान

इन्दौर जिला अपने विशिष्ट खान-पान के लिये प्रसिद्ध है। यहां के नमकीन, पोहा और जलेबी, चाट, कचोरी, गराडू, भुट्टे का कीस, सेंव-परमल और साबूदाना खिचड़ी स्वाद में अपनी अलग पहचान बनाये हुए हैं। मिठाई में मूंग का हलवा, गाजर का हलवा, रबड़ी, मालपुए, फालूदा कुल्फी, गुलाब जामुन, रस-मलाई और रस गुल्ला चाव से खाये जाते हैं। इसके अलावा स्थानीय व्यंजन दाल-बाफला काफी प्रसिद्ध है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

इन्दौर, प्रदेश का सबसे बड़ा शहर है। इसकी अनूठी विशेषताओं और मुंबई से साम्यता रखने के कारण इसे मिनी मुंबई भी कहा जाता है। इसे अहिल्यानगरी, उद्योगनगरी तथा कपड़ों का शहर आदि उपनाम के साथ ही प्रदेश की व्यवसायिक राजधानी के रूप में भी जाना जाता है।

इन्दौर देश का सबसे साफ शहर है। लगातार चार बार से स्वच्छ शहर का अवॉर्ड जीतकर यह देशभर में सफाई में सिरमौर बना हुआ है। यह पुरस्कार यहां के लोगों की सफाई के प्रति जागरुकता और समर्पण की मिसाल है।

देश के रहने लायक शहरों की टॉप टेन सूची में इन्दौर भी शामिल है। इन्दौर भारत में एकमात्र शहर है जहां भारतीय प्रबन्धन संस्थान (आईआईएम) व भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दोनों स्थापित हैं। इन्दौर में लेजर अनुसंधान केंद्र स्थित है।

देश का तीसरा सबसे पुराना शेयर बाजार, मध्यप्रदेश स्टॉक एक्सचेंज इन्दौर में ही स्थित है।

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र (आरआरसीएटी) इन्दौर के बाहरी हिस्से में स्थित है। यह भारत सरकार के परमाणु उर्जा विभाग के अर्न्तगत स्थापित एक अनुसंधान एवं विकास केंद्र है।

भारतीय संविधान निर्माता और महान शिक्षाविद डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म इन्दौर जिले के महू में हुआ था। इसलिए वर्ष 2003 में इसका नाम उन्हीं के नाम पर डॉ. अंबेडकर नगर कर दिया गया है। महू में बाबासाहेब को समर्पित एक स्मारक भी है। महू में भारतीय थलसेना की कई इकाइयां हैं। यहां पर इन्फैन्ट्री स्कूल, सेना का संचार प्रौद्योगिकी महाविद्यालय और थलसेना का युद्ध महाविद्यालय स्थित है। यहां डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय भी है। इन्दौर में कई प्रमुख संस्थानों के मुख्यालय स्थित हैं जिनमें म.प्र लोक सेवा आयोग आदि शामिल हैं।

मध्यप्रदेश का पहला आकाशवाणी केंद्र, प्रथम विशेष आर्थिक क्षेत्र और पहला नर्सिंग पीएचडी केंद्र इन्दौर में ही स्थापित किए गए हैं। यही नहीं प्रदेश का पहला शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय भी इन्दौर में है। इन्दौर जिले में कई ऐतिहासिक इमारतें हैं जो पुरानी धरोहर को अपने आप में संजो कर रखे हुए हैं। इन्दौर शहर मध्यकाल में होलकर राजवंश की राजधानी हुआ करता था। अभी भी इस वंश से संबंधित ऐतिहासिक महत्व की इमारतों और वस्तुओं को यहां पर देखा जा सकता है। जिले में कई महल हैं, लेकिन सबसे प्रसिद्ध और भव्य होलकर राजवाड़ा महल है, जिसका अब सिर्फ अग्रभाग ही बचा हुआ है, जिसे इन्दौर के आकर्षण का केंद्र माना जाता है। इसके अलावा कांच मंदिर, लालबाग, कृष्णपुरा छत्री, बड़ा गणपति व अन्नपूर्णा मंदिर यहां के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में शुमार हैं। वहीं खजराना गणेश मंदिर देश भर में इन्दौर को अलग पहचान दिलाता है।

महात्मा गांधी हॉल, इन्दौर की ऐतिहासिक इमारतों में से एक है। 1904 में निर्मित इस हॉल का नाम पहले किंग एडवर्ड हॉल था। भारत की आजादी के बाद, 1948 में इसका नाम बदलकर महात्मा गांधी हॉल कर दिया गया। शहर में इसे टाउन हॉल के नाम से भी जाना जाता है। लाल बाग महल, इन्दौर के सबसे शानदार महलों में से एक है। यह महल, खान नदी के तट पर तीन मंजिला इमारत के रूप में खड़ी एक शानदार संरचना है। इसका निर्माण महाराजा शिवाजी राव होलकर ने करवाया था। इस महल का इस्तेमाल होलकर शाही परिवार के द्वारा मेजबानी में किया जाता था। 28 एकड़ में फैले इस महल को एक संग्रहालय में बदल दिया गया है।

इन्दौर जिले की महू तहसील में स्थित पातालपानी नामक झरना भी एक लोकप्रिय पिकनिक और ट्रेकिंग स्थल है। इन्दौर जिले में स्थित रालामंडल अभ्यारण्य भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र है।

- **रीता मोदी**
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

जॉब अलर्ट

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, डाक विभाग, पुणे

पद का नाम - कुशल कारीगर - ऑटो इलेक्ट्रीशियन, टिन स्मिथ, वेल्डर
पदों की संख्या - 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 22 मार्च 2021
www.indiapost.gov.in

राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र, गुड़गांव (हरियाणा)

पद का नाम - वैज्ञानिक-III (शैक्षिक)
पदों की संख्या - 02
योग्यता - पीएच.डी/इंजीनियरिंग/पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल योग्यता-एमडी में समकक्ष डिग्री या मूल उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्यों के बराबर, प्रकाशनों और पेटेंट द्वारा साक्ष्य के साथ, न्यूरोसाइंस या संबंधित क्षेत्रों में योग्यता के साथ 3 साल का अनुभव।
अंतिम तिथि - 22 मार्च, 2021, उत्तर पूर्व राज्यों, अंडमान एवं निकोबार द्वीप, लक्षद्वीप, जम्मू एवं कश्मीर के अधिवासी आवेदकों के लिये 6 अप्रैल 2021 है।
www.nbrc.ac.in

सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र, गांधीनगर

पद का नाम - वैज्ञानिक-डी (पुस्तकालय विज्ञान), वैज्ञानिक-सी (पुस्तकालय विज्ञान) धारणाधिकार रिक्त, वैज्ञानिक-बी (पुस्तकालय विज्ञान) धारणाधिकार रिक्ति पर, वैज्ञानिक तकनीकी अधिकारी-01 (कम्प्यूटर साइंस) तीसरा प्रयास, निजी सचिव (चौथा प्रयास), वरिष्ठ सहायक/कार्यालय सहायक-II
पदों की संख्या - 01, 02, 02, 01, 01, 03
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 21 मार्च, 2021
www.inflibnet.ac.in

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, नई दिल्ली

पद का नाम - लाइब्रेरियन (अनुबंध आधार पर)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ पूर्णकालिक स्नातक एवं मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ लाइब्रेरी साइंस में पूर्णकालिक डिग्री (स्नातक के बाद एक वर्षीय पाठ्यक्रम)
अंतिम तिथि - 22 मार्च, 2021
www.ircon.org

सीएसआईआर-केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन, चंडीगढ़

पद का नाम - सुरक्षा सहायक एकाकी वर्ग (ग्रुप-ख)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - भूतपूर्व सैनिक, सेना अथवा अन्य अर्द्ध-सैनिक बलों में जेसीओ और सुरक्षा कार्य में 5 वर्ष का अनुभव।
अंतिम तिथि - 30 मार्च 2021
www.csio.res.in

पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा

पद का नाम - प्रोफेसर, सह-प्रोफेसर सहायक प्रोफेसर-समूह-क पद, गैर शैक्षणिक पद
पदों की संख्या - कुल 87+7 (गैर शैक्षणिक पदों के लिये 7)
योग्यता - गैर शैक्षणिक पदों पर-07 पदानुसार
अंतिम तिथि - 29 मार्च, 2021
www.cup.edu.in

एडमिशन अलर्ट

विशिष्ट आवासीय विद्यालय, जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल, मध्यप्रदेश

पाठ्यक्रम का नाम - कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं (प्रवेश राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जायेगा।)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 31 मार्च, 2021
https://www.tribal.mp.gov.in/mptaas

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (बेहरमपुर, भोपाल, कोलकाता, मोहाली, पुणे, तिरुवनंतपुरम् और तिरुपति)

पाठ्यक्रम का नाम - बीएस-एमएस डुएल डिग्री (5 वर्षीय)
बीएस-डिग्री प्रोग्राम (4 वर्षीय) - सत्र 2021
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 29 मार्च, 2021
www.iiseradmission.in

योजना तथा वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - पीएच.डी. प्रोग्राम्स (फुलटाईम और पार्ट टाईम) मास्टर्स प्रोग्राम्स, दो वर्षीय, बैचलर्स प्रोग्राम्स - आर्किटेक्चर प्लानिंग।
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 27 मार्च, 2021
www.spa.ac.in

रेवा यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए, बी.टेक, बी.आर्क/बी. डिजाइन, बीबीए एलएलबी/बीए एलएलबी, बीबीए (ऑनर्स), बीकॉम (ऑनर्स), बीएजेएमसी, बीसीए/बीएससी, एमसीए
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - पहले आओ पहले पाओ के आधार पर
https://revacet.com

जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र (ज.ने.उ.वै.अ.के.), बेंगलुरु

पाठ्यक्रम का नाम - स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान कार्यक्रम-2021 रिसर्च प्रोग्राम्स (पीएच.डी./एम.एस. (इंजीनियरिंग)/एम.एस. (रिसर्च), केमिस्ट्री में दो वर्षीय मास्टर्स प्रोग्राम, इंटीग्रेटेड पीएच.डी. प्रोग्राम्स)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 19 अप्रैल, 2021
http://www.jncasr.ac.in/admission/degree-programmes

बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा, रांची, जयपुर, लालपुर, नोएडा, पटना

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए प्रोग्राम्स 2021
योग्यता - स्नातक के साथ कैट 20/जैट 21/सीमैट 21/मैट (दिसं. 20)/मैट 21 का वैलिड स्कोर कार्ड।
अंतिम तिथि - 20 अप्रैल, 2021
www.bitmesra.ac.in

द यूनिवर्सिटी ऑफ क्वीन्सलैंड, ऑस्ट्रेलिया और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, देहली (कोलेबरेशन)

पाठ्यक्रम का नाम - पीएच.डी. प्रोग्राम्स
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 28 मार्च, 2021
www.uqidar.org

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

ऑस्ट्रेलिया अवॉर्ड - 2020-21

संस्था का नाम - द स्विनबर्न यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, ऑस्ट्रेलिया
किसके लिए - यूजी और पीजी करने वाले छात्रों के लिये, मान्यता प्राप्त संस्था से यूजी के लिये 12वीं पास और स्नातकोत्तर के लिये स्नातक निर्धारित ग्रेड पॉइंट एवरेज प्राप्त हों।
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार (अंग्रेजी भाषा दक्षता में निपुण होना आवश्यक है।)
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल, 2021
www.swinburne.edu.in

राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति स्कीम - 2020-21

संस्था का नाम - सामाजिक न्याय और आधिकारिता विभाग, नई दिल्ली, भारत सरकार।
किसके लिए - स्कीम के अंतर्गत एससी छात्रों हेतु राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति स्कीम के अंतर्गत विदेश में मास्टर और पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।
योग्यता - निर्देशानुसार
अंतिम तिथि - 31 मार्च, 2021
www.nosmsje.gov.in

अखिल भारतीय कालिदास पुरस्कार, प्रादेशिक राजशेखर, भोज एवं व्यास पुरस्कार

संस्था का नाम - मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, कालीदास संस्कृति अकादमी
किसके लिए - संस्कृत में लेखन करने वाले लेखकों से अखिल भारतीय कालिदास पुरस्कार, प्रादेशिक राजशेखर, भोज एवं व्यास पुरस्कार के लिये आवेदन आमंत्रित है।
योग्यता - निर्देशानुसार
लेखन 1 जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2020 के मध्य प्रकाशित है।
अंतिम तिथि - 31 मार्च, 2021
www.kalidasacademy.com

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. **इस वर्ष फीफा क्लब विश्वकप का खिताब किस टीम ने जीता है?**
(अ) फ्लेमिंगो
(ब) बायर्न म्युनिख
(स) मैनचेस्टर यूनाईटेड
(द) लिवरपूल

2. **रियो ओलिंपिक-2016 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान थे?**
(अ) वीरेंद्र लाकड़ा
(ब) सरदारा सिंह
(स) पी.आर. श्रीजेश
(द) संदीप सिंह

3. **अमेरिकी गोल्फर टाइगर वुड्स ने अब तक कितने पीजीए टूर खिताब जीते हैं?**
(अ) 74 (ब) 82
(स) 85 (द) 90

4. **तेजिंदरपाल सिंह तूर ने एशियन गेम्स में किस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) गोला फेंक (ब) भाला फेंक
(स) पोल वॉल्ट (द) चक्का फेंक

5. **मध्यप्रदेश की खिलाड़ी मनीषा कीर किस खेल से संबंधित हैं?**
(अ) तैराकी
(ब) तीरंदाजी
(स) निशानेबाजी
(द) इनमें से कोई नहीं

6. **सबसे ज्यादा बार फेड कप किस देश ने जीता है?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) क्रोएशिया
(स) स्पेन (द) अमेरिका

7. **महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) बेलारूस (ब) कनाडा
(स) अर्जेंटीना (द) मैक्सिको

8. **हॉकी किस देश का राष्ट्रीय खेल है?**
(अ) नेपाल (ब) ब्रिटेन
(स) जर्मनी (द) पाकिस्तान

9. **इस वर्ष एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट किस देश में आयोजित किया जायेगा?**
(अ) बांग्लादेश
(ब) संयुक्त अरब अमीरात
(स) श्रीलंका
(द) इनमें से कोई नहीं

10. **वर्ष 2014 में राष्ट्रमंडल खेल किस शहर में आयोजित किए गए थे?**
(अ) ग्लास्गो (ब) गोल्ड कोस्ट
(स) ओटावा (द) नई दिल्ली

11. **क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अब तक कितने अंतर्राष्ट्रीय गोल किए हैं?**
(अ) 99 (ब) 102
(स) 108 (द) 112

12. **वर्ष 2019 में मलेशिया ओपन में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने थे?**
(अ) लिन डेन
(ब) ली चोंग वेई
(स) किदांबी श्रीकांत
(द) केंटो मोमोटा

13. **इनमें से किस महिला को टोक्यो ओलिंपिक आयोजन समिति का प्रमुख बनाया गया है?**
(अ) युजुरू हान्यू
(ब) सीको हाशिमोतो
(स) काओरी इको
(द) इनमें से कोई नहीं

14. **इनमें से किस गोल्फर ने वर्ष 2019 में ब्रिटिश ओपन टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) शेन लॉरी
(ब) जैक जॉनसन
(स) फ्रांसिस्को मॉलिनेरी
(द) इनमें से कोई नहीं

15. **एफआईएच वूमेंस हॉकी वर्ल्डकप में कौन-सा देश उपविजेता रहा था?**
(अ) नीदरलैंड
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) आयरलैंड
(द) मलेशिया

16. **हुक पास टर्म किस खेल में प्रयुक्त होता है?**
(अ) गोल्फ (ब) वॉलीबॉल
(स) जिम्नास्टिक (द) बास्केटबॉल

17. **सिनसिनाटी मास्टर्स टूर्नामेंट किस खेल का प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है?**
(अ) टेनिस (ब) बैडमिंटन
(स) शतरंज (द) टेबल टेनिस

18. **आईसीसी द्वारा जनवरी-2021 के लिए किस खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है?**
(अ) जो रूट
(ब) ऋषभ पंत
(स) केन विलियमसन
(द) रविंद्र जडेजा

19. **फुटबॉलर मार्कस रेशफोर्ड किस इंग्लिश क्लब के लिए खेलते हैं?**
(अ) चेल्सी
(ब) लिवरपूल
(स) मैनचेस्टर यूनाइटेड
(द) मैनचेस्टर सिटी

20. **वर्ष 2019 में किस खिलाड़ी को आईसीसी प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था?**
(अ) विराट कोहली
(ब) बेन स्टोक्स
(स) मिशेल स्टार्क
(द) स्टीव स्मिथ

21. **लुईस हैमिल्टन फॉर्मूला-वन में किस टीम के लिए रेसिंग करते हैं?**
(अ) मैक्लेरेन
(ब) रेडबुल
(स) मर्सिडीज
(द) इनमें से कोई नहीं

22. **वन-डे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड किस खिलाड़ी के नाम है?**
(अ) महेन्द्र सिंह धोनी
(ब) सनथ जयसूर्या
(स) ब्रैंडन मैक्कुलम
(द) शाहिद अफरीदी

23. **वर्ष 2017 में यूएस ओपन में महिला एकल वर्ग में चैम्पियन बनी थीं?**
(अ) स्लोएन स्टीफंस
(ब) नाओमी ओसाका
(स) सेरेना विलियम्स
(द) सिमोना हालेप

24. **सबसे ज्यादा वन-डे मैच खेलने का रिकॉर्ड किस महिला क्रिकेटर के नाम है?**
(अ) शार्लेट एडवर्ड्स
(ब) मिताली राज
(स) झूलन गोस्वामी
(द) सारा टेलर

25. **मरियप्पन थंगावेलू ने रियो पैरालिंपिक में किस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था?**
(अ) ऊंची कूद (ब) लंबी कूद
(स) गोला फेंक (द) भाला फेंक

उत्तर

1. (ब), 2. (स), 3. (ब), 4. (अ), 5. (स), 6. (द), 7. (अ), 8. (द), 9. (स), 10. (अ), 11. (ब), 12. (अ), 13. (ब), 14. (अ), 15. (स), 16. (द), 17. (अ), 18. (ब), 19. (स), 20. (ब), 21. (स), 22. (द), 23. (अ), 24. (ब), 25. (अ)

- **पुष्पेंद्र कुमार सविता**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा भारत

अहमदाबाद, भारत ने अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया टेस्ट सीरीज का चौथा और अंतिम टेस्ट मैच पारी और 25 रनों से अपने नाम किया है। इस जीत के साथ ही भारत ने आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा।

टेस्ट मैच में इंग्लैंड के कप्तान जो रुट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन ने उनके फैसले को गलत साबित किया। इंग्लैंड के 3 विकेट 30 रन के स्कोर पर गिर गये। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो (28) और बेन स्टोक्स (55) ने पारी को संभालने की कोशिश की। इन दोनों के अलावा ओली पोप (29) और डेन लॉरेंस (46) ने भी उपयोगी पारी खेलकर इंग्लैंड को 205 के स्कोर तक पहुंचाया। पहली पारी में भारत की शुरुआत भी खराब रही। रोहित शर्मा (49) को छोड़ भारत के शीर्ष चार बल्लेबाज 80 के स्कोर तक पवेलियन लौट गये। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने एक बार फिर जुझारू पारी खेल भारत को संकट से उबारा। पंत ने वाशिंगटन सुंदर के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिये 113 रनों की उपयोगी साझेदारी की। पंत ने 101 रनों की शतकीय पारी खेली। सुंदर ने पंत के बाद अक्षर पटेल के साथ मिलकर भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने का काम किया। दोनों बल्लेबाजों ने आठवें विकेट के लिये 106 रनों की साझेदारी कर भारत को 365 रनों तक पहुंचाया। इस स्कोर पर अक्षर पटेल (43) रन पर आउट हो गये। इसके बाद बेन स्टोक्स ने इशांत शर्मा और मोहम्मद सिराज को आउट कर भारतीय टीम को 365 रन पर रोक दिया। वाशिंगटन सुंदर अपने पहले टेस्ट शतक से चार रन पीछे रह गये और 96 रन बनाकर नाबाद लौटे।

पहली पारी में भारत से 160 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में इंग्लिश बल्लेबाजों में भारतीय स्पिनरों का खौफ नजर आया। अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन की स्पिन जोड़ी ने अपनी फिरकी से इंग्लिश बल्लेबाजों को जमकर नचाया। दोनों गेंदबाजों ने 6-4 विकेट लिये और इंग्लैंड की पारी 135 रनों पर समेट दी। इंग्लैंड के लिये डेन लॉरेंस ही कुछ समय क्रीज पर टिकने में कामयाब रहे। लॉरेंस की 50 रनों की अर्धशतकीय पारी को अश्विन ने समाप्त किया।

- **भारतीय क्रिकेट टीम की घरेलू सरजमीं पर यह लगातार 13 टेस्ट सीरीज जीत है।**
- **भारत ने छठवीं बार पहला मैच गंवाने के बावजूद टेस्ट सीरीज जीती है।**
- **मैच में ऋषभ पंत ने मुश्किल परिस्थितियों में शतक बनाया।**
- **पंत का भारत में यह पहला टेस्ट शतक है। उन्होंने इससे पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में भी टेस्ट शतक बनाये हैं।**
- **रविचंद्रन अश्विन ने सीरीज में 32 तथा अक्षर पटेल ने 27 विकेट लिये।**
- **अक्षर के टेस्ट कॅरियर की यह पहली सीरीज है। अक्षर ने पदार्पण सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में दिलीप दोषी के भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी की।**
- **इस जीत के साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 120 अंकों के साथ शीर्ष पर आ गई है।**

खेल चर्चा

टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाले पहले अफगानी बल्लेबाज बने शाहिदी

अबुधाबी, अफगानिस्तान के युवा बल्लेबाज हशमतुल्लाह शाहिदी ने टेस्ट क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शाहिदी टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाले पहले अफगानी बल्लेबाज बन गये हैं। शाहिदी ने यह उपलब्धि अबुधाबी में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गये टेस्ट मैच के दौरान हासिल की। शाहिदी ने मैच की पहली पारी में नाबाद 200 रन बनाये। शाहिदी की शानदार पारी के बदौलत अफगानिस्तान ने पहली पारी में 4 विकेट खोकर 545 रन बनाये और पारी घोषित की। शाहिदी से पहले अफगानिस्तान के लिये टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड असगर अफगान (164) के नाम था। असगर ने यह पारी इसी मैच में खेली है।

इंग्लैंड से टेस्ट मैच खेलेगी भारतीय महिला टीम

नई दिल्ली, भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस वर्ष के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेलते हुये नजर आयेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने ट्वीट कर बताया कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम एक बार फिर सफेद जर्सी में दिखेगी। हालांकि बीसीसीआई ने यह नहीं बताया कि यह मैच भारत में होगा या इंग्लैंड में। वर्ष 2014 के बाद यह भारतीय महिला टीम का पहला टेस्ट मैच होगा। भारत ने इससे पहले वर्ष 2014 में मिताली राज की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैसूर में टेस्ट मैच खेला था, जिसे भारतीय टीम ने पारी और 34 रन से जीता था।

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

साउथेम्प्टन में खेला जायेगा फाइनल मुकाबला

मुंबई, आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला इंग्लैंड स्थित साउथेम्प्टन के रोज बाउल स्टेडियम में खेला जायेगा। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने दी है। पहले यह मुकाबला इस वर्ष 18 से 22 जून तक लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान पर खेला जाना था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे बदला गया है। बीसीसीआई के अनुसार लॉर्ड्स स्टेडियम और होटल के बीच दूरी काफी ज्यादा है, जबकि साउथेम्प्टन में स्टेडियम और होटल नजदीक हैं। खिलाड़ी होटल के अंदर से ही स्टेडियम में जा सकते हैं।

जोकोविक ने टेनिस रैंकिंग में बनाया विश्व रिकॉर्ड

लुसाने, सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविक ने एटीपी टेनिस रैंकिंग में सबसे अधिक समय तक शीर्ष पर रहने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। एटीपी द्वारा जारी पुरुष टेनिस रैंकिंग में जोकोविक 311वें सप्ताह में शीर्ष पर काबिज हैं। इससे पहले एटीपी टेनिस रैंकिंग में 310 सप्ताह तक शीर्ष पर रहने का रिकॉर्ड स्विट्जरलैंड के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर के नाम था। जोकोविक पहली बार जुलाई 2011 में टेनिस रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे। इसके बाद वे पांच अलग-अलग समय पर रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज रहे। जोकोविक के नाम 36 बार एटीपी मास्टर्स-1000 खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी है।

आईसीसी ने वर्ष 2031 तक के महिला क्रिकेट इवेंट किये घोषित

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वर्ष 2023 से लेकर 2031 के बीच होने वाले महिला क्रिकेट टूर्नामेंट्स की घोषणा की है। आईसीसी ने ट्वेंटी-20 चैंपियंस कप के रूप में नया टूर्नामेंट लॉन्च किया है। यह टूर्नामेंट वर्ष 2027 और 2031 में आयोजित होगा। इस टूर्नामेंट में 6 टीमें हिस्सा लेंगी। आईसीसी ने कहा कि वर्ष 2025 और 2029 में महिला वन-डे विश्वकप खेला जायेगा। वर्ष 2025 के वन-डे विश्वकप में 8 टीमें हिस्सा लेंगी, जबकि वर्ष 2029 के वन-डे विश्वकप में टीमों की संख्या 10 होगी। आईसीसी ने बताया कि वर्ष 2024, 2026, 2028 और 2030 में महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप आयोजित होगा।

International Cricket Council

सिंधु को हराकर मारिन ने जीता स्विस ओपन

बासेल, स्पेन की अनुभवी महिला बैडमिंटन खिलाड़ी कैरोलिना मारिन ने स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के फाइनल में मारिन ने भारतीय स्टार शटलर पी.वी. सिंधु को 21-12, 21-5 से हराया। मारिन ने यह मुकाबला महज 35 मिनट में जीता। यह मारिन का इस वर्ष तीसरा खिताब है। मारिन के खिलाफ सिंधु की यह लगातार तीसरी हार है। मारिन और सिंधु रियो ओलिंपिक में महिला एकल वर्ग के फाइनल में भिड़ चुकी हैं।

आईसीसी ने अश्विन को चुना प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिये आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिये चुना गया है। अश्विन को यह पुरस्कार फरवरी 2021 के लिये दिया गया है। फरवरी में अश्विन ने 24 विकेट लेने के साथ-साथ 176 रन भी बनाये हैं।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंच अवॉर्ड के लिये अश्विन के अलावा इंग्लैंड के जो रुट तथा वेस्टइंडीज के युवा बल्लेबाज काइल मायर्स को नामांकित किया गया था। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने सीरीज में 32 विकेट लिये तथा एक शतक भी लगाया। इस सीरीज के दौरान अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट लेने की उपलब्धि भी अपने नाम की। आईसीसी वोटिंग अकादमी के सदस्य इयान विशप ने रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन

पर कहा कि अश्विन टेस्ट क्रिकेट में लगातार विकेट लेने में सफल रहे, जिससे भारतीय टीम सीरीज जीतने में कामयाब रही।

महिला वर्ग में टैमी ब्यूमोंट बनीं विजेता

आईसीसी ने महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिये इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट को चुना है। ब्यूमोंट ने फरवरी माह में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वन-डे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुये कुल 231 रन बनाये थे।

न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर जीती ट्वेंटी-20 सीरीज

वेलिंग्टन, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई ट्वेंटी-20 सीरीज को न्यूजीलैंड ने 3-2 से अपने नाम किया है। सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच में न्यूजीलैंड ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। इससे पहले सीरीज के पहले दो मैच न्यूजीलैंड ने जीते, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने तीसरा और चौथा मैच जीता था।

आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। जोश फिलिप के जल्द आउट होने के बाद कप्तान एरॉन फिंच (36) और मैथ्यू वैड (44) ने दूसरे विकेट के लिये 66 रन जोड़े। इन दोनों के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी लड़खड़ा गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 142 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के लिये ईश सोढ़ी ने सर्वाधिक 3 विकेट लिये।

लक्ष्य का पीछा करते हुये डेवॉन कोन्वे (36) और मार्टिन गुप्टिल (71) ने न्यूजीलैंड को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 11.5 ओवरों में 106 रनों की साझेदारी की। इनके बाद ग्लैन फिलिप ने 34 रनों की तेज पारी खेल न्यूजीलैंड को 15.3 ओवर में ही जीत दिला दी। मार्टिन गुप्टिल को मैन ऑफ द मैच तथा ईश सोढ़ी को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया।

कोनेरू हम्पी बनीं

बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमैन ऑफ द ईयर

नई दिल्ली, भारत की दिग्गज शतरंज खिलाड़ी कोनेरू हम्पी को बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिये चुना गया है। हम्पी को पब्लिक वोटिंग के आधार पर वर्चुअल समारोह में विजेता घोषित किया गया है। हम्पी ने इस पुरस्कार की दौड़ में हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल, पहलवान विनेश फोगाट, निशानेबाज मनु भाकर और धाविका दुतीचंद को पीछे छोड़ा।

कोनेरू हम्पी वर्ष 2002 में 15 वर्ष की आयु में ग्रैंड मास्टर बनी थीं। हम्पी ने वर्ष 2019 में शतरंज में वापसी की और वर्ल्ड रैपिड चेस चैंपियनशिप अपने नाम की थी। उन्होंने वर्ष 2020 में कैंडिडेट्स कप जीतकर सभी को प्रभावित किया था।

अवॉर्ड जीतने के बाद हम्पी ने कहा कि यह अवॉर्ड मेरे और शतरंज के लिये

बेहद कीमती है। मुझे उम्मीद है कि इस अवॉर्ड के बाद शतरंज की ओर लोगों का ध्यान जायेगा।

अंजू को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

भारत की पूर्व एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज को बीबीसी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के लिये चुना गया है। अंजू को यह अवॉर्ड भारतीय खेलों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिये दिया गया है। अंजू विश्व एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय एथलीट हैं। अंजू ने वर्ष 2003 में विश्व चैंपियनशिप में लंबी कूद स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

मनु बनीं इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर

भारत की युवा निशानेबाज मनु भाकर को बीबीसी इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिये चुना गया है। मनु को यह अवॉर्ड कम उम्र में निशानेबाजी में उल्लेखनीय योगदान के लिये दिया गया है। मनु ने आईएसएसएफ विश्वकप 2018 में दो स्वर्ण पदक, यूथ ओलिंपिक में स्वर्ण पदक तथा राष्ट्रमंडल खेलों में एक स्वर्ण पदक जीता है। मनु को इस वर्ष टोक्यो में आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों में पदक का दावेदार माना जा रहा है।

विनेश और बजरंग बने नंबर वन पहलवान

रोम, कुश्ती में भारतीय पहलवानों का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट और पुरुष पहलवान बजरंग पूनिया अपने-अपने भार वर्ग में विश्व के नंबर वन पहलवान बन गये हैं। विनेश ने रोम में आयोजित माटियो पेलिकोन रैंकिंग कुश्ती सीरीज में महिलाओं की 53 किलोग्राम भार वर्ग स्पर्धा के फाइनल में कनाडा की डायना मैरी बीकर को 4-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, वहीं इस प्रतियोगिता में बजरंग ने पुरुषों की 65 किलोग्राम भार वर्ग स्पर्धा में मंगोलिया के तुल्गा तुमुर ओचिर को 2-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ इन दोनों पहलवानों ने विश्व रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

चार क्षेत्रीय मुख्यालय राजमार्ग निर्माण के लिये बनेंगे

केंद्र सराकर दो लेन राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में तेजी लाने के साथ-साथ देशभर में चार जोनल मुख्यालयों की स्थापना करने जा रही है। जानकारी के अनुसार देश की उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम हिस्से में जोनल कार्यालय खोले जायेंगे। इसमें मंत्रालय के अतिरिक्त महा निदेशक (एडीजी) स्तर के अधिकारी तैनात होंगे। मंत्रालय दो लेन राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण आदि का कार्य राज्यों की एजेंसी पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कराता है।

डिजिटल शिखर सम्मेलन

जलवायु परिवर्तन पर भारत-स्वीडन मिलकर कर सकते हैं काम : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत और स्वीडन स्मार्ट सिटी, स्मार्ट ग्रिड, ई-मोबिलिटी और अपशिष्ट प्रबंधन समेत कई क्षेत्रों में संबंध प्रगाढ़ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन जैसे कई महत्वूर्ण क्षेत्रों में भी दोनों देश साझेदारी को बढ़ा सकते हैं।

स्वीडन के प्रधानमंत्री स्टीफन लोफवेन के साथ डिजिटल तरीके से आयोजित शिखर सम्मेलन में मोदी ने कहा, हम नवोन्मेष, प्रौद्योगिकी, निवेश, स्टार्ट-अप, अनुसंधान में दोनों देशों के रिश्तों को और आगे बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र, मानवाधिकार, कानून का शासन, समानता, स्वतंत्रता और न्याय जैसे साझा मूल्य भारत और स्वीडन के बीच संबंधों और आपसी सहयोग को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा, स्मार्ट सिटी, जल शोधन, अपशिष्ट प्रबंधन, सर्कुलर, इकोनॉमी, स्मार्ट ग्रिड, ई-मोबिलिटी डिजिटल कायाकल्प समेत कई क्षेत्रों में हमारे संबंध और प्रगाढ़ हो सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने स्वीडन में हाल के हिंसक हमलों के लिये सभी भारतीय नागरिकों की ओर से स्वीडन के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की और घायल हुये लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्री मोदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का महत्वपूर्ण मुद्दा दोनों देशों की प्राथमिकता में शामिल है और दोनों इस पर मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत की संस्कृति ने हमेशा प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाने के महत्व पर जोर दिया है।

अमेरिकी विश्वविद्यालय नासा के लिये विकसित करेंगे ऊर्जा तकनीक

अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने वर्ष 2024 में चांद पर पहली बार महिला और पुरुष विज्ञानी को भेजने की योजना बनाई है। इसके लिये उसने अमेरिकी विश्वविद्यालयों से अंतरिक्ष यान में इस्तेमाल की जाने वाली ऊर्जा के लिये एक टिकाऊ संसाधन को लेकर विशेष शोध करने का आह्वान किया है। नासा के अंतरिक्ष तकनीकी मिशन निदेशालय के उप-सहायक प्रशासक वॉल्ट इंगेलुंड ने बताया कि अमेरिकी विश्वविद्यालयों द्वारा विकसित किया जाने वाला सिस्टम से भविष्य की खोज ज्यादा रोमांचक हो सकेगी।

- **नासा के अनुसार उसने अपने पहले लूनर सरफेस टेक्नोलॉजी रिसर्च (एलएसटीआर) के लिये छह परियोजनाओं के प्रस्तावों का चयन किया है।**

क्वाड सहयोगियों के साथ जल्द भागीदारी को इच्छुक बाइडेन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने सहयोगियों ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के साथ जल्द से जल्द सहयोग करने की इच्छा जताई है। यह जानकारी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। क्वाड देशों में जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका शामिल है। चारों देशों ने 2017 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विरोधियों के आक्रामक रवैये का मुकाबला करने के लिये 'क्वाड' या चार देशों का गठबंधन बनाने के प्रस्ताव को मूर्त रूप दिया था।

प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, राष्ट्रपति बाइडेन की ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के अपने समकक्षों के साथ गर्मजोशी से एवं सकारात्मक बातचीत हुई है और वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ जल्द से जल्द सीधी भागीदारी के लिये इच्छुक हैं। अधिकारी ने बताया कि शपथ ग्रहण करने के 50 दिनों से भी कम समय में अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन, विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन, रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवान सहित प्रशासन के वरिष्ठ सदस्यों ने क्वाड देशों के अपने समकक्षों के साथ बातचीत की है।

स्टैंडअप इंडिया योजना

इक्यासी फीसदी से अधिक महिलाएं हैं खाताधारक

वित्त मंत्रालय ने स्टैंडअप इंडिया योजना जैसी अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रावधान रखा गया है।

इन योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्ति बनाया है, ताकि वे बेहतर जीवन जी सकें और उद्यमी बनने के अपने सपने को साकार कर सकें। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वित्त मंत्रालय की ओर से महिलाओं के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के कुछ आंकड़े दिए गए हैं जो इस प्रकार हैं :-

स्टैंडअप इंडिया स्कीम : इस योजना की शुरुआत 5 अप्रैल, 2016 को की गई थी और इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निचले स्तरों पर आर्थिक सशक्तिकरण और रोज़गार सृजन के लिए उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत 26.02.2021 तक 81 प्रतिशत से अधिक यानी 91,109 खातों में महिला उद्यमियों के लिए 20,749 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी जा चुकी है।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) : इस योजना की शुरुआत 8 अप्रैल, 2015 को गैर-कॉरपोरेट, गैर-कृषि लघु/सूक्ष्मन उद्यमों के लिए 10 लाख रुपये तक की ऋण राशि उपलब्ध कराने के लिए की गई थी। मुद्रा योजना की शुरुआत से लेकर 26.02.2021 तक महिला उद्यमियों के 68 प्रतिशत यानी 19.04 करोड़ खातों में 6.36 लाख करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी जा चुकी है।

प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) : यह योजना 28 अगस्त, 2014 को शुरू की गई थी और इसका उद्देश्य प्रत्येक परिवार को कम से कम एक बैंक खाते की आधारभूत सुविधा, वित्तीय साक्षरता, ऋण तक पहुंच, बीमा एवं पेंशन सुविधा उपलब्ध कराना है।

इस योजना के तहत 24.02.2021 तक कुल 41.93 करोड़ खाते खोले जा चुके हैं जिनमें से 23.21 करोड़ खाते महिलाओं से संबंधित हैं।

नॉर्वे को लेकर

रूस और अमेरिका हुये आमने-सामने

नॉर्वे को रक्षा मसौदे को लेकर रूस और अमेरिका में तनातनी हो गयी है। दोनों ही देश यूरोप पर अपना दबदबा रखना चाहते हैं। दरअसल नॉर्वे ने अपने रक्षा स्रोतों की ताकत बढ़ाने के लिये अमेरिका के रेमस्टीन एयरबेस से एक और बी-1 स्ट्रेटजिक बॉम्बर लिया है। पता चलते ही रूस ने बाल्टिक सागर में अपने जंगी जहाज उतार दिये। ज्ञात रहे कि पिछले सप्ताह ही यूएस एयरफोर्स के बी-1 ग्रिपन लड़ाकू विमानों के साथ युद्धाभ्यास कर रहे थे। इसी के चलते रूस का मिसाइल क्रूजर मार्शल उस्तीनोव कई घातक मिसाइलों के साथ बैरेंट सी में गश्त करने लगा।

- **बैरेंट सी पर बढ़ा तनाव**
- **अमेरिकी बी-1 बॉम्बर के नॉर्वे पहुंचते ही रूस ने मिसाइल क्रूजर मार्शल उस्तीनोव को तैनात किया।**

ब्रिटेन में गिरा उल्कापिंड

ब्रिटेन की द ओपेन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता रिचर्ड ग्रीनवुड ने बताया है कि राजधानी लंदन वर्मिंघन ब्रिसटोल और अन्य इलाकों में पिछले माह 28 फरवरी 2021 को विशाल उल्कापिंड आकाश से गिरते हुये देखा गया। इससे सोलर सिस्टम और पृथ्वी पर जीवन का इतिहास पता चल सकता है। करीब 300 ग्राम का यह उल्कापिंण्ड कार्बनमय कॉन्ड्राइड से बना है। यह पदार्थ सौर व्यवस्था के सबसे प्राचीन और प्रारंभिक पदार्थ से बना है। इसके अंदर ऑर्गेनिक मटीरियल और एमिनो एसिड पाया जाता है, जो जीवन के लिये जरूरी है।

म्यांमार के

अस्पतालों पर सेना का कब्जा

म्यांमार में हुये सैन्य तख्तापलट के बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन तेज हो गये हैं। हड़ताल और प्रदर्शन को नाकाम करने सेना ने अस्पतालों, विश्वविद्यालयों को अपने कब्जे में किया है।

यंगून में दुकानें कारखाने और बैंक पूरी तरह से बंद कर दी हैं। अस्पतालों पर नियंत्रण को लेने के पीछे सेना का उद्देश्य है कि घायल जब इलाज के लिये आयेंगे तो उन्हें हिरासत में लिया जा सके। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ने म्यांमार के साथ रक्षा सहयोग खत्म कर दिया है। ज्ञात रहे कि म्यांमार में हुये तख्तापलट के दौरान ऑस्ट्रेलियाई नागरिक को हिरासत में रखने के विरोध में यह निर्णय लिया गया है।

- **05 अस्पतालों पर सेना ने अपना कब्जा जमा लिया है।**
- **अभी तक हिंसक प्रदर्शन से 54 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।**

सीरिया

बारुदी सुरंग में विस्फोट

सीरिया के केंद्रीय हामा प्रांत में बारुदी सुरंग विस्फोट की घटनाओं में 18 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी सना के अनुसार सलाहमियाह क्षेत्र में दो वाहन बारुदी सुरंग की चपेट में आ गये हैं। क्षेत्र में रहने वाले आतंकवादियों ने ही इस घटना को अंजाम दिया है। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों ही सीरिया में इजरायल के बाद अब रूस के लड़ाकू विमानों ने जमकर तबाही मचाई थी।

गुयाना के मिलिट्री बेस में धमाके

पश्चिम अफ्रीकी देश गुयाना में थात्र शहर में एक मिलिट्री बेस में लगातार एक के बाद एक धमाके हुये। जिसमें तकरीबन 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हो गये हैं।

यमन के

प्रवासी केंद्र में लगी आग

यमन की राजधानी सना के एक प्रवासी निरोग सुविधा केंद्र में आग लगने से कम से कम 8 लोग झुलस कर मर गये और 170 से अधिक झुलसने से घायल हो गये हैं। मध्य एशिया और उत्तर अफ्रीका के लिये प्रवास के लिये अंतर्राष्ट्रीय संगठन (आईओएम) के क्षेत्रीय कार्यालय ने यह जानकारी दी है। यह केंद्र हौती विद्रोहियों द्वारा चलाया जा रहा था। अभी तक इस घटना की जिम्मेदारी किसी ने भी नहीं ली है। माना जा रहा है कि हौती विद्रोहियों का ही इसमें हाथ संभव है।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया

दोनों देशों के बीच खर्च साझा करने बनी सहमति

अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच अमेरिकी सैनिकों पर आने वाले खर्च साझा करने संबंधी समझौते पर करार हुआ है। दक्षिण कोरिया में अमेरिकी बलों की मौजूदगी को लेकर उत्तर कोरिया के आक्रामक रवैये के खतरे से बचने के लिये अहम माना जा रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के राजनीतिक सैन्य मामलों के ब्यूरो में आने वाले खर्च में 'वृद्धि' की गयी है। ब्यूरो ने ट्वीट कर बताया कि 'उत्तर पूर्व एशिया' में शांति, सुरक्षा और खुशहाली के लिये महत्वपूर्ण अमेरिकी दक्षिण कोरियाई संधि गठबंधन की फिर से पुष्टि हुई है। ज्ञात रहे कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के बीच बातचीत का सिलसिला टूट गया था, क्योंकि ट्रंप प्रशासन ने दक्षिण कोरिया से मांग की थी कि वह पहले जितना खर्च वहन करता है, वह उससे पांच गुना अधिक खर्च वहन करें। फिलहाल दक्षिण कोरिया में अमेरिका के करीब 28 हजार सैनिक मौजूद हैं।

नेपाल सरकार और माओवादी विद्रोहियों ने शांति समझौते पर किये हस्ताक्षर

नेपाल के कट्टरपंथी माओवादी समूह के नेता नेत्र विक्रम चंद ने कहा कि उनके प्रतिबंधित संगठन और सरकार के बीच हुये शांति समझौते के लिये वह प्रतिबद्ध हैं। इस समझौते का मकसद विद्रोहियों द्वारा की जाने वाली हिंसा, जबरन वसूली आदि को समाप्त करना है। विद्रोही नेता नेत्र विक्रम चंद को विप्लव नाम से भी जाना जाता है। वह पिछले दो साल में पहली बार सामने आये। इससे पहले सरकार ने उनके समूह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-विप्लव पर लगे प्रतिबंध को हटा लिया, ताकि वह शांति समझौते पर हस्ताक्षर में शामिल हो सकें। चंद ने कहा, मैं हर किसी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार के साथ हुये समझौते का हम पालन करेंगे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

यह दुनिया हमारी सोच से बनी है। इसे बदलना है तो अपनी सोच को बदलना होगा – अल्बर्ट आइंस्टीन

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

स्वास्थ्य विभाग का संकल्प

प्रदेश की प्रत्येक गर्भवती महिला को सम्पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु संकल्पित

समस्त शासकीय चिकित्सालयों में गर्भावस्था के दौरान जांच एवं प्रसव करवाने पर

- जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत समस्त गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं को नि:शुल्क प्रसव, जांच, उपचार, भोजन, रक्ताधान, सोनोग्राफी एवं संस्था पर प्रसव हेतु आने एवं घर वापस जाने के लिये नि:शुल्क परिवहन की व्यवस्था।
- शासकीय संस्थाओं में प्रसव करवाने पर प्रसूता को प्रसूति सहायता योजना का लाभ।
- लक्ष्य दम्पत्तियों को स्वेच्छानुसार परिवार कल्याण साधनों की उपलब्धता।

अधिक जानकारी के लिये ए.एन.एम. कार्यकर्ता या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से सम्पर्क करें

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी

M.P. Madhyam/100287/R-45361/2021

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।